ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 04 जून 2023 • वर्ष-29 • अंक-228 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत ने एयरपोर्ट लुक्स को कहा ... पेज 10 पर



NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने ओडिशा ट्रेन दुर्घटना पर दुख जताया



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ओडिशा ट्रेन दुर्घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा है कि हृदय विदारक घटना से मन आहत है। उन्होंने शनिवार को ट्वीट संदेश में हताहत लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख से उबरने की शक्ति प्रदान करे।

### चाईबासा में यौन शोषण के दोषी को 21 साल कारावास की सजा

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने शनिवार को नाबालिग के साथ यौन शोषण मामले में दोषी सूरज नायक को 21 साल कठोर कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यह मामला टोन्टो थाना कांड संख्या 4.2021 से जुड़ा है। नाबालिग को बहला-फुसलाकर यौन शोषण करने का आरोप सूरज नायक पर लगा था। इस संबंध में नाबालिग के परिजनों ने थाने में 21 जनवरी, 2021 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अनुसंधान के क्रम में सूरज पर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह कर न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया था।

### झारखंड के अधिकारी और डॉक्टर की टीम ओडिशा के लिए रविवार को होगी रवाना

**रांची।** झारखंड सरकार के अधिकारियों और डॉक्टर की एक टीम रविवार सुबह हेलीकॉप्टर से ओडिशा के लिए रवाना होगी। ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में मिली जानकारी के अनुसार झारखण्ड के यात्रियों से मुलाकात कर टीम उन्हें हरसंभव मदद प्रदान करेगी। हादसे में घायल हुए यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए भी जरूरी सभी सहायता प्रदान की जाएगी। इसकी जानकारी शनिवार को झारखंड सरकार ने ट्वीट कर दी।

## पांच आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति रांची अतिरिक्त प्रभार नागरिक सुरक्षा आयुक्त के पद पर पदस्थापित सूरज कुमार के 22 मई से 16 जून तक आयोजित एवं एमसीटी फेज 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के कारण उनके आगमन तक मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी रांची तथा नागरिक सुरक्षा आयुक्त झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने शुक्रवार देर रात को ही अधिसूचना जारी कर दी है।



निदेशक हस्तकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित आकांक्षा रंजन अतिरिक्त प्रभार प्रबंध निदेशक झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड रांची तथा प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट रांची के एमसीटी ट्रेनिंग में जाने की वजह से इनके प्रशिक्षण से वापस लौटने की अवधि तक अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार रांची क्षेत्र को अपने कार्यों के साथ निदेशक हस्तकरघा रेशम हस्तशिल्प झारखंड रांची प्रबंध निदेशक झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड तथा प्रबंध निदेशक झारखंड का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निदेशक नगरीय प्रशासन नगर विकास एवं आवास विभाग के पद पर पदस्थापित आदित्य कुमार आनंद के प्रशिक्षण से वापस लौटने अवधि तक अपर सचिव नगर विकास विभाग मनोहर मरांडी को अपने कार्यों के साथ निदेशक नगरीय प्रशासन नगर विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उपायुक्त गोड्डा के पद पर पदस्थापित जीशान कमर के प्रशिक्षण में जाने की वजह से उनके स्थान पर रवि शंकर शुक्ला उपायुक्त दुमका को अपने कार्यों के साथ उपायुक्त गोड्डा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। निबंधक सहयोग समितियां झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार बरनवाल के प्रशिक्षण में जाने की वजह से उनके वापस लौटने की अवधि तक चंदन कुमार निदेशक कृषि को अपने कार्यों के साथ निबंधक सहयोग समितियां झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## टेंपो से बिहार भेजी जा रही नकली शराब की खेप जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जिले के वशिष्टनगर-जोरी थाना क्षेत्र में अंतरराज्यीय शराब तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए टेंपो में तहखाना बनाकर ड्राई स्टेट बिहार भेजी जा रही अवैध नकली शराब की खेप जब्त करने में सफल रही। डीएसपी मुख्यालय केदार नाथ राम ने बताया कि वशिष्टनगर थाना की स्पेशल टीम ने कटैया इलाके से मुन्ना साव के दरवाजे पर खड़े टेंपो के गुप्त तहखाने से 375 एमएस की चालीस बोतल व 180 एमएल की चालीस बोतल अवैध नकली शराब व तस्करी में प्रयुक्त टेंपो को जब्त किया है। हालांकि पुलिस को देख तस्कर मौके से फरार हो गया। तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। टीम में थाना प्रभारी गुलाम सरवर के के साथ अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# ब्लैक टाइगर ग्रुप के चार नक्सली गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी पुलिस लगातार उग्रवादी संगठनों पर शिकंजा कसने लगी है। इसी क्रम में शनिवार को फिर चार नए उग्रवादी संगठन ब्लैक टाइगर (पीएलएफआई) की उप शाखा के चार नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में अजय धान, चंदन होरो, जतरु हेरेंज और मनी मुंडा शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देशी कारबाईन, 315 बोर का एक राइफल, 12 बोर का एक देशी बंदूक,10 जिंदा कारतूस, 3 मोबाइल और पीएलएफआई का 10 पर्चा बरामद हुआ है। नक्सली संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद खूंटी में पीएलएफआई संगठन की आड़ में ब्लैक टाइगर ग्रुप की एक्टिविटी बढ़ गई थी। कर्रा, जरियागड़ और तोरपा इलाके में पीएलएफआई के बैनर तले ब्लैक टाइगर व्यवसायियों से लेवी की मांग शुरू कर दिया था और लगातार क्षेत्र में पंपलेट छोड़ संगठन विस्तार में लगे थे।



तोरपा डीएसपी ओम प्रकाश तिवारी ने एसपी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पीएलएफआई के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और बड़ी संख्या में नक्सली गिरफ्तार किए जा रहे है साथ ही हथियार और कारतूस भी बरामद किए जा रहे है। इसी बीच एसपी अमन कुमार को सूचना मिली कि पीएलएफआई संगठन के बैनर तले ब्लैक टाइगर ग्रुप ;पूर्व में आपराधिक संगठन क्षेत्र के व्यवसायियों को पर्चा छोड़ रंगदारी की मांग कर रहा है साथ ही क्षेत्र में संगठन विस्तार में लगा हुआ है। सूचना पर डीएसपी ओपी तिवारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया लेकिन ब्लैक टाइगर का मास्टरमाइंड पुलिस गिरफ्त से दूर है। डीएसपी ने बताया कि दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद से पूर्व के आपराधिक गिरोह जो पूर्व में पीएलएफआई के खौफ से बिखर गया था लेकिन क्षेत्र में पीएलएफआई संगठन के बैनर तले ब्लैक टाइगर का उप शाखा बना कर क्षेत्र में एक गिरोह बनाने में जुटा था। क्षेत्र में हथियार लेकर व्यवसायियों से लेवी मांगना शुरू कर दिया था। कई व्यवसायियों को चंदा रसीद देकर रंगदारी मांगना शुरू कर दिया था यह पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया था। डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंहए कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, संजीव कुमार और संदीप कुमार ने मनी मुंडा को गिरफ्तार किया उसके बाद निशानदेही पर अजय धान, चंदन होरो, जतरु हेरेंज को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

## जैक ने जारी किया आठवीं का रिजल्ट, 94.94 फीसदी बच्चे हुए पास

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शनिवार को आठवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परिणाम में भी कोडरमा जिला आगे रहा है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 562564 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें 543164 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए। 515688 बच्चे परीक्षा पास हुए हैं जबकि 26298 स्टूडेंट्स फेल भी हुए हैं। आठवीं की परीक्षा का परिणाम 94.94 फीसदी रहा है।

**कोडरमा जिले का रिजल्ट सबसे बेहतर :** आठवीं के परिणाम में कोडरमा जिला बेहतर रहा है। शीर्ष पांच जिले की बात करें तो इसमें कोडरमा के बाद हजारीबाग, गोड्डा, चतरा और पलामू के नाम शामिल हैं। कोडरमा से 15510 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराए थे, जिसमें 15186 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 14920 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 98.25 रहा। इसी तरह हजारीबाग की बात करें तो जिले से 29822 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 29342 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 287005 बच्चे परीक्षा पास किया। जिले का पासिंग परसेंटेज 97.83 रहा। गोड्डा से 24687 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराए। 23632 परीक्षा में बैठे। 23104 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 97.77 है। चौथे नंबर पर चतरा जिला है। जहां से 22480 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराया है। 21679 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 21077 बच्चे परीक्षा पास की है। जिले का पासिंग परसेंटेज 97.22 रहा। पांचवें नंबर पलामू जिला से 38860 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराए। 3784 परीक्षा में शामिल हुए। 3632 बच्चे परीक्षा पास किए। जिले का पासिंग परसेंटेज 96.95 रहा।

**गुमला जिला रहा सबसे पीछे :** इस परिणाम में गुमला जिला सबसे पीछे है। यहां से 18945 स्टूडेंट परीक्षा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराए थे, जिसमें 18450 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 16357 बच्चे परीक्षा पास किया। जिले का पासिंग परसेंटेज 88.66 है। दूसरे नंबर पर लोहरदगा जिला है। यहां से 9450 बच्चे परीक्षा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। 9227 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 8330 बच्चे परीक्षा पास किया। 90.28 प्रतिशत जिले का रिजल्ट रहा। पाकुड़ से 14186 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराया। 13177 बच्चे शामिल हुए। 11920 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 90.46 है। चौथे नंबर पर लातेहार जिला है। यहां से 14845 बच्चे रजिस्ट्रेशन कराया। 14255 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए 12957 बच्चों ने परीक्षा पास की। जिले का पासिंग परसेंटेज 90.89 है। पांचवें नंबर पर खूंटी जिला है। यहां से 8560 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया। 8305 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। 7640 बच्चे परीक्षा पास किया। पासिंग परसेंटेज 91.99 प्रतिशत रिजल्ट रहा।

## खूंटी के कुलहुटू जंगल में एचईसी कर्मी की गोली मारकर हत्या



नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोधमा-रांची मुख्य पथ पर कुल्हुटू जंगल के पास शनिवार सुबह बदमाशों ने कुल्हुटू निवासी एचइसी कर्मी रंजीत नगडुवार (47) की गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार एचइसी में वर्ष 2006 से टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत रंजीत नगडुवार कुल्हुटू स्थित घर से शनिवार सुबह लगभग 7.30 बजे स्कूटी से ड्यूटी जा रहे थे। इस बीच कुल्हुटू जंगल के पास अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोलियों से भून डाला। फिलहाल, हत्याकांड के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

कुछ लोगों का कहना है कि रंजीत ने कुछ दिनों पूर्व रिंग रोड में एक जमीन खरीदी है। खरीदी गई जमीन को लेकर कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा था। पुलिस इन सभी बिंदुओं पर पड़ताल कर हत्या के कारणों और आरोपि का पता लगा रही है।

## ओडिशा ट्रेन हादसा: दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के बालासोर का दौरा किया। जहां एक दिन पहले हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना में अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 900 से अधिक घायल हैं। उन्होंने मौके पर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से बात की। दिल्ली से ओडिशा के लिए रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री ने शुक्रवार शाम बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन पर हुए दर्दनाक ट्रेन हादसे के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

सरकारी अधिकारियों के अनुसार, मोदी ने दुर्घटनास्थल पर चल रहे राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों, आपदा राहत बलों के कर्मियों और रेलवे अधिकारियों के साथ भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने भीषण त्रासदी के दर्द को कम करने के लिए संपूर्ण सरकार के रुख पर जोर दिया। मोदी ने घटनास्थल से कैबिनेट सचिव तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से भी बात की और उन्हें यह सुनिश्चित करने को कहा कि घायलों और उनके परिवारों को हर तरह की मदद मुहैया कराई जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना के लिए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कल शाम को एक भयंकर हादसा हुआ, असहनीय वेदना मैं अनुभव कर रहा हूं। इस यात्रा में अनेक राज्यों के नागरिकों ने कुछ न कुछ गंवाया है। कई लोगों ने अपना जीवन खोया है। यह बहुत दर्दनाकए मन को विचलित करने वाला है। जिन परिवारजनों को क्षति हुई हैए सरकार उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी कोई कोर.कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि जो परिजन हमने खोये हैं, वो तो वापस



नहीं लौट पाएंगे। लेकिन सरकार उनके परिजनों के दुख में उनके साथ है। सरकार के लिए यह घटना अत्यंत गंभीर है। हर प्रकार की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जो भी दोषी पाया जाएगा उसको सख्त से सख्त सजा होगी, उसे बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं ओडिशा सरकार और यहां के प्रशासन के सभी अधिकारियों का, जिन्होंने इस तरह की परिस्थिति में, उनके पास जो भी संसाधन थे, लोगों की मदद करने का प्रयास किया। मैं यहां के नागरिकों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं इस दुख की घड़ी में घटनास्थल पर जाकर देखकर आया हूं। अस्पताल में जो घायल नागिरक थेए उनसे मैंने बात की है। मेरे पास इस वेदना को प्रकट करने के लिए शब्द नहीं हैए लेकिन परमात्मा हम सबको शक्ति दे कि जल्द से जल्द हम इस दुख की घड़ी से निकलें। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने, जो सुबह ही बालासोर पहुंच गए थे, प्रधानमंत्री को दुर्घटना के बारे में और बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी दुर्घटनास्थल पर मौजूद थे। वहां से प्रधानमंत्री बालासोर अस्पताल गए जहां उन्होंने ट्रेन हादसे में बचे कुछ लोगों से बात की और डॉक्टरों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री का पहले शनिवार को गोवा से पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम था, लेकिन ओडिशा में हुए दर्दनाक हादसे के मद्देनजर कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

दुर्घटना के लगभग 16 घंटे बादए जिसमें दो एक्सप्रेस ट्रेनें . कोरोमंडल एक्सप्रेस और एसएमवीपी- हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थी। रेलवे द्वारा शनिवार दोपहर को बचाव अभियान पूरा करने की घोषणा की गई। जिसके बाद रेल मार्ग पर यातायात बहाली का काम शुरू हुआ। शुक्रवार की दुर्घटना ने 1995 में यूपी के फिरोजाबाद में हुए एक और घातक हादसे की भयावह यादें ताजा कर दीं, जिसमें 358 लोगों की मौत हुई थी। इसी तरह की एक दुर्घटना में 2 अगस्त 1999 को ब्रह्मपुत्र मेल असम में गैसल के पास अवध-असम एक्सप्रेस से टकरा गई थी, जिसमें लगभग 290 लोगों की जान चली गई थी।


**सरोकार**

### बाजार में कम हो रहा बीजू आम का दबदबा, घट रहा उत्पादन

# पर्यावरण का असर, उत्पादन में आयी कमी

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** आज भले ही खूंटी, गुमला, लोहरदगा सहित लगभग पूरे झारखंड में मालदा, आम्रपाली, गुलाबखस, लंगड़ा सहित आम की लगभग तमाम वैरायटी मौजूद हैं। पर 10-12 साल पहले इस क्षेत्र के लोग आम के नाम पर सिर्फ बीजू आम को ही जानते थे। पूरे आम बाजार में बीजू आम का शेयर 70 फीसदी से अधिक हुआ करता था। पूरे क्षेत्रीय बाजार में आम का दबदबा हुआ करता था। यहां के बीजू आम का स्वाद बिहार, बंगाल, ओडिशा से लेकर नेपाल तक के लोग लेते थे। मालदा, लंगड़ा जैसे आम सिर्फ बड़े शहरों में मिलते थे। झारखंड खासकर गुमला, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू सहित कई अन्य क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए बीजू आम आय का अतिरिक्त साधन भी है। आमतौर पर गांव के बीजू आम के बगीचों में पूरे गांव वालों का अधिकार होता है। इसलिए पेड़ों पर फले आम का लाभ पूरे गांव के लोग उठाते हैं।



अभी आम पकने लगे हैं और गांववाले बगीचों से आम चुनकर बाजार में बेचकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन पर्यावरण असंतुलन, आम पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण बीजू आम का उत्पादन घटता जा रहा है। झारखंड में बीजू आम के उत्पादन में कमी के संबंध में आत्मा के उप परियोजना निदेशक अमरेश कुमार कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में काफी फेरबदल हुआ है। इसके कारण अब बसंत ऋतु में सभी आम पेड़ों पर मंजर नहीं आ पाते। इसके अलावा अनावृष्टिए ओलावृष्टि और तेज हवा के कारण आम के मंजर और टिकोरे बर्बाद हो जाते हैं। इसके अलावा समय पर बारिश नहीं होने से मधुवा सहित कई तरह के रोगों का प्रकोप आम के मंजर बढ़ जाता है। अमरेश कुमार ने कहा कि एक बड़े बीजू आम के पेड़ पर आठ से दस क्विंटल फल का उत्पादन होता है। लेकिन पर्यावरण प्रदूषण के कारण अब उत्पादन घटकर लगभग तीन से चार क्विंटल हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि आम की प्रोसेसिंग की जाए, तो इससे ग्रामीणों को लाभ हो सकता है। उन्होंने कहा कि बीजू आम से अचारए अमचूरए अमावट सहित कई तरह के उत्पाद बनाये जा सकते हैं। इससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ तो होगा हीए आम बर्बाद भी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कई महिला स्वयं सहायता समूह इस दिशा में सकारात्मक पहल भी कर रहे हैं।

**कोरोना काल में हुआ था बंपर उत्पादन**

कोरोना काल के दौरान वाहनों का परिचालन नहीं होनेए पर्यावरण संतुलन में सुधार के कारण बीजू आम का बंफर उत्पादन हुआ था। बेहतर पर्यावरण और समयानुकूल वर्षा के कारण 2019-20 में इस क्षेत्र में बीजू आम का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ था। सिर्फ खूंटी जिले में दस हजार टन से अधिक बीजू आम का उत्पादन हुआ थाए लेकिन बाजार नहीं मिलने के कारण लगभग पूरी फसल बर्बाद हो गयी थी।

### लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने की तैयारी शुरू : देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में लव जिहाद के खिलाफ राज्य सरकार लव कानून बनाने पर विचार कर रही है। इस मुद्दे पर राज्य सरकार अन्य राज्यों में लव जिहाद के विरुद्ध बने कानूनों का अध्ययन कर रही है। फडणवीस ने पुणे में पत्रकारों को बताया कि राज्य में महिलाओं के गायब होने की बहुत सी शिकायतें आ रही है। लापता महिलाओं की शिकायतों के प्रति हम बेहद संवेदनशील हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो गुमशुदा महिलाओं के मामले में बरगलाकर दूसरे धर्म की महिलाओं के साथ शादी करने वाली महिलाओं की संख्या अधिक है। फडणवीस ने कहा कि दूसरे धर्म के व्यक्ति से शादी करने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए लेकिन शादी शुदा व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर दूसरे धर्म की महिलाओं से शादी कर रहे हैं और बाद में महिला की जिंदगी नरक से भी बदतर हो जाती है।

## आरओबी पर बड़ा हादसा 30 फिट नीचे गिरी कार

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया में रांची पटना रोड स्थित तिलैया ओवरब्रिज पर शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में लोगों की जान बच गई। घटना में एक कार ओवरब्रिज से 30 फिट नीचे आ गिरी और कार सवार दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी जमुना प्रसाद तिलैया कार से रेलवे ओवरब्रिज पार रहे थे। इसी दौरान ब्रिज पर एक बड़े वाहन ने उनकी कार को चकमा दे दिया। जमुना प्रसाद कार सहित ब्रिज के नीचे गिर गिर गए। इधर ब्रिज से गुजर रहे लोगों ने तुरंत इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आनन फानन में कार चला रहे जमुना प्रसाद और उनकी पत्नी को घायल अवस्था में पास के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। उल्लेखनीय है कि तिलैया रेलवे ओवर ब्रिज पर फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में निर्माण एजेंसी द्वारा ब्रिज पर बेरिकेडिंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण यह तीसरा हादसा हुआ है।



NEWS इन ब्रीफ

## शतचंडी यज्ञ के पांचवे दिन राम कथा वाचन

**मोहम्मदगंज।** जन्म के बाद मानव का शरीर मिल जाता है,पर मानवता विद्वानो के सान्निध्य में शास्त्र का उपदेश सुनकर उसका अनुकरण करने से प्राप्त होती है। मानव जीवन प्राप्त करने के बाद मानव जीवन की शैली जानना जरूरी है। उक्त बातें प्रखंड के भजनिया गांव स्थित ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा सह स्क्री शतचंडी यज्ञ के पांचवे दिन राम कथा के दौरान रामचरित मानस कथा वाचक मानस मर्मज्ञ आचार्यश्री रामकिंकर जी महाराज ने श्रीराम केवट संवाद का प्रसंग के दौरान कहे।भगवान श्रीराम और केवट का प्रसंग सुनकर नर नारी श्रद्धालु भक्त भावविभोर हो गए। राम कथा आचार्य रामकिंकर जी ने रामकथा में केवट सवांद को सुनाते कहा कि श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास मिला। सुमंत के साथ भगवान गंगा जी के तट पर पहुंचे। केवट से भगवान ने नाव मांगी, लेकिन वह नहीं लाता है। वह कहता है मैंने तुम्हारा मर्म जान लिया।

# सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण पर नावाबाजार सीओ ने लगाई रोक

### दोनों पक्षों को 13 जून अंचल कार्यालय में कागजात के साथ पहुंचकर अपना-अपना पक्ष रखने की बात कही है

नवीन मेल संवाददाता




**नावा बजार।** पलामू जिला के नवा बाजार थाना क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोग के द्वारा नावाबाजार अंचलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव को आवेदन देकर की गई है। वहीं अंचलाधिकारी ने प्राप्त आवेदन को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कराये जा रहे भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। साथ हीं दोनों पक्षों को 13 जून को अंचल कार्यालय में कागजात के साथ पहुंचकर अपना-अपना पक्ष रखने का बात कही है। वहीं अंचलाधिकारी ने नावा बाजार थाना को भी अवैध तरीके से कराए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इटको पंचायत के ग्रामीणों का आरोप है कि लोग सरकारी जमीन का अवैध तरीके से अपने नाम एग्रीमेंट करा ग्रामीणों के बीच जमीन बेचने का काम कर रहे हैं। जमीन का रकबा 1 एकड़ 34 डिसमिल है। नावा बाजार अंचल क्षेत्र के ईटको गांव के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पलामू उपायुक्त के जनता दरबार में भी की है। जहां से अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। बावजूद निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। उपायुक्त से शिकायत करने वालों में जगदीश सिंह, लक्ष्मण प्रजापति, नितिन कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# रंगदारी के लिए जेसीबी मशीन जलायी

नवीन मेल संवाददाता




**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के ठेमा गांव में अपराधियों ने शुक्रवार की रात में जेसीबी मशीन जेएच 19 ए 51 74 को जला दिया। जेसीबी मशीन मनिका के अशोक प्रसाद का बतायी जा रही है। अशोक प्रसाद ने सतबरवा थाना को आवेदन देते हुए बताया है कि जेसीबी मशीन काम करके चालक के घर ठेमा में अखिलेश सिंह के आवास के बाहर हमेशा की तरह लगाया जाता है। शुक्रवार को भी काम करके चालक गाड़ी को अपने आवास के बाहर खड़ा कर रखा था। शुक्रवार की रात्रि करीब 12 बजे अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। गाड़ी जब धू-धू कर जलने लगी तब इसकी जानकारी लगी। गांव वालों ने इसे बुझाने का बहुत प्रयास किया पर तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। एफ आई आर की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा कि आवेदन मिला है। आवेदन के अनुसार शुक्रवार को ही अज्ञात लोग आकर रंगदारी मांग रहे थे। और रात 12:00 बजे जेसीबी जेएच 19 ए 51 74 को आग लगाकर जला दिया। और उन्होंने कहा कि छानबीन लगातार की जा रही है जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अनुमंडल मैदान का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण अतिशीघ्र पूरा कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय स्थित कपूर्री मैदान का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण एक करोड़ की लागत से किया जा रहा है। बरसात शुरू हो जाने के बाद मैदान क्यारी में तब्दील हो जायेगा। वर्तमान में संवेदक ने पूरे मैदान में मिट्टी डाल रखा है। जिससे मैदान का अस्तित्व ही समाप्त होता दिखने लगा है। आम लोगों के साथ साथ खिलाड़ियों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने इस संबंध में नगर पंचायत हुसैनाबाद के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी प्रवेज आलम से बात कर कहा है कि बरसात शुरू होने के पहले कपूर्री मैदान का काम पूरा कराएं। अन्यथा 15 जून तक मिट्टी का कार्य पूरा नहीं किया गया तो वह नगर विकास सचिव से मिलकर संवेदक को काली सूची में डालने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि कपूर्री मैदान एक मात्र मैदान है, जिसमें राजनीतिक ,सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल गीतिविधियां आयोजित होती हैं। मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य में मिट्टी भराई कार्य के नाम पर दो माह से मिट्टी गिराकर छोड़ दिया गया है।

## बेल विगहा कब्रिस्तान की घेराबंदी का विधायक प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास

हुसैनाबाद। कमलेश कुमार सिंह के विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने शनिवार को बेल बिगहा कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात से ऊपर विकास की राजनीति करती है। जिन्हे जात पात की राजनीति करना है वह करें। विकास की राजनीति से ही क्षेत्र के लोग खुशहाल होंगे ,उन्हे सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है।

# पत्रकार परमानंद के न रहने पर शोक संवेदना

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल हुसैनाबाद शहर के कुमीटोला निवासी वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी 48 वर्ष का शनिवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने वर्ष 2005 से राष्टीय नवीन मेल अखबार से अपने पत्रकारिता जीवन की शुरूआत की और फिर कई बड़े बैनर अखबारों मे अपनी सेवाएं दी। पत्रकार होने के साथ साथ उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़कर लोगों के दुःख दर्द मे अपनी महत्वपूर्ण सकरात्मक भूमिका निभाई।उनके निधन की खबर सुनकर उनके आवास पर लोगों का संवेदना जताने का तांता लगा रहा। वह ब्रेन हेमरेज के कारण पिछले सात माह से इलाजरत थे,उनका अंतिम संस्कार शहर के हरही नदी स्थित कुंड मुक्ति शामशान घाट पर किया गया। मुख्यग्नि दस वर्षीय पुत्र करण चौधरी दी। इनके निधन जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, एनसीपी नेता चंदन सिंह, राज अली, पूर्व वार्ड पार्षद, नजीर अहमद, राजकुमार कश्यप,अनुज चौधरी, नेहाल अहमद, चंदन गुप्ता, नीलम सिंह, केदार सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह,कर्नल संजय सिंह, अजय गुप्ता, उदय विश्वकर्मा, समेत कई लोग ने शोक व्यक्त किया है, वहीं हुसैनाबाद प्रगतिशील पत्रकार मंच के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर भगवान से उनके आत्मा की शांति के लिए पृथना की, मौके पर नौशाद अहमद,शंभु चौरसिया, संजय ओझा, जफर हुसैन, सुरेंद्र प्रसाद, सतेंद्र चंदेल, कमलेश विश्वकर्मा, हिमांशु तिवारी, विकाश कुमार, अखिलेश पासवान, गौतम पटेल, जितेंद्र रावत, कुंदन चौरसिया, राकेश सिंह, लक्ष्मी सिंह समेत कई पत्रकार शामिल थे। **वहीं हरिहरगंज** में भी हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी के लम्बी बीमारी के बाद असामयिक निधन पर स्थानीय पत्रकारों ने गहरा शोक जताया है। हरिहरगंज व पीपरा क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने अपने सामुहिक शोक संदेश में कहा है कि पत्रकार परमानंद चौधरी के असामयिक निधन से हम सभी काफी मर्माहत हैं। वे मृदुभाषी स्वभाव के सामाजिक व्यक्ति थे। जिस वजह से आम लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ थी। सभी ने दिवंगत पत्रकार के आत्मा की शांति और दुख की इस घड़ी में परिवारों की धैर्य के लिए ईश्वर से कामना की। शोक जताने वालों में पत्रकार कृष्णा प्रसाद गुप्ता, प्रदीप मेहता, कविलास मंडल, अखिलेश पासवान, राजेश गुप्ता, राजीव रंजन मिश्र, प्रसिद्ध कुमार, गौतम कुमार सहित सभी पत्रकारों का नाम शामिल है।

## सहायक नगर आयुक्त के खिलाफ पीआईएल दायर करेंगे बसपा नेता

**विश्रामपुर।** आरटीआई कार्यकर्ता सह युवा बसपा नेता राहुल दुबे ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद में बुनियादी समस्याओं का अंबार लगा है ।जिससे आम जन त्रस्त है ।वहीं नगर परिषद कार्यालय पिछले तीन वर्षों से समस्याओं का समाधान निकालने के बजाए योजनाओं में कमीशन तय करने में जुटा रहा ।इस कमीशन खोरी का अभी मात्र दो प्यादे ही एसीबी के हत्थे चढ़े है। कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार के जनक पर अभी कार्रवाई बाकी है ।श्री दुबे शनिवार को रेहला के शिवाक्षा रेस्त्रा में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे ।उन्होंने विश्रामपुर नगर परिषद में हुए कई अनियमितताओं का दस्तावेज दिखाते हुए सीधे सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज पर कई गंभीर आरोप लगाया ।कहा कि भ्रष्टाचार के जनक तो मो.प्रवेज ही हैं ।इन्ही के संरक्षण में कमीशन खोरी फला फूला है ।नप का प्रधान सहायक अनिल कुमार और चालक जितेंद्र बहेलिया जिसे रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है ।वह दोनो इन्ही के नाम पर रिश्वत ले रहे थे ।इसलिए एसीबी के एफआईआर में इनका भी नाम जुड़ना चाहिए ।राहुल दुबे ने कहा कि नप कार्यालय से कई बिंदुओं पर आरटीआई से जानकारी मांगी थी ।नप कार्यालय ने गलत जानकारी दी ।चापानल के बारे में बताया गया कि 611 चापानल नगर परिषद द्वारा गड़वाया गया है ।लेकिन जब हमारी टीम ने स्थलीय जायजा लिया तो मालूम चला की नप द्वारा महज 300 चापानल ही गड़वाया गया है। इसी तरह सामुदायिक शौचालय के बारे में भी गलत जानकारी दी गई ।नप का एक भी सामुदायिक शौचालय पूर्ण रूप से उपयोग में नहीं है।


## जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय लातेहार

झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अंतर्गत दिनांक 04.06.2023 को दिन–रविवार को 11:00 बजे पूर्वाहन से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन लातेहार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यशाला मे सक्षम झारखण्ड के टीएसपी तथा विभिन्न विभाग अपना स्टॉल लगायेंगे साथ ही जिले में चल रहे कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण के बारे विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उक्त कार्यशला में 18 से 35 वर्ष के युवक/युवतियाँ भाग लें एवं उसका लाभ उठायें।

जिला कौशल विकास पदाधिकारी
लातेहार

PR 299155 Labour Employment and Traning(23-24).D



## OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA
(Email id-districtboardchatra@gmail.com)

**Corrigendum**

Invitation having E-quotation No. 02/23-24, (PR No. 298368 District (23-24)_D) clause no. (1)-3 "Earnest Money" to be read as follows-

| Name of work | Clause no | As per published Invitation of Bid | Corrigendum to be read as follow |
|---|---|---|---|
| Furniture supply and installation on the office of executive chamber, conference room, office member office etc. | Clause No. 1 (3) Earnest Money Deposit (EMD) | 800000.00 (eight lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. | 600000.00 (Six lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. |
| Electric item supply and installation in the office of executive chamber, conference room office member office etc. | Clause No. 1 (3) Earnest Money Deposit (EMD) | 800000.00 (eight lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. | 200000.00 (Two lakh only) pledge to DDC CUM CEO DITRICT BOARD CHATRA. |

The remaining conditions will remain the same.

DDC CUM CEO
DISTRICT BOARD CHATRA

PR 299116 District (23-24)_D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (विकास शाखा)

E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com

Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

**Intrest Of expression**
**(इच्छा की अभिव्यक्ति)**

श्री समीर उराँव, माननीय सांसद (राज्य सभा) के द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना **(MPLAD's)** अन्तर्गत उपलब्ध निधि से श्री लालदेव भगत, ग्राम सीसी कतरी, थाना गुमला, प्रखण्ड गुमला जिला गुमला को कृत्रिम हाथ (एक हाथ) एवं एक कृत्रिम आँख लगाने हेतु राशि की अनुशंसा की गई है।

इच्छुक फर्म/विक्रेता दिनांक **10.06.2023** के पूर्वाहन **11.00** बजे तक **जिला विकास शाखा, गुमला (विकास भवन)** में निम्नांकित शर्तों के अधीन अपनी निविदा बन्द लिफाफे में जमा कर सकते है :–

शर्ते

1. निविदादाता संबंधित लाभुक को कृत्रिम पैर लगाने हेतु अपना दर सभी कर सहित निविदा में उल्लेख करेगे।
2. निविदादाता निविदा के साथ कृत्रिम अंग लगाने एवं तैयार करने हेतु सरकार से प्राप्त प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगे।
3. निविदा के साथ निविदादाता इस क्षेत्र में यदि कोई कार्य अनुभव हो तो उसकी प्रति संलग्न करेगे।
4. निविदादाता को ISO प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
5. निविदादाताओ द्वारा आयकर एवं वाणिज्य कर कटौती से संबंधित अद्यतन प्रमाण–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
6. निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरांत लाभुक को कृत्रिम अंग लगाते हुए उन्हें अपने व्यय पर प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधा उपलब्ध करायेगे।
7. अंग लगाने के पश्चात् इसकी जाँच सिविल सर्जन, गुमला के द्वारा गठित मेडिकल दल से करवाना अनिवार्य होगा तथा लाभुक के संतुश्टि के उपरांत ही विपत्र का भुगतान किया जायेगा।

प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, गुमला।
उप विकास आयुक्त, गुमला।

PR.NO.299103 Rural Development(23-24):D



## झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई-अतिअल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 04/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 03.06.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/01/ 2023-24 | पी॰डब्ल्यू॰डी॰ पथ पाण्डेय मोड़ से उतराठी तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–4.00 कि॰मी॰)। | 3,15,95,200.00 | तीन करोड़ पन्द्रह लाख पन्चानबे हजार दो सौ मात्र | 09 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/02/ 2023-24 | पंचायत कर्मा पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰ रोड बालाजी चौक से पिपरा पुल तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–3.075 कि॰मी॰)। | 2,96,02,100.00 | दो करोड़ छियानबे लाख दो हजार एक सौ मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.06.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा अथवा (ख) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग अथवा (ग) मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं संमय :– 15.06.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम् से भी कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वतीय तल, विकास भवन, चतरा, पिन कोड 825401 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम् से भेजा जानेवाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (15.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.06.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
7. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा, पिन कोड 825401
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 8789430732, 6201014532
9. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 299143 Rural Work Department (23-24)_D



## ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, रॉची

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/15/2023-24 दिनांक– 02/06/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नवनिर्मित झारखण्ड विभाग सभा के उतरी गेट एवं बिरसा मुण्डा के प्रतिमा के आगे डेकोरेटिव पाथवे पोस्ट टॉप लैम्प के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,78,34,789=00 | 10,000=00 | 3,57,000=00 | 90 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.06.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 16.06.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 22.06.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 23.06.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता–सह–मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग झारखण्ड, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 299066 Energy (23-24)_D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

**इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 10/2023–24**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित गाँधी उद्यान का रख–रखाव एवं संचालन हेतु 3 (तीन) सुरक्षा कर्मी (रात्रि प्राहरी सहित), 2 (दो) माली, 1 (एक) इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है। इच्छुक निबंधित संस्था/ एजेन्सी/ संवेदक दिनांक 10.06.2023 को समय 1:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में दर/कोटेशन जमा कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा शूल्क मो0 5,000/- रू0 (Non-Refundable) एवं सुरक्षित जमा राशि मो0– 50,000/- रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। कोटेशन दिनांक 10.06.2023 को समय 2:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशनदाता/प्राधिकृत व्यक्ति कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

नोटः–निविदा संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट पर एवं Website http//:udhd.jharkhand.gov.in के नोटिस पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.299138 District(23-24):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत**
**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्या – 03/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 03.06.2023

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रमना | RWD/ GARHWA/ 10/2023-24 | ग्राम कर्णपुरा मुख्य पथ से झुरहा बियार टोला तक नाली सहित पीसीसी पथ निर्माण। (0.900 कि0मी0) | 54.940 | चौवन लाख चौरानबे रूपये। | 10000 | 110000 | तीन महीना |
| 2 | नगर | RWD/ GARHWA/ 11/2023-24 | ग्राम कोलझिंकी में दशरथ प्रजापति के घर से उप स्वास्थ्य केन्द्र होते हुए हरिहर चन्द्रवंशी के सिरिश पेंड़ तक नाली सहित पीसीसी पथ निर्माण। (0.500 कि0मी0) | 39.915 | उन्चालीस लाख एकानबे हजार पाँच सौ रूपये। | 5000 | 80000 | तीन महीना |
| 3 | केतार | RWD/ GARHWA/ 12/2023-24 | ग्राम परसोडीह में ब्रम्हस्थान से लेकर पंडा नदी पुल तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.600 कि0मी0) | 58.343 | अन्ठावन लाख चौतीस हजार तीन सौ रूपये। | 10000 | 117000 | तीन महीना |
| 4 | केतार | RWD/ GARHWA/ 13/2023-24 | ग्राम सिंहपुर में कोल रोड से बुधन पासवान के घर होते हुए (हरिहर टोला) पंडा नदी तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.680 कि0मी0) | 59.938 | उन्सठ लाख तिरानबे हजार आठ सौ रूपये। | 10000 | 120000 | तीन महीना |
| 5 | काण्डी | RWD/ GARHWA/ 14/2023-24 | ग्राम भंडरिया मुख्य पथ से भीम बराज तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.680 कि0मी0) | 61.157 | एकसठ लाख पन्द्रह हजार सात सौ रूपये। | 10000 | 123000 | तीन महीना |
| 6 | नगर उँटारी | RWD/ GARHWA/ 15/2023-24 | प्रखण्ड नगर उँटारी के ग्राम शिवपुर से होते हुए बमनी तक नाली सहित पीसीसी पथ निर्माण। | 63.120 | तिरसठ लाख बारह हजार रूपये। | 10000 | 127000 | तीन महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 26.06.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.06.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0 (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 299153 Rural Work Department(23-24).D

## NEWS इन ब्रीफ

### कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व झालसा प्रशिक्षण का आयोजन

**मेदिनीनगर।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व झालसा के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय विलेज लेवल चाइल्ड प्रोटक्शन कमिटी के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के सभी जिले के डालसा में प्रशिक्षण दिलाया गया। उपायुक्त पलामू के तरफ से जिले के चार महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया था। महिलाओं को चाइल्ड प्रोटेक्शन के बारे में जानकारी दी गई ।साथ ही कई पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर मन के मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन चैनपुर के कुदागा गांव में किया गया।इस मौके पर पी एल भी माया कुमारी ने महिलाओं के बीच मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी।उन्होंने कहा कि शीघ्र मामले निपटाने के लिए मध्यस्थता का सहारा लें। मध्यस्थता से दोनों पक्षकारों में वैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए मिट जाता है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से 29 मई से 14 जून तक विभिन्न प्रखंडों में मन का मिलन पखवाड़ा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से मुकदमा समाप्त कराने के बारे में जानकारी दी । उन्होंने मन का मिलन पखवाड़ा के तहत लोगों को मध्यस्थता कैसे करें ।मध्यस्थता क्यों आवश्यक है के बारे में जानकारी दी। कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक मामले निपटारा करे।इससे मुकदमे का बोझ कम होगा।साथ जी समाज मे सद्भावना बढेगी। मौके पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

### मुखिया अनुज त्रिपाठी ने उड़ीसा रेल दुर्घटना की निंदा की

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडी पंचायत के मुखिया शह अधिवक्ता अनुज कुमार त्रिपाठी ने उड़ीसा बालासोर में शुक्रवार की शाम हुए रेल दुर्घटना की निंदा किया है। मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग किया है। उन्होंने बताया कि ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम करीब 6:51 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। जहा बहनागा स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस (12841) और मालगाड़ी आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी। ट्रेन के कई डिब्बे मालगाड़ी पर चढ़ गए। जिसमें सैकड़ों लोगों की मौत हो गई जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने भारत सरकार से सभी घायलों को समुचित इलाज कराने मृत व्यक्ति और घायल के परिवार को मुआवजा देने की मांग किया है।

# कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने उड़ीसा रेल दुर्घटना की निंदा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह एवं जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने उड़ीसा रेल दुर्घटना में घायल 900 से अधिक लोग एवं 238 से अधिक मृतकों के प्रति गहरी शोक व्यक्त किया है। जबकि सरकारी आंकड़ा मृतक का कम दिखा रहा है, लेकिन मरने वालों की संख्या अधिक है। यह रेल दुर्घटना बहुत ही बड़ा हादसा है। जिस प्रकार से तीन ट्रेनों का भिड़ंत आमने सामने हो गयी। पटरी को अच्छी तरह से बिना बैठाए रेल चला देना देश के आम नागरिकों के साथ आत्मघाती है वह निश्चित रूप से रेलवे की लापरवाही का मामला प्रतीत होता है।

### महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पहुंचे विधायक

**सतबरवा।** रामघाट में चल रहे पांच दिवसीय महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शुक्रवार को मेदिनीनगर विधायक आलोक कुमार चौरसिया शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किये। श्री महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ कमेटी की अध्यक्ष निर्दोष कुमार की काफी सराहना करते हुए कहे कि इस तरह का यज्ञ कराना हर किसी के बस की चीज नहीं है।

# महिला से रुपये उड़ाने वाले की तस्वीर आयी सामने, सहयोग की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सतबरवा प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक की सतबरवा शाखा में बुधवार को महिला चांद देवी से 84 हजार रुपये उड़ाने वाले संदिग्ध अपराधियों की तस्वीर शुक्रवार को सामने आयी है। सतबरवा थाने के एसआई कुणाल किशोर मौर्य ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों में कैद तस्वीर के आधार पर अपराधियों की



पहचान की जा रही है। उन्होंने अपराधियों की पहचान करने में आम लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की पहचान करने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी।गौरतलब है कि बुधवार की दोपहर भारतीय स्टेट बैंक की सतबरवा शाखा में रुपये जमा करने आयी महिला चांद देवी को चकमा देकर अपराधियों ने 84 हजार रुपये उड़ा लिए थे।

# एमआरएमसीएच में दलालो के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

**प्रशासन के द्वारा11 लोगों को हिरासत में लिया गया**

**निजी एंबुलेंस ड्राइवर और कुछ सहिया के द्वारा मरीजों को बरगलाने का काम किया जा रहा था**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमआरएमसीएच अस्पताल मे शुक्रवार की देर रात जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा दलालों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान अस्पताल के सभी गेट को बंद कर दिया गया। ताकि दलाल इधर उधर ना भाग सके। इस अभियान में




जिला प्रशासन के द्वारा 11 लोगों को हिरासत में लिया गया। और थाना लाकर उनसे पूछताछ की जा रही हैं। यह छापेमारी अभियान डीडीसी रवि आनंद एवं एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में चलाया गया। शनिवार के दिन में सभी लोगों को हिदायत देते हुए बांड लिखवा कर छोड़ दिया गया। डीडीसी रवि आनंद ने बताया कि मिली सूचना के आलोक में छापेमारी की गई थी। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में निजी एंबुलेंस ड्राइवर और कुछ सहिया के द्वारा मरीजों को बरगला कर निजी अस्पताल में ले जाकर उन से ठगी की जाती है। जिसके आलोक में शुक्रवार के 11:00 बजे रात से 12:00 बजे तक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में 11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में हिरासत में आए लोगों ने पुलिस के समक्ष बताया कि उनमें से तीन निजी एंबुलेंस ड्राइवर हैं जबकि आठ अपने विभिन्न कामों से अस्पताल के आस पास आए हुए थे। बाद में सभी लोगों को हिदायत देते हुए बोंड भरवा कर छोड़ दिया गया। इस छापेमारी से दलालों में भय व्याप्त हो गया है।

# अलग-अलग बाइक दुर्घटना में 4 व्यक्ति घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में इन दिनों सड़क दुर्घटना बढ़ गई है। मुख्य पथ में थानान्तर्गत माली देवी मंदिर के पास शुक्रवार की रात दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की टक्कर में दो व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गए। जिसमें एक वाहन पर सवार हुसैनाबाद थानान्तर्गत गांवखाप निवासी रवि कुमार उम्र 25 और पांडु थानान्तर्गत मुरमा खुर्द निवासी गौरव कुमार 26 वर्ष शामिल है। सभी का इलाज हुसैनाबाद स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। वही दूसरी तरफ से बाइक पर



सवार युवक हैदरनगर का खुदूस अंसारी 40 वर्षीय जो नशे की हालत में था,उसे हल्की चोट लगी है। घटना की सूचना मिलने पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों बाइकों को जब्त कर लिये है।वही दूसरी घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है। मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में रसूलपुर गांव के पास जेसीबी और बाइक के आमने सामने टक्कर में एक बाइक पर सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में उंटारी रोड थानान्तर्गत कोइरीडीह गांव निवासी प्रेमप्रकाश, कुटमु गांव निवासी सोनल शामिल है।सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अस्पताल में चल रहा है। इलाज के बाद दोनों युवकों की स्तिथि खतरे से बाहर है।थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बाइक और जेसीबी को जब्त कर लिया है।

### आठ बर्ष से चल रहा पति पत्नी का विवाद मध्यस्थता से समाप्त

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी अपेक्षा के न्यायालय में चल रहा पति पत्नी के बीच दहेज प्रताड़ना का विवाद जीआर 1029/2015 शनिवार को मध्यस्थता के माध्यम से मध्यस्थ दिनेश चंद्र पाण्डेय के प्रयास से समाप्त कराया गया। बिदित हो कि पार्वती देवी के द्वारा अपने पति बीरेंद्र सिंह के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का मुकदमा की थी ।जिसका बिचारन सुश्री अपेक्षा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के न्यायालय मे हो रहा था।कोर्ट के द्वारा उक्त केस को मध्यस्थता के लिए मेडिएशन सेंटर भेजा गया था। डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने मध्यस्थ के रूप में दिनेश चन्द पांडेय को केस में मध्यस्थता कराने की जिम्मेवारी सौपा था। मीडियेटर के द्वारा दोनो पक्षो से बातचीत किया गया।दोनो साथ रहने पर सहमत हो गये।

## पत्रकार के निधन पर झारखंड पत्रकार संगठन ने किया शोक व्यक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद के वरिष्ठ पत्रकार परमानंद चौधरी के निधन पर झारखंड पत्रकार संगठन ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुए संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कि परमानंद सुलझे हुए पत्रकार थे। उनके निधन से पत्रकार जगत को काफी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि परमानंद हमेशा आम लोगों के लिए खड़ा रहते थे। शोक व्यक्त करने वालों में झारखंड पत्रकार संगठन के नीलकमल शुक्ला , अश्विनी घई, निकहत परवीन ,अरविंद तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, चंद्रदेव प्रजापति, रघुवीर पांडे, उपेंद्र कुमार, राजकुमार पांडे ,शशि भूषण सिंह, ,योगेंद्र मिश्रा, आलोक पांडे, दीपक पांडे ,अमित शर्मा ,अमितेश रंजन, अरविंद सिंह, बेनी माधव सिंह, विनोद सिंह ,बिरजू मेहता ,चंदन कुमार, चंदन लाल मंडल ,दीपक दुबे, धनंजय तिवारी, जितेंद्र कुमार, लक्ष्मी सिंह ,मनोज कुमार प्रजापति, पंचम कुमार ,पिंटू कुमार सिंह ,राजकुमार सिंह, राजीव तिवारी ,रमाकांत प्रसाद , प्रवीण शुक्ला ,सुनील सिंह ,विजय तिवारी राकेश कुमार , विकास कुमार ,मनोज सिंह ,प्रवेश कुमार, संजीव प्रजापति, अजीत गुप्ता, सुधीर कुमार ,आलोक सिंह, प्रभु कुमार सिंह, मोहम्मद शमीम सहित कई सदस्य शामिल है।

# ब्लू सिटी बस में अब पुरुष भी सफर कर सकेंगे : पूर्व महापौर

**सोमवार से छात्र, दैनिक कर्मी, बुजुर्गों को भी मिलेगी राहत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 'जबसे मैंने आम महिलाओं, छात्राओं एवं दैनिक मजदूरी करने वाली महिलाओं के लिए झारखंड में सबसे सस्ते दर पर पिंक सिटी बस का परिचालन मात्र 5 रुपया किराया में निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं जाने के लिए प्रारंभ की उसी समय से कई महिलाएं मुझसे एवं नगर आयुक्त से मिलकर अनुरोध कर रही थी की परिवार के पुरुष सदस्यों एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चों के साथ महिला बस में नहीं जाने दिया जाता इसका प्रावधान किया जाए। ताकि साधारण परिवार के पुरुष, बुजुर्ग एवं 10 वर्ष से बड़े बच्चे भी एक साथ परिवार के साथ सफर कर सके। साथ ही कॉलेज स्कूल जाने वाले छात्र, कार्यालय में काम




करने वाले लोग, दैनिक मजदूर को भी लाभ मिल सके। इस संबंध मैं मैंने महिलाओं की भावनाओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया और आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नगर आयुक्त ने महिलाओं की भावनाओं को कद्र करते हुए तत्काल पत्र लिखकर बस संचालक को दो बस महिला/ पुरुषों के लिए भी प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया है। सोमवार से ब्लू बस के नाम से दो बस पूरे परिवार के साथ निगम क्षेत्र में कहीं से कहीं आने जाने के लिए सुबह 7:00 से शाम 7:00 बजे तक संचालित होगी। निगम ने बस संचालक को 20 रुपया तक किराया लेने का प्रावधान रखा है जबकि मेरे कहने पर बस संचालक ने मात्र 10 किराए पर महिला /पुरुष ब्लू बस का किराया निर्धारित किया है ।वही पिंक बस का किराया जिसमें सिर्फ महिलाएं सफर करेंगी उसका किराया मात्र 5 ही रहेगा। इसमें संचालक को होने वाली हानी की भरपाई मैं तब तक करूंगी जब तक यह बस नो लॉस नो प्रॉफिट में नहीं आ जाती।' प्रथम महापौर ने यह भी बताया 'जो महिलाएं ब्लू बस में सफर करेंगी उन्हें भी10 किराया देना होगा इसलिए महिलाएं ज्यादा से ज्यादा पिंक बस में सफर करें।

# रोटी व कपड़े बांटकर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनायी संस्था की प्रथम वर्षगांठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संस्था के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर टीम वरदान ने स्टेशन परिसर में जरूरतमंदों के बीच रोटी, सब्जी, पूरी, बुंदिया मिठाई और कपड़े बांटकर वर्षगांठ मनायी। जैसा कि आप जानते हैं सालों भी सक्रिय रहने वाली संस्था' वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर हमेशा काम करती है, पर आज दो जून के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच रोटी वितरण को प्राथमिकता दी गई। स्टेशन परिसर में दोना, पत्तल, दतवन बनाकर किसी तरह अपना गुजर बसर करने वाले लोगों को टीम वरदान हमेशा भोजन और वस्त्र मुहैया कराती है। उस परिसर में इनके अलावा कचरा चुनने वाले बच्चे, असमर्थ राहगीर, मजदूर वगैरह भी भारी संख्या में मौजूद होते हैं, इसलिए यह अभियान वहां सफलतापूर्वक हो पाता है। भोजन वितरण के अलावा सेनेटरी पैड, कपड़ा वितरण, छठपूजा में साड़ी और पूजा सामग्री वितरण, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान और विभिन्न मुद्दों पर यह संस्था बढ़चढ़कर काम करती है। आज प्रथम वर्षगांठ पर बोलते हुए संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने सफलतापूर्वक सालभर का सफर तय करने पर सभी टीम मेंबर्स को बधाई दी एवं निरंतर साथ बनाए रखने के लिए धन्यवाद कहा। साथ ही यह संकल्प भी लिया कि समाजहित में ' वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट आगे भी निरंतर सक्रिय रहेगा। इस अवसर पर राखी सोनी, आशुतोष सिंह, संध्या अग्रवाल, अंजू शर्मा, सौभाग्य सृजन, बेबी विश्वकर्मा और रोनित कुमार उपस्थित रहे।

## बिजली दर बढोत्तरी को हेमंत सोरेन सरकार अविलम्ब वापस ले : सतीश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि झारखण्ड सरकार लगातार झारखण्डी जनता के साथ अमानवीय व्यवहार कर रही है। विद्युत संकट से पुरा झारखण्ड त्रासदी झेल रहा है। बिजली की आंख मिचली से छात्र, लघु कुटीर उद्योग व रोगी कराह रहे है। प्राकृतिक मार भी जनता को तबाह कर दिया है। तापमान भी चरम पर है। सरकार लोडशेडिंग के रोक थाम नही कर विद्युत नियामक बोर्ड की अनुशंसा पर बिजली दर में 6.50 प्रतिशत की वृद्धि कर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। 100 युनिट निःशुल्क बिजली केवल राज्य सरकार की नौटंकी है। यूपीए का 4 साल का कार्यकाल केवल लुट, घोटाला, भ्रष्टाचार की कई मिशाले पेश कर चुका हैं। 1932 खतियान, नियोजन नीति, बेरोजगारों



को रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, सरना धर्म कोड, पिछड़ा वर्ग को आबादी के अनुपात में आरक्षण, नगर निकाय का चुनाव सब के सब गुमराह व तिकड़म के अलावा कुछ भी नहीं है। झारखंड सरकार विकास के चक्र को 20 साल पीछे धकेल दिया है। ट्रांसफर पोस्टिंग, बालू, माइंस, भूमि घोटाला राष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड को कलंकित किया है। बिजली दरों में बढ़ोतरी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के जनता पर जबरदस्त प्रहार है। आजसू पार्टी अविलम्ब बढ़े विद्युत दर को वापस लेने की मांग करती है। अन्यथा राज्य में आन्दोलन झेलने के लिए हेमंत सोरेन सरकार तैयार रहे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता अभियान की शुरूआत

मेदिनीनगर। छह मुहान चौक पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की। सदस्यता अभियान के तहत हो रहे कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो पलामू के अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की। झामुमो के सभी नेताओं और कार्यकताओं ने सबसे पहले उड़ीसा में हुए रेल दुर्घटना के मृतकों के प्रति संवेदना जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री सन्नू सिद्धिकी जी ने किया। लगभग पांच सौ लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री के जन कल्याण नीतियों से प्रभावित हो कर झामुमो की सदस्यता को ग्रहण किया। सबों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा ' आज से पलामू में झामुमो का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन जी की लोकप्रियता, उनके लिए गए फैसले के कारण जनता बहुत तेजी से झामुमो परिवार में शामिल हो रही है। हम सब पलामू के घर-घर तक जा कर लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ेंगे। आज हम पलामू में सबसे मजबूत पार्टी हैं। सभी कार्यकताओं को साधुवाद जो इतनी तपती दुपहरी में भी पार्टी के लिए पूरी निष्ठा के साथ लगे हैं।' सदस्यता प्रभारी श्री रमेश सिंह ने बताया 'हमारा लक्ष्य डेढ़ लाख नए सदस्य बनाने का है। जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार पलामू को तीन जोन में बांट कर सभी जोन और प्रखंडों में प्रभारी नियुक्त गए हैं। अभियान को चलाने के लिए झामुमो के सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता कमर कस कर लगे हुए हैं। ' इस मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा, कमाल खान, बालकिशून उरांव, झामुमो नेता अविनाश देव, युवा नेता सन्नी शुक्ला, संगठन सचिव अनुराग सिंह महिला नेता सुशीला मिश्रा, झामुमो नेता हाजी ललन, रंजीत जायसवाल दीपू चौरसिया, रंजीत सिंह, राजिया नियाजी, ललन चौधरी, शाहबाज खान, छोटू त्रिपाठी, इकबाल अहमद, देवानंद भारद्वाज, मुकेश चौधरी, कमरुद्दीन अंसारी, बबलू शाहनवाज, अरविंद चौधरी, सुमित सोनी, अजय चौधरी, अरुण कुमार, सद्दाम हुसैन, साकेत सिंघानिया, अंकु जायसवाल सक्रिय थे।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखाड़ में दस दिनों से चल रहे समर कैंप सह शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। समापन के अवसर पर शिक्षकों के बीच कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के लिए या प्रशिक्षण कार्यशाला वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षक सालों भर अपने मेहनत एवं परिश्रम के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा देने के कार्य में जुटे रहते हैं और उन्हें खुद के कौशल के विकास करने का अवसर नहीं प्राप्त होता है। इस तरह के कार्यशाला से जहां शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने प्रतिभा को निखारने का काम किया जबकि कई मनोरंजक गतिविधियों के द्वारा खुद का मनोरंजन भी किया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य ई. नंद किशोर भारती ने कहा कि अपना कौशल का विकास करके शिक्षक और भी बेहतर ढंग से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण कर सकेंगे। शिक्षण-कौशल शिक्षक के हाथ में वह शस्त्र है जिसका प्रयोग करके शिक्षक अपने कक्षा शिक्षण को प्रभावशाली तथा सक्रिय बनाता है तथा कक्षा की अन्तः प्रक्रिया में सुधार लाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद शिक्षकों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

**जीवनशैली** | **बीमारी के अनुसार लोगों को कराये जाते हैं आसन**

# पलामू में हर रोज दी जाती है योगा की निःशुल्क शिक्षा

**पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में दी जाती है योगाभ्यास की शिक्षा**

**सुबह 5 बजे से अंबेडकर पार्क में प्रतिदिन शुरू हो जाता है योगाभ्यास**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की कई चुनिंदा जगहों पर योगगुरु पवन के द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क योगाभ्यास कराया जाता है। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के अंबेडकर पार्क में दर्जनों युवा, महिलाएं, बच्चे, जवान, बूढ़े योगाभ्यास करने आते हैं। अंबेडकर पार्क में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से योगाभ्यास शुरू हो जाता है। पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में निःशुल्क योगाभ्यास की कक्षा कराई जाती है। यहां सुबह 5 बजे से 6:30 तक योगाभ्यास कराया जाता है। योगाभ्यास कराने वाले गुरु पवन ने बताया कि 6 महीने से अंबेडकर पार्क में



योगाभ्यास कराया जा रहा है। इससे पहले चैनपुर प्रखंड में योगाभ्यास कराया जाता था। वहां भी लोगों की रुचि बढ़ती गई। इसके साथ 6 महीने पहले अंबेडकर पार्क में योगाभ्यास कराना शुरू किया गया। आज के समय में काफी संख्या में लोग योग कर निरोग हो रहे हैं। योग गुरु पवन ने कहा कि योग करना उतना ही जरूरी है जितना कि भोजन करना। यहां पतंजलि योगपीठ के द्वारा योग कराया जाता है। लोगों को 8 प्रकार के प्राणायाम कराए जाते हैं। साथ ही बीमारी के अनुसार लोगों को आसन कराया जाता है। शुगर पेशेंट को शुगर से जुड़ा आसन, स्पाइनल में दर्द दूर करने के लिए अलग आसन, घुटने, कमर दर्द, गैस की समस्या के लिए अलग-अलग योगाभ्यास कराया जाता है। योगाभ्यास करने आए केशव शुक्ला ने बताया कि 13 साल पूर्व पुलिस सेवा से रिटायर हो चुके हैं और पिछले 3 साल से रोज योगा करते हैं।

### आक्रोशित लोगों ने गढ़वा-शाहपुर मार्ग को जाम किया, कई वाहनों को किया क्षतिग्रस्त

# टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा -शाहपुर रोड में गढ़वा थाना क्षेत्र के हूर मोड़ के समीप अचला नावाडीह गांव में शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक का मौत हो गई। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी असरुद्दीन खान पुत्र असलम खान के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार असलम खान अपनी मोटरसाइकिल से गढ़वा से घर जा रहा था। इस दौरान एक तेल टैंकर ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इससे असलम खान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि टैंकर चालक गाड़ी को छोड़कर वहां से फरार हो गया। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गढ़वा -शाहपुर रोड को जाम कर दिया, जो पांच घंटे तक जारी रहा। इसके कारण गढ़वा शाहपुर सड़क और बाईपास सड़क जाम हो गया। जाम में फंसे लोग गर्मी से परेशान दिखे। आक्रोशित लोग टैंकर चालक को गिरफ्तार करने, मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी देने सहित अन्य मांग पर अड़े हुए थे। बीडीओ कुमुद कुमार झा व थाना प्रभारी केके साहू ग्रामीणों को समझा कर जाम हटवाने के प्रयास करते दिखे। घंटों बाद 50 हजार नकद, आंबेडकर आवास सहित पारिवारिक लाभ दिए जाने की घोषणा के बाद जाम समाप्त हुआ।





दुर्घटना में अचला में असलम खान के मौत की सूचना मिलने पर भीड़ जमा हो गई। उस दौरान अक्रोषित लोगों ने कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उस दौरान गढ़वा से शाहपुर की ओर जा रही यूपी की एक कार को आक्रोशित लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और कार में बैठे लोगों के साथ भी मारपीट की। उस घटना में 2 लोगों को गंभीर चोट आई है। वहीं आक्रोशित लोगों ने दुर्घटना में शामिल टैंकर सहित एक और ट्रक को लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

# फ्लोरोसिस प्रभावित प्रतापपुर गांव के सात मरीजों को मिला ह्वीलचेयर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर अस्पताल में शनिवार को गढ़वा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के कंकालीय फ्लोरोसिस से प्रभावित मरीजों के बीच ह्वील चेयर का वितरण किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.अवधेश सिंह, डीएलओ डा. कौशल लाल सहगल, जिला परामर्शी डा. स्नेहलता राज, दंत चिकित्सक डा. निकहत परवीन, डा. कुमार प्रशांत प्रमोद, डा. शमशेर सिंह भी उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रतापपुर गांव के मौनाहा एवं गनियाही टोला में फ्लोरोसिस से प्रभावित मरीजों में से 13 लोगों को ह्वील चेयर देने के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें सात मरीजों को सदर अस्पताल में बुलाकर ह्वील चेयर प्रदान किया गया है। जबकि बचे हुए छह मरीजों को उनके घर जाकर ह्वील चेयर वितरित किया जाएगा। मौके पर एलटी नित्यानंद त्रिपाठी समेत कई स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित थे।



**इन्हें मिला ह्वील चेयर :** सदर अस्पताल में प्रतापपुर गांव के कमला देवी पति सरयू राम, पुनिया कुंवर पति स्व. विपत राम, शिवकुमारी देवी पति भीखू राम, अमेरिका राम पिता स्व.रुपदेव राम, जग्रनाथ राम पिता स्व.लालजी राम, भिखू राम पिता स्व.रामदेव राम एवं सरयू राम पिता स्व.अनतू राम को ह्वील चेयर दिया गया। ह्वील चेयर प्राप्त कर फ्लोरोसिस प्रभावित उक्त मरीज खुश थे। उन्होंने कहा कि ह्वील चेयर से उन्हें दैनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### इंटर में जिला सेकंड टॉपर अनुष्का को किया सम्मानित

**मझिआंव।** न्यूटन कंप्यूटर क्लासेस के डायरेक्टर अमित कुमार मेहता की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मुखदेव हाई स्कूल +2 की इंटरमीडिएट ऑफ आर्ट्स में स्कूल टॉपर सहित गढ़वा जिला में द्वितीय टॉपर रही नागेंद्र दुबे की पुत्री अनुष्का कुमारी को मेडल, शील्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अनुष्का कलेक्टर बनना चाहती है। पिता नरेंद्र दुबे ने बताया कि अनुष्का शुरू से मेधावी रही है।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिआंव चंद्री निवासी रामा बिंद के पुत्र नगीना बिंद ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रह है। बताया गया कि नगीना बिंद शराब के नशे में घर आया था। इसे लेकर घरवालों ने उसे खरीखोटी सुनाई। इससे गुस्से में आकर नगीना बिंद ने कीटनाशक खा लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत नगीना बिंद की हालत में सुधार हो रहा है।

### महिला को सांप ने डसा, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव की सुषमा देवी पति स्व.अशोक राम को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। सुषमा देवी शुक्रवार की देर रात में शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। इस दौरान बहिराजाड़ा सांप ने उसके दायें पैर में डस लिया। स्वजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पत्नी से विवाद पर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** पलामू जिले के सिगसिगी निवासी मुरारी चौधरी का पुत्र जितेंद्र चौधरी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि आपसी किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

### लगभग दस लाख ईंटों को किया जब्त

# अवैध रूप से संचालित चदरा चिमनी ईंट भट्ठा हुआ ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**

थाना क्षेत्र के अमहर गांव पचफेड़ी टोला बाकी नदी स्थित अवैध रूप से संचालित चदरा चिमनी ईंट भट्ठा को खनन पदाधिकारी नंददेव बैठा एवं अंचलाधिकारी निधि रजवार ने ध्वस्त कर दिया। मौके पर अंचलाधिकारी निधि रजवार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित चिमनी ईंट भट्ठा के खिलाफ विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि दो चदरा वाले इस चिमनी भट्ठा में भट्ठा मालिक के द्वारा आग लगाई गई थी, जिसे ध्वस्त किया गया है। थाना क्षेत्र में अवैध चिमनी भट्ठा को किसी भी परिस्थिति में चलने नहीं दिया जाएगा। इस अवैध कारोबार के जरिए सरकार को भारी राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही थी। उन्होंने बताया कि यह 501 मार्का चिमनी भट्ठा गढ़वा के सुनील कुमार मेहता पिता कृष्णा महतो का बताया जा रहा है। भट्ठा स्थल पर लगभग 10 लाख ईंट स्टॉक कर रखा गया है। स्टॉक ईंट को जब्त कर कारवायी करने की बात पर खनन पदाधिकारी ने कहा कि कोर्ट का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए भट्ठा पर कानूनी कारवायी नहीं करेंगे। उन्होंने मौके पर अपना बचाव करते हुए सीओ को कारवायी करने के लिए कहा है। मालूम हो कि अमहर बाकी नदी स्थित संचालित चिमनी को 2 वर्ष पूर्व भी ध्वस्त किया गया था। सभी ईंटों को जब्त करते हुए संचालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, लेकिन इस बार भट्ठा मालिक पर कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर कई तरह की चर्चा जोरों पर है। वहीं अंचलाधिकारी निधि रजवार के द्वारा एक के बाद एक बड़ी करवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। एक महीने पूर्व ही अंचलाधिकारी ने पिपरी कला बालू घाट से अवैध बालू उत्खनन कर रहे हैं सात ट्रैक्टर को पकड़ कर अवैध कारोबारियों की कमर तोड़ दी थी। इसके बावजूद अवैध कारोबारी बेखौफ होकर कारोबार करने में लगे हुए हैं।



# बीडीओ, मुखिया ने बालू घाट का किया उद्घाटन

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खरसोता के कोयल नदी से बालू उठाओ हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार भास्कर एवं खरसोता पंचायत के मुखिया बीडीसी के द्वारा बालू घाट का उद्घाटन किया गया वही बालू घाट का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया डीडीसी ने नारियल छोड़कर एवं अगरबत्ती जलाकर किया। गौरतलब है कि खरसोता पंचायत में बालू घाट का उद्घाटन होने से अवैध बालू का उत्खनन पर अंकुश लगेगा तो वही राजस्व की लाभ होगी बालू घाट के उद्घाटन से लोगों में खुशी की लहर है क्योंकि अब बालू ओने पौने दाम पर नहीं मिलेगा सरकार व राजस्व की जो राशि तय की गई होगी उसी के अनुकूल भुगतान कर बालों को क्रय कर सकेंगे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विजय राम तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।




# विद्यार्थियों के आर्थिक शोषण की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

आम आदमी पार्टी के भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी शंकर प्रिय राम चंद्रवंशी ने 31 मई को नीलांबर पीतांबर विश्व विद्यालय, मेदिनीनगर पलामू के कुल सचिव को तथा 2 जून को गढ़वा उपायुक्त से मुलाकात कर वनांचल कालेज ऑफ साइंस, फरठिया गढ़वा, छात्रों के साथ हो रहे आर्थिक शोषण की जानकारी देते हुए आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेख किया है कि वनांचल कालेज ऑफ साइंस, फरठिया, गढ़वा, सत्र 2022-25 बी ए सी एमएलटी सत्र एक के विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म के नाम पर 11,000 रुपये बिना रसीद दिए लिये जा रहे हैं, जबकि आनलाइन रसीद मात्र 1350 की कट रही है। जो विद्यार्थी क्लास भी किए हैं उनसे भी अपसेंटी के नाम पर चार हजार से पांच हजार रुपये लेकर रसीद भी नहीं दी जा रही है। इससे पहले भी रजिस्ट्रेशन के नाम पर विद्यार्थियों से चार हजार रुपये बिना रसीद दिए लिए गए थे। इससे साफ पता चल रहा है कि कालेज प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर विद्यार्थियों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। शंकर प्रिय राम ने बताया कि सभी पदाधिकारी इस बात अचंभित थे।

### आप नेता ने कुल सचिव व उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की



उन्होंने अविलंब इस संदर्भ में कारवाई करने का आश्वासन दिया है। इस कालेज में कई आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी भी शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस तरह के विषयों में केंद्र और राज्य सरकार को प्राइवेट स्कूल, कालेज की मनमानी पर विराम लगाना अति आवश्यक है। अगर ऐसा हीं चलता रहा तो इस महंगाई में गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाएंगे।

# सरकारी भूमी पर निर्मित आवास तोड़ने गई टीम सहमति बनने पर लौटी वापस

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

अंचलाधिकारी मुकेश मछुआ के निर्देश पर शनिवार को बलीगढ़ पंचायत के दासीपुर गांव में सरकारी भूमि में आवास को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची प्रशासन की टीम वापस लौट गई। आवास को तोड़न के लिए केतार थाना, भवनाथपुर थाना, खरौंधी थाना एवं जिला से महिला बल को बुलाया गया था।

सीओ मुकेश मछुआ एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में आवास को तोड़ने की प्रकिया जेसीबी से शुरू की ही जा रहा थी कि रामाधार विश्वकर्मा के परिजनों ने छोटे- छोटे बच्चों के साथ जेसीबी के सामने आकर रोकने का प्रयास किया। बाद में प्रशासन के कड़े तेवर को देखते हुए रामाधार विश्वकर्मा आदि के परिवार तीन दिन का समय सीओ से मांगा। इस पर पहले पक्ष के जयंत विश्वकर्मा को तीन डिसमिल में बने खपरैल मकान देने की सहमति बनी और दूसरे पक्ष को को तीन दिन के अंदर घर खाली करने को कहा गया। मौके पर सीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार, सीआई नागेंद्र पाठक, राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार, अमीन नवलकिशोर पीएसआई संजय हेम्ब्रम, कृष्णा उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# झामुमो सरकार ने युवाओं को धोखा दिया : किसलय

### भाजयुमो गढ़वा जिला कार्यसमिति की संगठनात्मक बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजयुमो गढ़वा जिला कार्यसमिति की संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, हैप्पी प्रताप शाही, जिला महामंत्री विकास तिवारी, मंत्री संजय जायसवाल, मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, नवीन जायसवाल, राजीव रंजन पासवान, राजकुमार साव, डॉ. लाल मोहन, पन्ना सिंह, सुमेर चौधरी, जितेंद्र दीक्षित, अलख निरंजन, अनील केशरी, रंजीत जायसवाल, राजकुमार विश्वकर्मा, दिनेश कुमार, बलराम यादव, ललीत सिंह, महेंद्र यादव, राधो चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, रविंद्र साव, रंजीत चौरसिया, धनंजय यादव, ब्रजेश तिवारी, रामाकांत गुप्ता सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।




बैठक के मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। गढ़वा जिला के युवाओं को संगठित होना होगा। तभी झारखंड को लुटने से बचाया जा सकता है। वर्तमान की झामुमो सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। गलत नियोजन नीति बनाकर युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। गढ़वा जिला सहीत पुरे झारखंड के युवा रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर है, लेकिन झामुमो के मंत्री विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में जनहित में अनेकों योजनाएं चलाई जिसका सीधा लाभ आम आदमी को मिला है। भाजपा कार्यकर्ता मोदी सरकार की योजना के बारे में लोगों को जानकारी देने का काम करें। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष पुरा होने पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है जिसमें लाभार्थी सम्मेलन, बाइक रैली, नव मतदाता सम्मेलन, क्विज प्रतियोगिता, आदि अनेकों कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दुबारा मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित है।

**अध्यात्म**

### स्वामी घास फूस की बनी कुटी में निवास करते हैं व उनका जीवन तपस्या का पर्याय है

# मानव उत्थान को समर्पित है जीयर स्वामी का जीवन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

परिव्राजक संत पूज्य लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज का जीवन विश्ववंद्य जगदाचार्य पूज्य त्रिदंडी स्वामी महाराज के बताये मार्ग पर चलते हुये मानवोत्थान एवं आध्यात्मिक जन जागरण के लिये समर्पित है। जीयर स्वामी महाराज भारत के महान मनीषी संत त्रिदंडी स्वामी महाराज के शिष्य हैं। वे एक त्रिदंडी संन्यासी हैं, जिन्होंने भारत वर्ष में वैष्णवता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। भारत की पुण्य धरा पर महान तपस्वी संतों का अवतरण होना नैसर्गिक नियम रहा है। उन्हीं पूज्य संतों की कड़ी में भारत के महान संत तपस्वी त्रिदंडी स्वामी महाराज भी थे।

संन्यास परंपरा की अविच्छिन्न श्रृंखला को जीवित रखते हुये त्रिदंडी स्वामी महाराज के शिष्य के रूप में जीयर स्वामी महाराज ने संन्यास धर्म पालन का दीक्षा ग्रहण किया। उसके बाद से जीयर स्वामी त्रिदंडी स्वामी के सानिध्य में रहते हुये तप मार्ग पर अग्रसर हो गये। त्रिदंडी स्वामी महाराज ने धरा धाम को छोड़ने के पूर्व अपना त्रिदण्ड जीयर स्वामी को सौंप कर वैष्णव संप्रदाय के इस कार्य को आगे बढ़ाने का गुरुतर भार स्वामी जी के कंधे पर दे दिया। यहां यह बताना जरूरी है कि त्रिदंडी स्वामी महाराज ने जीयर स्वामी में एक बेहतर संन्यासी के स्वरूप को देखा और परखा, जिसके बाद उन्होंने जीयर स्वामी को अपने जीवन में स्वयं के जैसा चातुर्मास्य व्रत पालन हेतु सत्प्रेरित कर दिया। इस व्रत में त्याग एवं तप की महत्ता है। स्वामी जी त्याग एवं तप के साक्षात प्रतिमूर्ति हैं। अपने तपोबल से स्वामी भगवत कैंकर्य लक्षण युक्त श्रुतवती भक्ति के अनुपम अवतार हैं। जीयर स्वामी महाराज का जीवन संन्यास मार्ग में कठिन तपस्या को अंगीकृत करते हुये निरंतर जप, तप, स्वाध्याय एवं समाज कल्याण को समर्पित है। वे तृण (घास फूस) की बनी कुटी में निवास करते हैं एवं उनका जीवन तपस्या का पर्याय है। वे रुपये पैसे को हाथ से स्पर्श तक नहीं करते। वे फोन मोबाइल नहीं रखते हैं, टीवी एवं समाचार पत्रों से भी दूरी रखते हैं तथा उनकी जीवन शैली अत्यंत सरल एवं सादगीपूर्ण है। वे केवल एक कंबल के आसन पर ही विश्राम करते हैं। स्वामी एक वर्ष में आठ महीना परिव्राजक संन्यासी की तरह भ्रमण करते हुये किसी एक स्थान पर अधिकतम एक सप्ताह के लिये पर्णकुटी में निवास करते हैं। इस दौरान वे गांव नगर में जाकर लोगों को कथा प्रवचन सुनाते हुये संन्मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते हैं। वर्षा ऋतु में 4 माह एक ही स्थान पर चातुर्मास्य



### महोत्सव व महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

विंध्य क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे-जतपुरा गांव में लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं पूज्य पाद स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले श्री रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। स्वामी का आगमन 4 जून को होगा। वह महाराज 3 जून को हरिद्वार से दिल्ली पहुंचेंगे। 3 जून को ही दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से गढ़वा रोड के लिए प्रस्थान करेंगे। 4 जून को सुबह 5 बजे गढ़वा रोड स्टेशन पर उनका आगमन होगा। श्री बंशीधर नगर से करीब दो दर्जन श्रद्धालु गढ़वा रोड स्टेशन पर उनके दर्शन व स्वागत के लिए उपस्थित रहेंगे। गढ़वा रोड़ से स्वामी जी महाराज पलामू के भजनिया गांव में आयोजित एक यज्ञ में शामिल होंगे। ततपश्चात 1 बजे भजनिया से श्री बंशीधर नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री बंशीधर नगर से सैकड़ों श्रद्धालु दर्जनों वाहन से रमना प्रखंड के कविसा गांव में स्वामी जी महाराज का दर्शन व स्वागत करेंगे।

# बाजार क्षेत्र में युवका का शव मिलने से सनसनी



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

मुख्य बाजार क्षेत्र में शनिवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। चेचरिया स्थित अपना मेडिकल स्टोर के समीप एनएच 75 शव मिला, जिसकी पहचान सोनेहारा निवासी कमरूदीन खान उर्फ कमन खान के 25 वर्षीय पुत्र दाऊद खान के रूप में की गयी। शव मिलने की खबर शहर में आग की तरह फैल गयी। जानकारी मिलते ही एएसआई विक्की कुमार अग्रवाल दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। उन्होंने अगल बगल के दुकानदारों से पूछताछ की। वहीं उसी दरमियान पहचानकर्ता आजाद खान चेचारिया निवासी ने अपने भांजे के रूप में शव की पहचान की। वहीं बंशीधर नगर थाना एएसआई विक्की अग्रवाल ने पंचनामा कर स्थल से शव को उठाकर अंतः परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# साइकिल रैली से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
मिशन लाइफ कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को पोस्ट ऑफिस चौक से हेरूआ नदी के छठ घाट तक पर्यावरण संरक्षण जन जागरकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन व उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीना के संयुक्त नेतृत्व में साइकिल रैली हेरूआ नदी छठ घाट पहुंची, जहां सभी ने छठ घाट क्षेत्र में पौधरोपण किया तथा परिसर में जमा कूड़े की सफाई की।

ज्ञात हो कि मिशन लाइफ के प्रारंभिक दौर अंतर्गत व्यक्तिगत एवं समुदायिक स्तर पर पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने एवं उसके लिए विभिन्न स्तरों पर समुदाय को जागरुक करने के साथ अपनाने




के लिए प्रेरित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में डीडीसी, एसपी व डीएफओ के अलावे डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का, सिविल सर्जन श्यामनन्दन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभयझा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र आदि शामिल थे।

## स्लो साइकिल रेस का किया गया आयोजन

**पथलगड़ा (चतरा)।** राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पवन रजक के नेतृत्व में पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत स्वर्गीय उमाकांत पाठक खेल मैदान में विश्व साइकिल दिवस पर शनिवार को स्लो साइकिल रेस सह रैली का आयोजन किया गया। स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता में प्रथम सुजल कुमार पिता अशोक दांगी, द्वितीय अंकित कुमार पिता सहदेव भुइयां व तृतीय शिवांजन गिरी पिता रितेश गिरी रहे। मौके पर उपस्थित एजुकेशन प्वाइंट व चंद्रयान क्लासेस के शिक्षक राकेश कुमार व कृष्ण कुमार दांगी ने पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित रखने के लिए साइकिल के जरुरत है।

# ‘पर्यावरण ही जीवन का आधार, इसकी रक्षा के लिए जीवनशैली में करें बदलाव’

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
राजहारा एरिया अंतर्गत सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड ओपन कोल प्रोजेक्ट के कोल माईस एवं प्रभावित क्षेत्र में भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन चलाये जा रहे मिशन लाइफ के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें पर्यावरण की रक्षा के लिए जीवन शैली में छोटे व महत्वपूर्ण कदम से होने वाले बदलाव के बारे में बताया गया। साथ ही पर्यावरण के संरक्षण के लिए ग्रामीणों व सीसीएल कर्मियों को शपथ दिलाई गई। उपस्थित ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण कर उसके संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते




हुए सीसीएल राजहारा एरिया के क्षेत्रीय पर्यावरन पदाधिकारी धीरज कुमार ने कहा कि पर्यावरन के संरक्षण की जिम्मेवारी सामूहिक रूप से हम सबों की है। खान प्रबंधक बिनोद कुमार दीपक ने कहा कि हम सभी अपने हिस्से का दायित्व निभाएं तो पर्यावरन को इसका लाभ मिलेगा। बसिया मुखिया विमला देवी ने सामूहिक दायित्व से इस समस्या का समाधान करने की बात कही। मौके पर विस्थापित नेता भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव ने अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण की बात कही। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे हामिद अंसारी सीएसआर, निखिल कुमार सिविल, दयाल यादव, शंकर साव, परमेश्वर उरांव, अनिल उरांव, शनिचर उरांव, रामेश्वरी कुमारी समेत अनेक लोग मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### ग्राम स्तर पर सत प्रतिशत स्वच्छता को लेकर हुई बैठक

**हेरहंज।** प्रखंड सभागार हेरहंज में बीडीओ प्रदीप कुमार दास की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार ग्राम स्तर पर शत प्रतिशत स्वच्छता कवरेज हेतू बैठक की गई। बीडीओ उपस्थित सभी लोगों को हरहाल में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खुले में शौच की रोकथाम हेतु जागरूक करने को लेकर एवं जिनके घरों में शौचलय है उन्हें शत प्रतिशत उपयोग करवाने को लेकर निर्देशित किया। गौरतलब हो कि हेरहंज प्रखंड खुले में शौच मुक्त हो गया है। बावजूद आज भी कई लोग शौच के लिये घर से बाहर खुले में जाते हैं। साथ ही कई ऐसे परिवार है जो पहले एक ही परिवार में थे अब अलग अलग हो गए हैं, जिसके कारण उनका शौचालय नहीं बन पाया। सरकार के द्वारा निर्देश दिया गया है कि वैसे परिवार जिनका शौचालय नहीं बना है। उनका एक सप्ताह के अंदर सर्वे कर उन्हें शौचालय बनवाकर लाभान्वित करना है। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ प्रदीप कुमार दास, बीपीओ राहुल राज, सभी मुखिया, पंचायत सचिव आत्मा सिंह, अवतार सिंह, सभी रोजगार सेवक, एस बी एम प्रखंड समन्वयक सोनी कुमारी, जेएसएलपी एस के शिव कुमार सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी जल सहिया उपस्थित थे।

### चंदवा थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला गांव की रहने वाली एक युवती ने गांव के ही एक युवक आसिफ खान पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने बताया है कि जब वह अपने घर में अकेली थी उसी वक़्त चकला निवासी आसिफ खान पिता इकबाल खान मौके का फायदा उठाकर घर में घुस गया और युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। युवती के आवेदन पर पुलिस कांड सं 124/23 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

## संवेदक की कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश

# पुल निर्माण में एक साथ 45 विस्फोट, कई घरों को क्षति

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र स्थित मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम के धड़धड़ी नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण कराया जा रहा है। शुक्रवार को पुल निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा एक साथ 45 विस्फोट कराया गया। इससे आसपास के एक दर्जन से अधिक घरों को नुकसान हुआ है, जबकि दो लोगों को पत्थर से चोट लगी है। विस्फोट की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार पलामू के राजवीर कंस्ट्रक्शन द्वारा स्थानीय मुंशी विनय कुमार सिंह की देख-रेख में धरधरी नदी पर पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है। पुल निर्माण में पत्थर आ जाने के कारण पत्थर तोड़ने के लिए एक साथ 45 विस्फोट किए गए। इसमें कामेश्वर सिंह, सुकन सिंह, परमेश्वर सिंह, भुनेश्वर सिंह, कुंज बिहारी सिंह, ठाकुर सिंह, बनवारी सिंह, जगदम्बा देवी, मनोरमा देवी, पुष्पा देवी समेत एक दर्जन से अधिक लोगों के घरों



को नुकसान हुआ है। घर में सोए हुए परमेश्वर सिंह के सीने पर एक पत्थर गिरने से उसे चोट लगी है।

### सूचना दिये बगैर किया विस्फोट : ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण में एक साथ इतना विस्फोट करने से पहले आसपास के घर के लोगों को इसकी सूचना देनी चाहिए थी। वहीं मुख्य सड़क के दोनों ओर आने जाने वाले आदमी को भी रोकना चाहिए था, लेकिन संवेदक के द्वारा ऐसा नहीं किया गया। ग्रामीणों की शिकायत है कि इतने व्यापक पैमाने पर विस्फोटक का उपयोग कर संवेदक द्वारा पूर्णता लापरवाही व मनमानी बरती गई है, जिस पर कारवाई होनी चाहिए। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच की। निर्माण कार्य करवा रहे मुंशी विनय कुमार सिंह से आवश्यक पूछताछ की। मामले को लेकर विभाग के सहायक अभियंता अनिमेष ने बताया कि निर्माण कार्य पलामू की राजवीर कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है, जहा काम के दौरान पत्थर निकलने की सूचना थी जिसे मशीन से हटाने को कहा गया था पर ब्लास्टिंग करने का कोई आदेश नहीं दिया गया था।

## डीडीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**चतरा।** शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में चतरा नगर परिषद अन्तर्गत क्रियान्वित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सीटी मैनेजर रंजीत सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा ने बाजारटांड़ में सब्जी मार्केट कॉम्प्लेक्स, हेरुआ डैम के गहरीकरण, नायकी तालाब के जीर्णोद्धार समेत चल रहे सभी निर्माण कार्यों के अद्यतन स्तिथि की जानकारी दी तथा जिन योजनाओं के कार्यान्वयन में समस्या आ रही है उन समस्याओं से अवगत कराया। उप विकास आयुक्त ने सभी क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा संज्ञान में लाए गए समस्याओं के निराकरण हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत कुल 6 रिड्यूस, रियूज, रीसायकल सेंटर खोले गए हैं जहां पुराने कपड़े, पुरानी किताबें, प्लास्टिक की वस्तुएं एवं पुराने जूते-चप्पल लिये जाते हैं, जहां से उन्हें रिड्यूस, रियूज या रीसायकल की व्यवस्था की जाती है। योजनाओं के कार्यों की जानकारी लेते हुए उप विकास आयुक्त ने राजस्व संग्रहण नियमित रूप से करने का निर्देश दिया।

# भीषण सड़क दुर्घटना में वरिष्ठ पत्रकार की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बालुमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत नवादा के समीप हुई कार दुर्घटना में मनिका के वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर पांडेय की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पत्रकार कौशल किशोर पांडेय अल्टो कार से अपनी भतीजी की शादी से गोखपुरा बिहार से बालूमाथ- पांकी मुख्य मार्ग होते हुए अपने घर मनिका लौट रहे थे। इसी दरमियान नवादा मोड़ के समीप कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। आनन फान में मौके पर मौजूद ओम प्रकाश जायस्वाल, संजू भोगता व स्थानीय लोगों की मदद से कौशल किशोर पांडेय को घायल अवस्था में कार से बाहर निकाला गया।

बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश राम ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में मांडर के समीप घायल पत्रकार ने अंतिम सांस ली। पत्रकार के दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर स्थानीय पत्रकार, जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ताओ की भीड़ सीएचसी में उमड़ पड़ा। पुलिस प्रशासन, अस्पताल कर्मी मुस्तैद थे।

### पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुई कार



पत्रकार की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर बालूमाथ के पत्रकार कमरुल आरफी, अजित कुमार, अरशद आजमी, मो इरफान,मो शकील जैदी, संतोष सिन्हा, शशि भूषण प्रसाद, मो अरबाज, रामकुमार राम, संजय कुमार राम, मो एजाज खान, मो खुर्शीद, कुतुबुद्दीन आदि ने गहरा शोक व्यक्त की। वहीं भाजपा नेता शैलेश सिंह, लक्ष्मण कुश्वाहा, जयनंदन प्रसाद, अमित कुमार, राजद नेता सुरेश राम, प्रीत लाल यादव, दीपक यादव, श्यामसुंदर यादव व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# ग्रामीणों ने 200 केवी के ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर की सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटम टोला के ग्रामीणों ने रांची चतरा मुख्य मार्ग पांकी मोड़ के पास शनिवार को सुबह सड़क जाम कर दिया। इससे सड़क के तीनों मार्ग में वाहनों की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 1 माह से हम इस चिलचिलाती धूप में बिना बिजली के रहने को विवश हैं। टमटम टोला घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां 65 केवी, 100 केवी का ट्रांसफर आए दिन जलकर खराब हो जा रहा है। यहां 200 केवी के ट्रांसफार्मर की अति आवश्यकता है। इसको लेकर



बिजली विभाग को पिछले एक माह से निरंतर अवगत कराया जा रहा है। लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने 200 केवी के ट्रांसफार्मर की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने एसडीओ से फोन में बात कर यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर देने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम छोड़ा।

## कार हादसे में चालक की दर्दनाक मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर कर्बला के समीप एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के भेंडिफार्म धर्मपुर गांव निवासी 32 वर्षीय संदीप सिंह, पिता प्रमोद सिंह के रूप में हुई है। घटना बीती शुक्रवार की देर रात की है। बताया जाता है कि धर्मपुर गांव निवासी संदीप सिंह अपने घर से हजारीबाग की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में यह हादसा हुआ।



# आदिम जनजाति समुदाय के युवक की ट्रेन से गिरकर हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
नेतरहाट थाना क्षेत्र के दूरूप पंचायत के गांव पुरानडीह के 25 वर्षीय आदिम जनजाति समुदाय के युवक अल्बर्ट बिरिजिया की ट्रेन से गिरकर 24 मई को मौत हो गई, जिसका शव 10 दिन बाद लाकर गांव में दफनाया गया। अल्बर्ट बिरिजिया अपने गांव के दो दोस्तों के साथ 21 मई को पलायन कर मजदूरी करने तमिलनाडू ट्रेन से जा रहा था। 14 मई को केरल से एक स्टेशन पहले चलती ट्रेन से गिरकर अल्बर्ट बिरिजिया की मौत हो गई। उसके दोस्त अगले स्टेशन में उतर कर इस हादसे की खबर रेलवे



मृतक का भाई

विभाग के कर्मी को दी। फिर 16 मई को पुलिस द्वारा अल्बर्ट बिरिजिया के शव को जंगल क्षेत्र से ढूंढ़कर निकाला गया। पुरानडीह गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार नहीं मिलने के कारण दूरूप पंचायत भर से सैकड़ों ग्रामीण पलायन कर तामिलनाडू, केरल, दिल्ली, पंजाब जैसे महानगरों में मजदूरी करने जाते हैं। इस संबंध में मृतक अल्बर्ट बिरिजिया के बड़े भाई सुनिल बिरिजिया ने कहा कि मेरी नैकरी रिजर्व पुलिस बल में है, इस कारण मुझे ज्यादा परेशानी तो नहीं हुई, लेकिन कानूनी प्रक्रिया पूरा करते एवं पोस्टमार्टम होते नौ दिन के बाद मैंने भाई के शव को गांव लाकर दफनाया। चार साल पूर्व उसकी शादी हुई थी, लेकिन कोई बच्चा नहीं है। पिछले दो साल से वह तमिलनाडू जाकर पाइन एप्पल के बगान में काम करता था।

## पहल | 65 करोड़ की लागत से बनेगा 13.5 किमी पथ

# विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को पथ निर्माण विभाग द्वारा लगभग 65 करोड़ की लागत से बनने वाले हामी से ओरसा होते हुए छतीसगढ़ सीमा तक 13.5 किमी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर हामी मोड़ में जनसभा का आयोजन किया गया, जिसको संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वर्षों से ओरसा पंचायत की ग्रामीण इस सड़क को लेकर प्रयासरत थे। वहीं ओरसा पंचायत के लगभग सभी गांव सड़क नहीं होने के कारण प्रखंड मुख्यालय से कट जाते थे और सड़क नहीं होने के कारण विकास कार्य भी पूरी तरह बाधित था। लेकिन ग्रामीणों की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी होने से ग्रामीणों में एक आस जगी है कि अब उनके क्षेत्र का भी चौतरफा विकास होगा। साथ ही इस रोड के




बन जाने से ओरसा पंचायत के अलावा छतीसगढ़ के लोगों का व्यापार प्रखंड से बढ़ेगा।

इस अवसर पर ओरसा पंचायत की मुखिया अमृता देवी ने ओरसा पंचायत की जनता की ओर से स्थानीय विधायक को रोड निर्माण के लिए आभार जताया। साथ ही क्षेत्र की समस्यायों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की ओरसा पंचायत के ग्रामीणों ने रोड बनाने की मांग को लेकर काफी संघर्ष किया है, जिसपर ध्यान देते हुए विधायक की अनुशंसा से इस रोड का निर्माण हो रहा है। इसके परिणाम स्वरूप ओरसा के ग्रामीणों को अनुमंडल मुख्यालय आने-जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा जनसभा लगाकर उपस्थित लोगों की समस्याओं को भी सुना गया। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा एसडीपीओ राजेश कुजूर, बीडीओ सह सीओ अमरेन डांग, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सदस्य इफ्तेखार अहमद, अजितपाल कुजूर, राम नरेश ठाकुर बसारत अली नुरुल कादरी समेत ओरसा और हामी पंचायत के ग्रामीणों के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ‘बरवाहडीह प्रखंड में 20000 सदस्यों को जेएमएम से जोड़ने का लक्ष्य’

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव सचिव शमशुल हुदा, प्रवक्ता सदस्यता प्रभारी दीपू कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार प्रखंड के सभी पंचायतों में जोर-शोर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को छेचा पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा में वरिष्ठ नेता सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी एवं प्रखंड उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य महबूब आलम के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। शशि भूषण तिवारी ने कहा कि प्रखंड में 20,000 से अधिक झारखंड मुक्ति मोर्चा सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि छेंचा पंचायत में डोर टू डोर संपर्क कर जेएमएम का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा



से ज्यादा लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के साथ जुड़ेंगे उतना ही हमारी पार्टी तेजी से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के 84 गांवों में यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा। मौके पर पार्टी के अशोक कोरबा, श्रीनाथ मिस्त्री, भूखली देवी, जिलेबिया देवी, सत्येंद्र कुमार सिंह, सोनू कोरवा, कर्म राम समेत अन्य लोग साथ थे।

## भाजपा विधायक पर धमकी व गाली गलौज करने का लगाया आरोप

**चतरा/टंडवा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में शिविपुर कोठोतिया रेलवे लाइन निर्माण में लगी राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सिमरिया से भाजपा विधायक किशुन कुमार दास पर धमकी व गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में राजा कंस्ट्रक्शन ने एसपी को लिखे पत्र में मामला संज्ञान में देते हुए कहना है कि 3 जून 2023 को सिमरिया विधायक श्री दास के द्वारा हमारे मैनेजर अविनाश को फोन करके धमकी एवं गाली-गलौज किया गया है, इससे पूर्व में भी ग्रामिणों के सामने बुकरू गांव में मुझे एवं हमारे सारे कम्पनी के कर्मियों को ग्राम सभा के दौरान काफी गाली-गलौज दिया गया था। पत्र में आगे बताया गया है कि ऐसे में हम इस महौल में कार्य करने से असमर्थ महसुस कर रहे हैं। इससे कार्य करने में काफी बाधा उत्पन्न हो रही है। साथ ही एसपी से मामले को अपने संज्ञान में लाते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का आग्रह किया गया है।

# एफपीआई ने मई में 43,838 करोड़ रुपये का निवेश किया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयर बाजारों में 43,838 करोड़ रुपये का निवेश किया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि मई में बाजार में एफपीआई आक्रामक खरीदार थे और उन्होंने शेयर बाजार और प्राथमिक बाजार के जरिए कुल मिलाकर 43,838 करोड़ रुपये का निवेश किया। उन्होंने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के बीच एक सर्वेक्षण से पता चला है कि सभी उभरते बाजारों की तुलना में भारत का आकर्षण ज्यादा होने को लेकर उनके बीच आम सहमति है। भारत ने मई में सभी उभरते बाजारों में सबसे बड़ा निवेश आकर्षित किया, जबकि एफपीआई चीन में बिकवाल रहे। एफपीआई के जून में भी भारत में अपना निवेश जारी रखने की संभावना है क्योंकि नवीनतम जीडीपी डेटा और अन्य संकेतक एक मजबूत अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय, ऑटोमोबाइल, दूरसंचार और निर्माण बड़े निवेश को आकर्षित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ कारोबारी दिनों में निफ्टी 18887 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर को पार कर नया रिकॉर्ड बना सकता है। लेकिन रिकॉर्ड स्तर पर बिकवाली का दबाव है क्योंकि मूल्यांकन चिंता का विषय बनेगा। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा कि उम्मीद से बेहतर राष्ट्रीय आय के आंकड़ों, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई को प्रोत्साहित करने और अंत में अमेरिकी ऋण सीमा चचाओं के बंद होने से इक्विटी बाजार काफी उत्साहित है। इन कारकों से बनी सकारात्मक भावना कुछ और समय तक बनी रह सकती है। हालांकि, निकट भविष्य में निर्यात में गिरावट के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि लगभग सभी ऑटो कंपनियों ने निर्यात में मंदी की बात कही है।

# जून में लॉन्च होंगे 6 स्मार्टफोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेक कंपनियां जून महीने में भी एक से बढ़कर एक स्मार्टफोन लॉन्च करने वाली हैं। इसमें रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी सैमसंग गैलेक्सी एफ54 5जी वनप्लस 11 मार्बल ओडिसी, वनप्लस नॉर्ड 3आइक्यूओओ नियो 7 प्रो और ओप्पो एफ23 प्रो शामिल हैं। खास बात यह है कि रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी में 200एमपी का कैमरा मिलेगा। ये सभी फोन अलग-अलग सेगमेंट में आएंगे। ऐसे में अगर आप किसी भी सेगमेंट का स्मार्टफोन खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो इस महीने आपको कई नए ऑप्शन मिलेंगे। जिसमें से आप अपने बजट और पसंद के अनुसार बेस्ट फोन चुन सकते हैं। आइए जून महीने में लॉन्च होने वाले स्मार्टफोन्स और उसके एक्सपेक्टेड स्पेसिफिकेशन के बारे में जानते हैं। रियलमी ने अपने ऑफिशियल वेबसाइट में रियलमी 11 प्रो सीरीज के दो स्मार्टफोन रियलमी 11 प्रो 5जी और रियलमी 11 प्रो+ 5जी को टीज किया है। कंपनी इन दोनों स्मार्टफोन को 8 जून को लॉन्च करेगी। टीजर के अनुसार, रियलमी 11 प्रो सीरीज में फोटोग्राफी के लिए 200 एमपी का प्राइमरी कैमरा मिलेगा। इसके अलावा इन दोनों स्मार्टफोन में कंपनी मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 प्रोसेसर, 6.7 इंच की फुल एचडी+ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले और 100वाट की सुपर फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5000एमएएच की बैटरी दे सकती है।



# 40 प्रतिशत तक कूलिंग कंपनियों की बिक्री घटी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल कूलिंग प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों का समर सीजन बेमौसम बारिश की भेंट चढ़ गया। पिछले साल के मुकाबले डबल डिजिट (10% से ज्यादा) ग्रोथ की उम्मीद कर रही कंपनियों की बिक्री 35-40% घट गई। मार्च, अप्रैल के बाद मई में भी बारिश और बादलों के चलते गर्मी सामान्य से कम रही। इसके चलते ज्यादातर लोगों ने एसी, कूलर, फ्रिज खरीदने की योजना स्थगित कर दी। आइसक्रीम, कोल्ड-ड्रिंक्स जैसे प्रोडक्ट्स की बिक्री भी घटी। टेलकम पाउडर, ठंडे तेल जैसे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल की तो नौबत ही नहीं आई। रिटेल बिक्री पर नजर रखने वाले प्लेटफॉर्म बिजोम के मुताबिक, मार्च से मई के बीच शीतल पेय की बिक्री बीते साल के मुकाबले 25% से ज्यादा घट गई। आइसक्रीम की बिक्री में 38% और साबुन की बिकी में 8% गिरावट गई। एसी की बिक्री सबसे ज्यादा 40% तक घट गई। एसी, फ्रिज, कूलर, कोल्ड-ड्रिंक्स, टेलकम पाउडर जैसे प्रोडक्ट्स की सालभर की 50-60% बिक्री 1 मार्च से 15 जून के बीच होती है। लेकिन इस साल डीलर और खुदरा विक्रेता स्टॉक नहीं निकाल पाए। कई कूलिंग कंपनियों ने इस साल उत्पादन 30 फीसदी तक घटाने का फैसला किया है। इमामी के वाइस चेयरमैन मोहन गोयनका के मुताबिक अधिकांश समर प्रोडक्ट्स की बिक्री इस साल कमजोर रही है। वोल्टाज के टऊ प्रदीप बख्शी के मुताबिक इस साल डबल डिजिट ग्रोथ की जगह इंडस्ट्री को डबल डिजिट की डी-ग्रोथ दिख रही है। गोदरेज अप्लायंसेस बिजनेस हेड एंड एग्जीक्यूटिव श्ढ कमल नंदी बताते हैं कि इस साल गर्मियों में एसी और रेफ्रीजरेटर की बिक्री 30-40% तक घट गई। ये चिंता की बात है, क्योंकि कूलिंग प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरर्स के लिए समर सीजन ही सबसे महत्वपूर्ण होता है।

# बढ़ते फ्लाइट किराए पर लग सकती है लगाम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

बढ़ते यात्रियों की डिमांड पूरी करने के लिए घरेलू एयरलाइंस ने फ्लाइट्स बढ़ाने की योजना बनाई है। इस वित्त वर्ष यानी मार्च 2024 तक कंपनियां करीब 115 विमान फ्लीट में जोड़ेंगी। इनमें से ज्यादातर एयर इंडिया और इंडिगो को डिलीवर होंगे। इनका इस्तेमाल घरेलू रूट्स पर किया जाएगा, जिससे बढ़ते किराए पर लगाम लगने की संभावना है। असल में गो फर्स्ट की सर्विस बंद होने के बाद घरेलू एयरलाइंस इंडस्ट्री में डिमांड और सप्लाई का फर्क बढ़ गया है। इसके चलते कुछ मार्गों पर किराया पांच गुना तक हो गया है। कंपनियां इसी मौके का फायदा उठाना चाहती हैं। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट इनमें शामिल हैं। लेकिन एयरलाइन ब्लॉग नेट वर्क थाउट्स की संस्थापक अमेया जोशी ने कहा, ह्ययदि 115 नए विमान जुड़ जाते हैं तो भी मांग पूरी करना चुनौतीपूर्ण होगा।ह्ल इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक कुल 115 नए विमानों में से 79% सिर्फ इंडिगो और टाटा ग्रुप की कंपनियों- एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा से जुड़ेंगे। घरेलू रूट्स की ट्रैफिक में करीब 60% हिस्सेदारी वाली इंडिगो मार्च 2024 तक अपनी फ्लीट में करीब 50 नए विमान जोड़ेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यदि इंजन की सप्लाई सुधरती है तो ज्यादा नए विमान फ्लीट में जोड़े जाएंगे। इंजन की कमी से 35 विमान ग्राउंडेड हैं। टाटा ग्रुप की एअर इंडिया अगले साल मार्च तक 21 एयरबस ए321 नियो एयरक्राफ्ट फ्लीट में जोड़ेगी। कंपनी को पहले चार ऐसे विमान मिल गए हैं। घरेलू मार्गों पर इनका इस्तेमाल इसी महीने से किया जाएगा। स्पाइसजेट के एक अधिकारी ने कहा, ह्यकंपनियों के साथ लीज एग्रीमेंट किए जा रहे हैं। हम चरणबद्ध तरीके से फ्लीट बढ़ाएंगे।

### 20 लाख से ज्यादा प्रोडक्ट्स पर मिलेंगे तगड़े डिस्काउंट ऑफर्स

# मिंत्रा की ईओआरएस-18 सेल शुरू

**एजेंसी। बेंगलुरु**

साल का बहुप्रतीक्षित फैशन कार्निवल मिंत्रा का एंड ऑफ रीजन सेल (ईओआरएस-18) शुरू हो गया है। इसमें 6,000 से अधिक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांड के 20 लाख से अधिक फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल उत्पाद मिल रहे हैं। यह संस्करण मिंत्रा के अनूठे रोमांचक नए लॉन्च के साथ खरीदारों को रोमांचित करने का वादा करता है। यहां आपका इंतजार कर रही चीजों की एक झलक है। बेजोड़ कीमतों पर अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडः भारत में फैशन फॉरवर्ड ग्राहकों के साथ जुड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के लिए अग्रणी प्लेटफार्मों में से एक मिंत्रा पर दुनिया भर के लोकप्रिय ब्रांड हैं। इनमें नेक्स्ट, एलसी वाईकिकी मैन, टेरानोवा, अर्बन रिवाइवो, ब्रेवसोल, डीकेएनवाई तथा कई अन्य शामिल हैं। कंपनी के मुताबिक, इस ईओआरएस में कुछ प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों पर ऑफर्स हैं - एमआरपी पर 25 फीसदी से लेकर 40 फीसदी की भारी छूट, जो इसे वैश्विक फैशन ट्रेंड के साथ अपने वॉर्डरोब को अपग्रेड करने का एक सही अवसर बनाता है। एमआरपी पर 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ कैजुअल, एथनिक और वेस्टर्न वियरः आरामदायक टी-शर्ट और शॉर्ट्स से लेकर साड़ी, कुर्ता, स्टाइलिश जैकेट तथा और भी काफी कुछ - मिंत्रा ने आपको पूरी तरह कवर किया है। कैजुअल, एथनिक और वेस्टर्न वियर कैटेगरी में बढ़ी मांग पूरी करने के लिए एफसीयूके, कल्कि फैशन और अन्य ब्रांड एमआरपी पर 50 प्रतिशत तक की छूट दे रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि आप किसी भी अवसर के लिए अपने लिए सही पहनावा ढूंढ सकें। सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभालः मिंत्रा पर उपलब्ध सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की विस्तृत रेंज के साथ अपनी सौंदर्य दिनचर्या को बढ़ाएं। प्रादा, राल्फ लॉरेन, डीजल, और सेबेस्टियन प्रोफेशनल जैसे शानदार बहुराष्ट्रीय ब्रांडों से लेकर पेरफोरा और हैमर जैसे स्थानीय ब्रांड तक, अपने पसंदीदा उत्पादों को एमआरपी पर न्यूनतम 50 प्रतिशत की छूट पर पाएं। स्पोर्ट्स फुटवियरः बेहतरीन स्पोर्ट्स फुटवियर के साथ अपने खेल को आगे बढ़ाएं, मिंत्रा आपके लिए नाइकी, सोलोमोन, प्रेट-ई-टूअर जैसे प्रसिद्ध ब्रांड लेकर आया है जो आपके एक्टिव लाइफस्टाइल को गति देने के लिए एमआरपी पर 50 से 80 प्रतिशत तक की छूट के आकर्षक ऑफर लेकर आए हैं। आप ट्रेकिंग, साइकिलिंग, जॉगिंग, या किसी साहसिक गतिविधि के लिए अपना सही ड्रेस खोजें और अभूतपूर्व ऑफर का आनंद लें।




## विदेश

# पाक 200 मछुआरों और तीन भारतीय कैदियों को करेगा रिहा

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान अपनी जेलों में बंद 203 भारतीयों को रिहा करने जा रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान 200 भारतीय मछुआरों और तीन नागरिक कैदियों को रिहा करेगा। उन्होंने कहा कि उनका देश मानवीय आधार पर 200 भारतीय मछुआरों और तीन असैन्य कैदियों को रिहा करेगा। बिलावल ने ट्वीट में लिखा, आज, पाकिस्तान 200 भारतीय मछुआरों और 3 नागरिक कैदियों को रिहा कर रहा है। इससे पहले, 198 भारतीय मछुआरों को 12 मई, 2023 को छोड़ा गया था। यह मानवीय मामलों का राजनीतिकरण नहीं करने की पाकिस्तान की नीति के अनुरूप है। करुणा को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए।₹ हाल ही में, भारतीय तटरक्षक जहाज ने भारतीय मछुआरों को पाकिस्तानी चुंगल से रिहा कराया था। इन मछुआरों को पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएमएसए) द्वारा पाकिस्तानी बंदरगाह पर ले जाया जा रहा था। यह घटना 6 अक्टूबर को हुई थी जब भारतीय तटरक्षक जहाज अरिंजय को जखाऊ से एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव हरसिद्धि -5 से जुड़ी एक आपात स्थिति के बारे में सूचना मिली थी। यह नाव गुजरात तट से समुद्री सीमा रेखा के करीब मछली पकड़ रही थी।




## पाक में ईशनिंदा पर ईसाई युवक को फांसी की सजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ईशनिंदा के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। ऐसे में सरकार से लेकर अदालतों ने सख्त रुख अपनाया है। ताजा घटनाक्रम के मुताबिक, पाकिस्तान की एक अदालत ने कथित रूप से ईशनिंदा करने के आरोप में एक ईसाई युवक को मौत की सजा सुनाई है। युवक पर 20,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। आरोप है कि युवक ने चार साल पहले सोशल मीडिया के जरिए ईशनिंदा की थी। पाकिस्तान की अदालत में ईशनिंदा के आरोप में दोषी पाए जाने वाले शख्स की पहचान नौमान मसीह (19) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वह लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर की इस्लामी कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, उसे चार साल पहले एक शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया था कि उसने एक मैसेजिंग ऐप पर ईश-निंदा सामग्री साझा की थी।

# भारतीय मूल के अजय बंगा ने संभाला वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट का पद

### 5 साल तक रहेगा कार्यकाल

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

भारतीय मूल के अजय बंगा ने वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष पद का पदभार संभाल लिया है। इसके साथ ही वे दो ग्लोबल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस वर्ल्ड बैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड में से किसी एक का प्रमुख बनने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति बन गए हैं। 3 मई को, विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशकों ने 63 वर्षीय बंगा को पांच साल के कार्यकाल के लिए विश्व बैंक के 14वें अध्यक्ष के रूप में चुना। फरवरी में, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घोषणा की थी कि अमेरिका अजय बंगा को विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए नामित कर रहे हैं। विश्व बैंक समूह के नए अध्यक्ष के रूप में अजय बंगा का स्वागत करने में हमारा साथ दें। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एक ट्वीट में कहा कि मैं अजय बंगा से अच्छा काम करने की उम्मीद करती हुं। बंगा विश्व बैंक के प्रमुख बनने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। उन्होंने डेविड मलपास की जगह ली है। अजय बंगा पांच साल तक विश्व बैंक के अध्यक्ष बने रहेंगे। बंगा ने हाल ही में जनरल अटलांटिक में उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। अजय बंगा इससे पहले लगभग 24,000 कर्मचारियों वाले वैश्विक संगठन मास्टरकार्ड के अध्यक्ष और सीईओ थे। उनके नेतृत्व में मास्टरकार्ड ने सेंटर फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ लॉन्च किया था। यह दुनिया भर में समान और टिकाऊ आर्थिक विकास और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाता है। वह 2020-2022 तक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स के मानद अध्यक्ष थे। वहीं, वह 2021 में अपनी स्थापना के समय जनरल अटलांटिक के जलवायु-केंद्रित फंड, बियॉन्डनेटजेरो के सलाहकार बने। बंगा ने मध्य अमेरिका के लिए साझेदारी के सह-अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। यह निजी संगठनों का एक गठबंधन है जो अल सल्वाडोर, ग्वाटेमाला और होंडुरास में वंचित आबादी में आर्थिक अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए काम करता है। वह पहले अमेरिकन रेड क्रॉस, क्राफ्ट फूड्स और डॉव इंक के बोर्ड में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बंगा साइबर रेडीनेस इंस्टीट्यूट के सह-संस्थापक हैं और न्यूयॉर्क के इकोनॉमिक क्लब के वाइस चेयरमैन थे।



## रूसी मिसाइल वैज्ञानिकों पर देशद्रोह का मुकदमा शुरू

**मॉस्को।** रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइल की टेक्नॉलोजी पर काम करने वाले अपने 3 वैज्ञानिकों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा शुरू कर दिया है। इन तीनों पर चीन को मिसाइल टेक्नोलोजी से जुड़ी गुप्त जानकारी देने के आरोप लगाए गए हैं। तीनों साइबेरियाई शहर नोवोसिबिर्स्क में एक संस्थान में काम करते थे। पहले वैज्ञानिक अनातोली को गुरुवार के दिन सुनवाई के लिए रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में लाया गया। उनकी कस्टडी को 10 नवंबर तक बढ़ाया गया है। ट्रायल की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। मीडिया को भी इससे दूर रखा गया है। वहीं, वैज्ञानिकों के वकीलों को भी कुछ भी कहने से इनकार किया गया है। तीनों को पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था। तब से 76 साल के अनातोली को 2 बार हार्ट अटैक आ चुका है। उनकी तबीयत लगातार खराब रहती है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बयान जारी कर बताया है कि तीनों वैज्ञानिकों (अनातोली, अलेक्जेंडर और वैलेरी) के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर हैं।

## चुनौती

### प्लास्टिक प्रदूषण के खात्मे के लिए महत्वपूर्ण संधि की ओर बढ़े कदम

# 2040 तक उत्पादन खत्म करने का लक्ष्य

**एजेंसी। पेरिस**

संयुक्त राष्ट्र ने प्लास्टिक प्रदूषण की से निपटने के लिए कारगर उपाय अपनाए जाने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र ने चिन्ता जताते हुए कहा है कि प्लास्टिक प्रदूषण की चुनौती से मानवाधिकारों के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस बीच वैश्विक वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक प्रारंभिक मसौदा संधि तैयार करने पर सहमत हो गए हैं, जो प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक प्रारंभिक लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।पर्यावरण अधिवक्ताओं ने प्लास्टिक प्रदूषण पर पेरिस में संयुक्त राष्ट्र की पांच दिनों की वार्ता के परिणाम का स्वागत किया, लेकिन साथ ही चिंता व्यक्त की कि पेट्रोलियम उद्योग और कुछ सरकारें संधि को कमजोर कर देंगी क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक जीवाश्म ईंधन से बनाया जाता है। वार्ता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने कहा कि प्लास्टिक के लिए अंतर सरकारी वार्ता समिति के प्रतिनिधियों ने नवंबर में केन्या में अपनी अगली बैठक से पहले एक प्रारंभिक मसौदा तैयार करने के लिए शुक्रवार शाम को सहमति व्यक्त की। पर्यावरण समूह 2040 तक प्लास्टिक उत्पादन को कम करके और प्लास्टिक बनाने में इस्तेमाल होने वाले कुछ रसायनों को सीमित करके प्लास्टिक प्रदूषण को पूरी तरह से समाप्त करना चाहता है। अनुमान बताते हैं कि आज जन्म लेने वाला बच्चा 18 वर्ष की आयु तक प्लास्टिक उत्पादन को दोगुना देखेगा, लेकिन हम जानते हैं कि प्लास्टिक उत्पादन में वृद्धि के परिणाम हमारे स्वास्थ्य, ग्रह और जलवायु के लिए विनाशकारी होंगे,₹ डॉ तादेसी अमेरा ने कहा, वैश्विक नियंत्रण की आवश्यकता के प्रति प्रतिनिधियों के बीच बढ़ती जागरूकता से हम आशावादी हैं।₹अमेरिका, चीन और सऊदी अरब जैसे बड़े पेट्रोलियम उद्योगों वाले देश इसके बजाय प्लास्टिक रीसाइक्लिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और बोर्ड की सीमाओं के बजाय देश-दर-देश नियम चाहते हैं। अमेरिकी रसायन परिषद में वैश्विक प्लास्टिक नीति के वरिष्ठ निदेशक स्टीव हैरिस ने प्रत्येक सरकार को ₹उनकी अनूठी परिस्थितियों के आधार पर सही उपकरण का उपयोग करने₹ की अनुमति देने के लिए तर्क दिया। हैरिस ने एक बयान में कहा कि प्लास्टिक का पुनः उपयोग - ₹प्रदूषण से निपटने और प्लास्टिक के उत्पादन और उपभोग में अधिक टिकाऊ होने के साधन के रूप में वार्ता में सबसे आगे था।



### चीन पर बरसे अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन, बोले

# विवाद खत्म करने के लिए बातचीत जरूरी

**एजेंसी। सिंगापुर**

चीन की ओर से ताइवान और दक्षिणी चीन सागर में सीमा विवाद के मुद्दे पर सेनाओं की बातचीत से इनकार करने को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन ने शनिवार को चीन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि विवाद खत्म करने के लिए बातचीत जरूरी है। वह एशिया के सुरक्षा सम्मेलन सांगरी ला डायलाग को संबोधित कर रहे थे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की ओर से चीन की यात्रा रद्द किए जाने के बाद से ही दोनों देशों के बीच बातचीत बंद है। चीन के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बातचीत में रुकावट के लिए अमेरिका जिम्मेदार है, जिसने चीनी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया और एशिया प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता को सैन्य उपस्थिति से प्रभावित किया। अमेरिका और चीन के बीच संबंध दशक के निचले स्तर पर है। वह कई मुद्दों पर विभाजित नजर आ रहे हैं। चाहे ताइवान की संप्रभुता का मामला हो, जासूसी या दक्षिण चीन सागर में सीमा विवाद हो। आस्टिन ने कहा कि विवाद को दूर करने और एशिया प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए अमेरिका और चीन के रक्षा और सैन्य क्षेत्र से जुड़े नेताओं के बीच बातचीत जरूरी है। हम जितना अधिक बात करेंगे उतनी ही गलतफहमी दूर होगी।

## एक नजर इधर भी

# दोहें में छुपा जीवन का मर्म

***मध्यकालीन*** युग के महान कवि संत कबीर दास ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। इनमें जीवन का मर्म छुपा है। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंध श्रद्धा और आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है और इस वर्ष संत कबीर की जयंती 04 जून को है। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीर ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, ''महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है?'' संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहे अनुसार लालटेन जलाकर ले आई। वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनट बाद कबीर ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ये संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीर ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है? उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीर दास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वतः ही हल हो जाती है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**


**■ गिरीश्वर मिश्र**

# श्रेष्ठ राजव्यवस्था व आनंददायी समाज

***दुनिया*** के सभी समाज सुख और आनंद के इच्छुक रहते हैं। सुख और दुख बारी बारी से आते जाते हैं। मनुष्य समाज का अंग है। लेकिन अनेक अवसरों पर मनुष्य और समाज के बीच अंतर्विरोध भी दिखाई पड़ते हैं। मनुष्य प्रकृति का भी अंग है। लेकिन मनुष्य और प्रकृति के बीच अंतर्विरोध भी होते हैं। यह मनुष्य को दुखी करते हैं। समाज शांतिपूर्ण ढंग से रहने के लिए राजव्यवस्था विकसित करते हैं। महाभारत में राजा को काल का कारण बताया गया है। राजव्यवस्था समाज को सुखी बनाने के प्रयत्न करती है। राजा या राजव्यवस्था महत्वपूर्ण है। राजव्यवस्थाएं आनंदमगन समाज के लिए मार्ग प्रशस्त करती हैं। मनुष्य की अनेक मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं। अनेक अभिलाषाएं होती हैं। ऋग्वेद (9.113.10 व 11) में प्रार्थना है, 'जहां सारी कामनाएं पूरी होती हैं। जहां सुखदाई तृप्तिदायक अन्न हों। हे देव हमें वहां स्थायित्व दें।' अन्न और कामनाओं की पूर्ति पर्याप्त नहीं है। इसलिए आगे कहते हैं, 'जहां आनंद मोद, मुद और प्रमोद हैं - यत्र आनंदश्च मोदाश्चस मुद प्रमोद आसते।' इस मंत्र में आनंद मुद मोद और प्रमोद एक साथ आये हैं। इसी के आगे सुंदर राजव्यवस्था की इच्छा है। आदर्श राजव्यवस्था के अभाव में राष्ट्र सुखी नहीं होते। श्रेष्ठ राजव्यवस्था आनंददायी होती है। इसी प्रार्थना में आदर्श राजव्यवस्था का उल्लेख करते हैं, 'जहां विवस्वान (सूर्य) का पुत्र राजा है, जहां आनंद का द्वार है, आप वहां स्थायित्व दें।' यहां एक आदर्श राजव्यवस्था की प्रार्थना की गई है। राजा या राजव्यवस्था समाज को आनंदपूर्वक रहने के अवसर उपलब्ध कराती है। भारतीय परंपरा में राजा शासक नहीं सेवक है। प्रजा पुत्र है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिम्मेदार राजप्रमुख हैं। वे स्वयं को प्रधानसेवक कहते हैं। बीते माह उनके कार्यकाल के नौ साल पूरे हुए हैं। इस अवधि की अनेक उपलब्धियां हैं। नौ साल विकास और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का उल्लेखनीय कालखंड रहा है। इस अवधि में देश ने अनेक आश्चर्यजनक उपलब्धियां पाई हैं। सारी दुनिया को हिला देने वाली कोरोना महामारी ने यहां अनेक चुनौतियां पेश की थीं। तमाम देशों में कोरोना के कारण मौत का तांडव था। मोदी जी ने लॉकडाउन का साहसिक निर्णय लिया। कोरोना से लड़ने में सरकार ने पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा पाई। भारत ने दुनिया के अनेक देशों में वैक्सीन भेजी। देश के भीतर कोरोना से लड़ने की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी की। तमाम सर्वेक्षणों में मोदी जी शक्तिशाली ग्लोबल लीडर बताये गये। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद बहुत लम्बे अरसे से भारत पर आक्रामक रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस आतंकवाद से निर्णायक युद्ध हुआ। मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवादियों के ठिकानों पर लक्षित हमला (सर्जिकल स्ट्राइक) हुआ। पूरे देश ने मोदी जी के इस निर्णय की प्रशंसा की। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने का निर्णय आसान नहीं था। यद्यपि संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 370 के शीर्षक में ही लिख दिया था, -जम्मू कश्मीर के विषय में अस्थाई उपबंध।' संविधान निर्माता अपनी तरफ से इसे अस्थाई लिख चुके थे। लेकिन संविधान निर्माण (1949) से लेकर 2019 तक यह स्थाई अनुच्छेद बना रहा। मोदी जी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाने का साहसपूर्ण फैसला लिया गया। इस अनुच्छेद के पक्षकार आश्चर्यचकित थे और राष्ट्रवादी शक्तियां प्रसन्न थीं। यह एक अनूठी पहल थी। देश के लोगों में आत्मविश्वास का नया वातावरण देखा गया। मोदी जी ने अनेक लोकप्रिय योजनाओं की शुरूआत की। जनधन योजना गरीबों के लिए सहारा बन कर सामने आई। इस योजना में खाते पर गरीबों को चेकबुक, पासबुक दुर्घटना बीमा के अलावा ओवरड्राफ्ट की भी सुविधा है। यह एक अनूठी योजना है। इसी तरह किसानों की आय बढ़ाने की दृष्टि से केंद्र सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना लाई। इस योजना में केंद्र सरकार देश के छोटे किसानों को साल में 6000 रुपये की सहायता देती है। इस योजना से छोटे किसानों को पर्याप्त राहत मिली। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना 2020 में शुरू हुई थी। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन था। इस समय इस योजना को शुरू किया गया। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन मिला। गरीबों के लिए यह योजना बहुत उपयोगी रही। इसी तरह उज्जवला योजना 2016 में शुरू हुई थी। यह एक असाधारण योजना है। महिलाओं के जीवन में क्रन्तिकारी बदलाव आया। इस योजना के अधीन एक साल में 12 गैस सिलेंडर बांटे जाते हैं। प्रत्येक सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जाती है। एक साल में सब्सिडी के रूप में 2400 रुपये का लाभ मिलता है। आयुष्मान भारत योजना सारी दुनिया में विशिष्ट है। नागरिकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखकर बनाई गई यह योजना गरीबों के लिए सहारा बनी। इस योजना में 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा है। दवाई की लागत व चिकित्सा पर अन्य खर्च सरकार देती है। इस योजना में पात्रों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है। आयुष्मान कार्ड धारक गरीब सूचीबद्ध अस्पतालों में अपना इलाज मुफ्त कराते हैं। इस योजना की प्रशंसा सारी दुनिया ने की है। मोदी सरकार के नौ वर्ष अनेक योजनाओं से भरे पूरे हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना महत्वपूर्ण है। इस योजना के बीमा धारक की मृत्यु होने की स्थिति में उसके परिवार को 2 लाख तक की आर्थिक सहायता मिलती है। वर्ष भर में सिर्फ 436 रुपये देकर इस योजना का लाभ मिलता है। गरीबों और वंचितों के लिए यह योजना बड़ी उपयोगी है। इसी तरह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 2015 में शुरू हुई थी। इसका जोर शोर से प्रचार और स्वागत हुआ था। इसका सालाना प्रीमियम केवल 12 रुपये था। अब 2022 से यह 20 रुपए कर दिया गया है। सालाना 20 रुपये में 2 लाख का सुरक्षा कवर महत्वपूर्ण है। ध्यान देने योग्य है। प्रशंसनीय है। अटल पेंशन योजना भी राष्ट्रीय चर्चा में रहती है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई यह योजना वस्तुतः एक पेंशन स्कीम है। इस योजना में 18 वर्ष से 40 वर्ष की उम्र तक निवेश करना होता है। 60 वर्ष की उम्र के बाद प्रत्येक माह अधिकतम 5000 रुपये की पेंशन मिलती है। पेंशन की राशि निवेश पर निर्भर करती है। गरीबों को आवास देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना महत्वपूर्ण है। गरीबों को घर बनाने के लिए ऋण पर सब्सिडी दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत वार्षिक 3 लाख से कम कमाने वाला व्यक्ति लाभांवित हो सकता है। गरीबों के लिए यह योजना बहुत उपयोगी है। प्रधानमंत्री ने बीते 9 सालों में लोगों से संवाद बनाने के लिए 'मन की बात' कार्यक्रम चलाया है। यह प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच सीधा संवाद है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का स्वाभिमान बढ़ा है। दुनिया भारत को हलके में नहीं ले सकती। रूस - यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत के हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे थे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी छात्रों को सुरक्षित लाया गया। दुनिया आश्चर्यचकित थी। भारत प्रसन्न है। सबसे बड़ी बात है राष्ट्रीय स्वाभिमान में वृद्धि। अर्थव्यवस्था में गतिशीलता और स्थिरता। सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत की तमाम उपलब्धियां। भारतीय योग विज्ञान को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली।

**नौ साल विकास और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का उल्लेखनीय कालखंड रहा है। इस अवधि में देश ने अनेक आश्चर्यजनक उपलब्धियां पाई हैं। सारी दुनिया को हिला देने वाली कोरोना महामारी ने यहां अनेक चुनौतियां पेश की थीं। तमाम देशों में कोरोना के कारण मौत का तांडव था। मोदी जी ने लॉकडाउन का साहसिक निर्णय लिया।**

**इन दिनों**



**हृदयनारायण दीक्षित**

# सहज-सहज सब कोउ कहै, सहज न चीन्है कोई!

***कबीर*** के माध्यम से हम अपने समय को ठीक से पहचान सकते हैं। कबीर कभी बड़े आसान लगते हैं तो कभी बड़े मुश्किल । हिंदी के पंडितों ने उनकी कई तरह से व्याख्या की है। कबीर को तमाम तरह के खेमों में रखा गया है। वह बड़े पक्के भक्त हैं, शुद्ध वैष्णव हैं, सूफी हैं और प्रेम के कवि तो हैं ही। वे ब्रह्म और ईश्वर की पहचान कराने वाले कवि और भक्त हैं। ज्यादातर लोग उन्हें 'संत' कहकर समझाना चाहते हैं। उन्हें दलित चेतना का विचारक कह कर भी पेश किया गया है। इन सबके बीच असली कबीर कौन हैं यह पहचानना और भी कठिन हो गया है। वे वाचिक परम्परा के कवि और संत हैं। उन्होंने जो कुछ कहा उसका मौखिक आधार अधिक है। कई जगह से उनकी रचनाओं को विद्वानों और भक्तों ने एकत्र किया है। इसलिए उनके पाठ की प्रामाणिकता सिद्ध करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। कबीर बहुत जटिल हैं, जटिल इसलिए कि वह हम सब जैसे आदमी भी हैं और उससे ऊपर उठकर वह कवि भी हो जाते हैं और उससे उठकर वह सिद्ध भी हो जाते हैं। कबीर को पहचानना इसलिए भी मुश्किल हो जाता है कि कबीर को लेकर जो किवदंतियां हैं, कहानियां हैं, वे उनको अलग-अलग घरोंदों में रखती है। इस तरह किसी एक तरह के कबीर नहीं हैं। नाना प्रकार के कबीर जगह-जगह फैले हुए जो कबीर पंथी हैं और हम जिस कबीर को पढ़ते हैं, दोनों में बहुत दूरी है। कबीर को भगवान का रूप दे दिया गया। कबीरपंथी नाना प्रकार से उनकी पूजा करते हैं। यह सब जो दुनिया की खुदाई है, उसका अपना सब लफड़ा है, वह उनको बनाता रहेगा, बिगाड़ता रहेगा। यह पृष्ठभूमि है जो जटिल बनाती है, कबीर तक हमें पहुंचने में कठिनाई पैदा करती है कि कबीर को कहां से देखा जाय? और क्या देखा जाय? कबीर हमारे लिए इसलिए भी प्रासंगिक हैं कि वो पूरे समग्र समाज को देखते हैं। कोई ऐसी जाति नहीं होगी जिसका उल्लेख उन्होंने न किया हो, कोई ऐसा धर्म नहीं होगा जिसका उल्लेख नहीं पायेंगे। जितनी भारत की विविधता है, वह सारी की सारी कबीर में दिखाई देती हैं। कबीर इस्लामी शासन था। बहुत सारे इस तरह के प्रमाण हैं जो यह बताते हैं कि उस समय धर्म परिवर्तन की भी बात होती थी। तमाम तरह के अत्याचारों की भी बात होती है। यह आत्मरक्षा का माध्यम था। जिसे हम हिन्दू धर्म कहते हैं, यह गलत शब्द है। क्योंकि यह हिंदुत्व का दिया हुआ है ही नहीं। वह तो किसी और ने नाम दे दिया कि हिन्दू धर्म है। असली नाम तो शाश्वत धर्म हो सकता है क्योंकि उसकी बात हर जगह है। जिन लोगों ने इसका उपयोग किया और हम लोगों ने उसे स्वीकार कर लिया। यह गुलामी की मानसिकता की एक प्रवृत्ति है। अंग्रेजों ने जिन-जिन रूपों में भारत को पहचाना, उन उन रूपों को हमने स्वीकार कर लिया कि वही हम हैं, जैसा वे कह रहे थे। कबीर एक खास तरह के जीवन दृष्टि को प्रतिपादित करते हैं। बहुत तार्किक तरीका है उनका, विश्लेषण करते हैं, तथ्यों को बताते हैं। यह भी बताते हैं कि रास्ता क्या है? वह अपने समय में स्थित आंकड़ों का विश्लेषण करके निष्कर्ष भी निकाल लेते हैं। यह भी दिखलाते हैं कि कहीं न कहीं तमाम बाह्याडम्बरों को हरा करके एक निखालिस मनुष्यता बचती है। यदि उस मनुष्यता को अपनाया जाय, उसके रास्ते पर चला जाय तो हम आत्मानुभूति कर सकते हैं। वह आत्मानुभूति ऐसी होगी जो भेद-भाव नहीं करेगी। वह सबके निकट होगी। सभी संत कवियों ने, लोक जीवन की भाषा को अपनाया है, यह बहुत बड़ी क्रांति थी। वह खेत में काम करने वाले गृहस्थ की भाषा है, वह पंडित की भाषा नहीं है। मगर पंडित की भाषा संस्कृत में जो कुछ हो रहा था वह सब वे जान रहे थे। उन्होंने सिद्ध किया कि लोक भाषा में भी गहन चिंतन किया जा सकता है। यह बड़ी मार्के की बात है। वे जन कवि हैं न कि आभिजात्य वाले। यह अपनी कविता के लिए कच्चा माल भी वहीं, आम जिंदगी से लेते हैं। चर्चा भी उन्हीं की करते हैं। यह एक 'पैराडाइम शिफ्ट' है, एक प्रारूप नये ढंग का है । इसमें ज्ञान के आभिजात्य और जनता का जो भेद है, इसे दूर किया गया । कबीर की बातें जीवन की बातें है। वह केवल आदर्श की बात नहीं है। कबीर यह भी कहते हैं कि जो विचार नहीं करता है, उसके लिए तो मस्ती ही मस्ती है-'सुखिया सब संसार है खावै अरु सोवै, दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवै।' विचार करने की कुछ कीमत तो आप को अदा करनी पड़ेगी। आप पहचानियेगा तो आप को पहचाना जायेगा। आप को खेमों में रखा जायेगा। कबीर कई तरह से सीमाओं का अतिक्रमण करते हैं। भाषाओं में, विचार में, तर्क के ढंग में, कहने के ढंग में। उलटबांसियों का अर्थ लगाना आसान नहीं है। घर से बाहर निकल कर वह तमाम लोगों से बात करते थे। बताते थे देखो यह गलत है और फिर स्वयं अपनी साधना में डूबे रहते थे। अपने जीवन को, अपने अनुभवों को आत्म-मंथन करना, आत्म-विचार करना, आत्म-बोध की उनकी यात्रा निरंतर चलती रहती है। वह अकेली भी है और साथ-साथ भी है। वह समाज की ओर अभिमुख भी है और स्वयंचेता भी। उनके विचारों में वे बहुत सारी उक्तियां मिलती हैं जिनसे हम उनको समझ सकते हैं। उदाहरण के लिए उनकी एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है-'हद चले सो मानवा, बेहद चले सो साधु। हद बेहद दोऊ चले, ताकर मता अगाथ'। इसे आप जिस रूप में भी लें, हद और बेहद स्थापित है, जो परम्परा है, जो परम्परा के परे है, जो सीमित है और जो व्यापक है। दोनों को समझना जरूरी है। कबीर की कविता में निषेध बहुत प्रखर रूप से प्रकट होता है।

**■ गिरीश्वर मिश्र**

## है न विचित्र बात !

# रतन टाटा जैसे ही हैं ए.एम.नाईक

***मीडिया*** की सुर्खियों से दूर रहकर चुपचाप राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले कई दिग्गजों को लेकर देश-समाज लगभग अनभिज्ञ सा ही रहता है। उनमें ही ए.एम.नाईक भी हैं। उनकी सरपरस्ती में लार्सन एंड टुब्रो कंपनी (एलएंडटी) देश के कोने - कोने में सड़क, पुल और दूसरे तमाम बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों पर काम कर रही है। इसी ने आगामी सितंबर महीने में राजधानी में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान को नये सिरे से नये खूबसूरत कलेवर में विकसित किया है। यहाँ ही बने कनवेंशन सेंटर में ही शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है, जिसमें 20 देश के राष्ट्राध्यक्ष भी भाग लेंगे। ये सारा काम नाईक जी की देखरेख में ही पूरा हुआ। बीते कुछ समय पहले घोषणा की गई नाईक 30 सितंबर 2023 के बाद एलएंडटी समूह के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी छोड़ देंगे। इसके बाद वे एलएंडटी के मात्र मानद अध्यक्ष के रूप में ही कामों को देखेंगे। रतन टाटा और शिव नाडार भी अब टाटा ग्रुप तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज के मानद अध्यक्ष ही हैं। आप जानते हैं कि मानद अध्यक्ष के अनुभव का लाभ कंपनियां तो उठाती हैं। रतन टाटा ने 2017 में टाटा समूह के चेयरमेन पद को छोड़ दिया था। वे तब से टाटा समूह के मानद अध्यक्ष हैं। वे रोजमर्रा के कामकाज से तो अपने को अलग कर चुके हैं। पर अभी भी टाटा समूह अपने अहम फैसले लेते हुए उनके अनुभव का लाभ तो उठाता है। अनुभव का कोई विकल्प भी नहीं होता है। टाटा समूह ने एयर इंडिया का अधिग्रहण कर लिया। माना जाता है कि रतन टाटा भी चाहते थे उनका समूह एयर इंडिया का अधिग्रहण कर ले। आखिर एयर इंडिया पहले टाटा समूह के पास ही थी। इसलिए टाटा समूह एयर इंडिया को लेकर भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ भी था। दरअसल नाईक उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, एलएंडटी ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, नाईक भारत के कोरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। नाईक उनमें से नहीं थे जो अपनी कुर्सी से चिपके रहना पसंद करते थे। उन्होंने वक्त रहते ही एलएंडटी में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। ये तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटर या संरक्षक के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं। अगर नाईक के करियर पर नजर दौड़ाएं तो वे 1965 में एलएंडटी में एक जूनियर इंजीनियर के रूप में शामिल हुए। नाईक ने तेजी से बढ़ती जिम्मेदारी के पदों पर कदम रखा। वे महाप्रबंधक से प्रबंध निदेशक और सीईओ भी बन गये। उन्हें एलएंडटी का 29 दिसंबर, 2003 को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बनाया गया। वे 2012 से 2017 तक एलएंडटी के समूह कार्यकारी अध्यक्ष थे। अक्टूबर 2017 में, उन्होंने कार्यकारी जिम्मेदारियों से अलग हटकर समूह अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**■ आर.के. सिन्हा**

# जो काम आजादी के बाद होने चाहिए थे, वह अमृत काल में हो रहें

***नवीन संसद*** उस महान तमिल शौर्य और धर्माधिष्ठित सत्ता को भी प्रतिबिंबित कर रही है जो अब तक सेक्युलर, वामपंथी बौद्धिक तत्वों की घृणा के कारण दबी रही थी। तमिल भाषा संसार की प्राचीनतम भाषाओँ में एक है, उसमें शिलपद्दिकरम, मणिमेखलै जैसे दो हजार वर्ष से भी प्राचीन महान ग्रन्थ हैं। नवीन भारत अभ्युदय का पथ सदैव कंटकाकीर्ण रहा है। आज जब ब्रिटिश दास मानसिकता से संघर्ष रत राष्ट्र औपनिवेशिक मानस की जकड़न से मुक्त हो भारतीयों द्वारा भारत के लिए स्वतंत्र देश में बनी नवीन संसद का भव्य उद्घाटन देख रहा है तो यह क्षण 15 अगस्त 1947 के पुण्यदायी क्षण से काम महत्वपूर्ण नहीं है। यह नवीन संसद तमिल सम्राट राज राज चोल के समय प्रयुक्त शिव के नंदी को शिखरस्थ विराजमान किये राज दंड से आलोकित, प्रेरित और स्पंदित है जो स्वतंत्रता के समय चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के परामर्श और सहायता से वायसरॉय माउंट बैटन ने सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक स्वरूप पंडित नेहरू को प्रदान किया था। यह एक शुद्ध निर्मल भारतीय वैदिक परंपरा का प्रतीक था, इसलिए कांग्रेस और पंडित नेहरू को भाया नहीं और इसको प्रयाग स्थित सरकारी संग्रहालय में बंद कर दिया गया। यह दैवी कृपा और नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता थी कि इसकी स्मृति जगी और इसे इसके सही उपयुक्त स्थान पर प्रतिष्ठित करने का निर्णय लिया गया। ब्रिटिश असेंबली को हमने बाद में नवीन भारत की संसद के रूप में संगठित किया जिसमें लोकसभा और राज्य सभा का संचालन हुआ। लेकिन सब कुछ वही था जो ब्रिटिश ने बनाया। संसद का भवन हमारा परन्तु उसके भीतर स्मृतियाँ सब ब्रिटिश और दासता कीं। वहां सभी प्रारंभिक सदन अध्यक्षों के चित्रों में ब्रिटिश स्पीकरों के चित्र से सदन अध्यक्षों की परंपरा के प्रारम्भ होने का दृश्य हर दिन हमें सदन में प्रवेश करते ही चुभता था। नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने ब्रिटिश कालीन दास मानसिकता के चिह्नों को मिटाना प्रारम्भ किया और स्वदेशी चेतना से उत्स्फूर्त नावीन्य का सृजन पर्व प्रारम्भ किया। नवीन संसद वास्तव में उसी नव चैतन्य का वह प्रतीक है जिसे शिव की शक्ति और महान तमिल पराक्रमी स्मृति सेंगोल राजदंड के रूप में शक्ति दे रही है। यह ब्रिटिश दास मानसिकता के अंत का अद्घोष है। नवीन संसद भारतीय नव जागरण के सूर्योदय का, राष्ट्रीयता की आभायुक्त लोकतंत्र का संयुक्त तीर्थ है जो अपराजेय भारत के शौर्य और आध्यात्मिक आत्मा को प्रतिबिंबित करती है। भारत के नए संसद में ऐसा क्या है, जिसे देख उड़ गई पाकिस्तान और नेपाल की रातों की नींद नवीन संसद उस महान तमिल शौर्य और धर्माधिष्ठित सत्ता को भी प्रतिबिंबित कर रही है जो अब तक सेक्युलर, वामपंथी बौद्धिक तत्वों की घृणा के कारण दबी रही थी। तमिल भाषा संसार की प्राचीनतम भाषाओँ में एक है, उसमें शिलपद्दिकरम, मणिमेखलै जैसे विश्व विख्यात दो हजार वर्ष से भी प्राचीन महान ग्रन्थ हैं। थिरूवल्लुवर जैसे वैश्विक संत और दार्शनिक तमिल जनजीवन के हर पक्ष को प्रभावित करते आ रहे हैं। लेकिन नरेंद्र मोदी से पहले इस अपार तमिल गौरव के सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्तर पर कभी जानकारियों का प्रसार नहीं किया गया था। ऐसा क्यों होता है कि जब भी भारत अपने मूल स्वरूप और सांस्कृतिक सभ्यतामूलक गौरव की ओर लौटना चाहता है तो ब्रिटिश दास मानसिकता के सेकुलर वाम पंथी और दाम पंथी उसके विरोध में खड़े दिखते हैं? मुहम्मद गौरी के विरुद्ध बहादुरी से लड़े राजा सुहेलदेव हों या असम के पराक्रमी सेनापति लशित बड़फूकन- केवल नरेंद्र मोदी स्मृति के पुनर्जागरण और दास मानसिकता के विरुद्ध वीरता से लड़ते दिखाई देते हैं। यह दुर्भाग्य है कि जिस प्रधानमंत्री को देश के नागरिकों ने सम्मान पूर्वक प्रधानमंत्री पद हेतु अभिषिक्त किया उनके लोकतान्त्रिक पुर्नजागरण एवं राष्ट्रीय गौरव प्रतिष्ठापना कार्यों पर इतना बावेला मचाया जा रहा है मानो भारतीयता का जागरण कोई अपराध हो। राष्ट्रीयता के प्रश्नों पर भारत में मतैक्य क्यों नहीं हो सकता? भारत और भारतीयता के प्रश्नों पर क्यों हमें एक दूसरे के विरुद्ध खड़े होने की आवश्यकता महसूस होती है? क्या भारतीयता किसी एक पार्टी के एकाधिकार में मानी जा सकती है? शत्रु को ऐसी ही मानसिकता के लोगों द्वारा सहायता मिलती है। भारत आज सम्पूर्ण विश्व के देशों के लिए शक्ति और विश्वास का केंद्र बना है। लोकतान्त्रिक पद्धति से, जय विजय और पराजयों के लोकतान्त्रिक आरोह अवरोहों से गुजरते हुये नरेंद्र मोदी ने एक शक्तिशाली भारत और भारतीयता निष्ठ छवि बनाकर सम्पूर्ण विश्व में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों का आत्मविश्वास एवं गौरव बढ़ाया है। जहाँ भी वे जाते हैं भारत माता का माथा ऊँचा होता है। शत्रुओं के खेमे में सेंध लगाकर राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था को अनेकानेक विपदाओं के मध्य स्थिर और प्रगतिशील रखने का कीर्तिमान बनाने वाले मोदी ने जब नवीन संसद का उद्घाटन किया तो यह एक नवीन राष्ट्रीय चैतन्य के अभ्युदय का महान क्षण था जो युगों युगों तक हमें अपनी आत्मा की शक्ति और हमारी असंदिग्ध भारत भक्ति का स्मरण कराता रहेगा। मुझे इस क्षण राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की यह पंक्तियाँ याद आ रहीं हैं- एक हाथ में कमल एक में धर्मदीप्त विज्ञान, लेकर उठने वाला है धरती पर हिंदुस्तान। अब से पांच दशक पूर्व जब दिनकर जी ने यह पंक्तियाँ लिखी होंगी तब किसी को आभास तक नहीं होगा कि राष्ट्रीयता के भाव में रचे पगे मतदाता एक ऐसे वीतरागी प्रधानमंत्री को पद सौंपेंगे जो वस्तुतः दिनकर जी की कविता को सार्थक सिद्ध करता दिखेगा।

**ब्रिटिश असेंबली को हमने बाद में नवीन भारत की संसद के रूप में संगठित किया जिसमें लोकसभा और राज्य सभा का संचालन हुआ। संसद का भवन हमारा परन्तु उसके भीतर स्मृतियाँ सब ब्रिटिश और दासता कीं। वहां सभी प्रारंभिक सदन अध्यक्षों के चित्रों में ब्रिटिश स्पीकरों के चित्र से सदन अध्यक्षों की परंपरा के प्रारम्भ होने का दृश्य हर दिन हमें सदन में प्रवेश करते ही चुभता था।**

**■ तरुण विजय**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॅम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चुकरु पंचायत में आरओ प्लांट बीमार

चुकरु पंचायत में लगाई गई आरओ वाटर मशीनों का पानी निकलने का आज तक राह जो रहे ग्रामीण। यह गांव पूरी तरह पीने का पानी फोरोराइट युक्त है। यहां के लोग इस पानी को पीने से हर बीमारियों से ग्रस्त हैं।यही सब बातों को लेकर ग्रामीणों को स्वच्छ पानी देने के वादे के साथ यहां के सांसद के द्वारा बनवाया गया था। और अपना वादा पूरा करते हुए। इस गांव में लगभग 5 वर्ष पहले आरओ मशीनों प्लांट लगाया गया था। लेकिन महिने दो महीने पानी मिलने के बाद आज तक ग्रामीण पानी निकलने का राह जो रहे हैं। इस गांव में अशोक सिंह व कई ग्रामीणों ने बताया की ज्यादा तक चापाकल खराब पड़ा है। वहीं उस चापाकल फ्लोराइड पानी निकलता है जिसके चलते पानी पीने से लोग तरह-तरह के बीमारी से जूझ रहे है। लोगों ने बताया कि यहां पर हर चापाकल से फ्लोराइड पानी निकलता है जिससे हर घर में लोग बीमार देखने को मिल सकता है। इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी पिने को पानी के लेकर है। इस गांव में आरओ लगाया गया है। लेकिन यहां स्वच्छ पानी को लेकर आज तक अधिकतर ग्रामीण चापाकल से फ्लोराइड पानी पीने की मजबूरी बनी हुई है। सिर्फ कहने को यहां आरओ





सिस्टम लगा है। यहां स्थिति यह है कि हर घर में फ्लोराइड पानी ही बाल्टी में गिरता है। आरओ मशीन आधी अधूरी चालू की गई मशीनों में फ्रीजर एवं फिल्टर काम नहीं कर रहे हैं। इसके साथ ही मशीनों के अधिकांश मशीनों में वाटर फिल्टर एवं फ्रीजर की सुविधा खराब होने के कारण चालू नहीं है। इसके कारण लोग आरओ वाटर मशीनों का भीषण गर्मी में भी कोई यहां ग्रामीण लाभ नहीं ले पा रहे है। यह आरओ मशीन लगने के बाद आज तक कोई सुध लेने भी नहीं पहुंचा है। उपर से जिस रुम में आरओ मशीन लगाई गई है। ऐसा लगता है कि बरसो मरम्मत के बिना दरार पड़ गए हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अंदर में आरओ मशीनों को क्या हाल होगा। खराब व बतर होने का खास कारण यही है कि आरओ वाटर मशीन तो लाखों रुपए खर्च लगाया गया लेकिन आरओ लगाने वाले जनप्रतिनिधि ने यह नहीं सोचा की उसे देखभाल के लिए किसी को प्रतिनियुक्त किया जा सकता था। जिससे उसकी देखभाल सही समय पर हो सके। ऐसा नहीं होने के कारण आज इसकी हालत ऐसी बनी हुई है कि आज आरओ मशीन प्लांट की हालत मुंह बाए गंभीर हालत में बीमार पड़ा हुआ है। और ना ही 5 वर्षों में बनने के बाद जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि जिनके द्वारा बनवाया गया आज तक गांव में आ कर देखना तो दूर की बात है पता लगाना भी नहीं चाहा की उनके द्वारा बनाए गए योजना का लाभ ग्रामीण लोग आज तक ले पा रहे हैं या नहीं। जिसके चलते आज तक यहां इतनी बड़ी योजना के तहत आरओ सिस्टम के तहत स्वच्छ जल संसाधन नहीं मिल रहा है और बच्चे से लेकर बड़े बूढ़े लोग फ्लोराइड पानी पीने के लिए विवश है।

❖ ओ पी

## पानी टंकी की थरथराहट से लोग असमंजस में

मेदिनीनगर से लगभग दस किलोमीटर दूरी चुकरु पंचायत में लगभग 15 फीट ऊंची पानी टंकी थरथराहट से यहां के ग्रामीण लोग जान माल की सुरक्षा का गुहार लगाया है। चुकरु पंचायत में लाखों रुपये की लागत से पीएचडी द्वारा बनाई गई थी। लेकिन पानी की टंकी बनने के बाद आज तक खराब पड़ा है। जनप्रतिनिधियों की लापरवाही व सरकारी तंत्र को ताक पर रखने वाली पीएचडी अधिकारियों की कार्यशैली ने ग्रामीण लोग को आने जाने के समय या बेकार पानी की टंकी लोगों को असमंजस में डाल रखा है। चुकरु निवासियों का कहना है कि 24 घंटे हवा पानी में पानी टंकी थराते रहता है। साथ ही बरसात में पानी की टंकी भी झरने की तरह उसमें पानी गिरते रहता है। दिन हो या रात हर समय पानी टंकी के थरथराने से घबराते रहते हैं कि कब गिर जाएगा। हम जनप्रतिनिधि से लेकर जिला प्रशासन से आग्रह करते हैं कि ऊंची पानी टंकी को मरम्मत किया जाए या फिर गिरा दिया जाए। ताकि इस गांव के ग्रामीण सुरक्षा से रह सके। हमारे गांव में हर जगह चापाकल में फोरोलाइट पानी देने के कारण हर लोग कमो बेस रोग से पीड़ित है। उस समय कुछ योजना के तहत जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगभग 5 वर्ष पहले पानी का टंकी बनवाया गया। ताकि हमारे गांव में सभी को सुविधा अनुसार स्वच्छ पानी के साथ साथ फ्लोराइड पानी से बीमारियों से छुटकारा का निजात मिलने का वादा करते हुए। लगभग 15 फीट लम्बी ऊंचे पानी टंकी बनवाया गया। लेकिन आज तक जमीन का मुआवजा भी नहीं दिया गया और ना ही ग्रामीण लोगों को स्वच्छ पानी दिया गया। चुकरु पंचायत में इस भीषण गर्मी में भी पानी मुहैया कराने में जिला प्रशासन फेल दिख रहा है। यहां पर बनी पानी टंकी इन दिनों खराब होने के कारण एक पीली इमारत के अलावा कुछ नहीं है। बस बनने के बाद 1 दिन भी पीने का पानी नहीं मिला। ज्यों का त्यों लंबी इमारत पानी की टंकी इस गांव में मुंह बाय खड़ी है। आज इस टंकी से हमारे इस गांव के ग्रामीणों को 24 घंटे परिवार खतरे में जी रहा है। कारण यही है कि जो पानी का टंकी हमारे व ग्रामीण को जीवन जीने के लिए बनाए गए थे। उसकी हालत इतनी बदतर हो गई है कि समय रहते अगर इसे नहीं गिराया गया तो कभी भी किसी भी तरह का कोई परिवार इसकी चपेट में आ सकता है।

# भीषण गर्मी में चापाकल खराब होने से लोग परेशान

चुकरु प्रखंड क्षेत्र की पंचायतों में कई चापाकल खराब पढ़े हुए हैं इस भीषण गर्मी में भी जनप्रतिनिधि से लेकर जिले के प्रशासन कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। इस भीषण गर्मी में भी यहां पर यह चापाकल लोगों के लिए सफेद हाथी के दांत साबित हो रही है। यहां पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस टोला के ग्रामीण शोभर सिंह व अन्य महिला व पुरुष समेत कई लोगों ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इक्का-दुक्का चापाकल चल रहा है जिससे यहां के ग्रामीणों लोग अपना काम चला रहे हैं। सरकार ने 14वें वित्त आयोग की राशि दो लाख सत्तर हजार रुपए की लागत से गत डेढ़ वर्ष ही जलमीनार लगाया गया था। इसी के सहारे आज इस गांव में पानी पीने को मिला रहे हैं। ऊपर से इस गांव में फ्लोराइड पानी हर जगह उपलब्ध है। एक मात्र शुद्ध पीने के पानी का एकमात्र साधन ऐ सोलर जलमीनार ही है भगवान का शुक्र है कि इस भीषण गर्मी में करीब 15/20



घर के लोगों को पानी पीने के लिए यह जल मीनार सही होने से लोगों को काफी सहूलियत मिल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां के सारे चापाकल बनवाया जाए। क्योंकि यह एक जल मीनार ही हम लोग का एक सहारा है। यहां पर जितने भी चापाकल खराब हैं इसमें घोर अनियमितता बरती गई है। अनियमितता का आलम यह है कि चापाकल निर्माण के साथ ही अनियमितता बरती गई है। कभी पाइप में लीकेज होना, चापाकल सुख जाना सहित अन्य समस्याएं उत्पन्न हो गई है। चापाकल के फाउंडेशन में भी मानकों की अनदेखी की गई है. निर्माण के दौरान भी ग्रामीणों ने इसपर सवाल उठाया था, लेकिन ग्रामीणों की बातों को अनदेखी कर दी गयी। इस चापाकल के बगल में ही एक चालाक है। वो भी फ्लोराइड पानी निकलता है। ग्रामीणों लोग पानी पीने को मजबूर हैं। जिससे हर बच्चे को दांत पीला हो जाना सहीत पैर,छाती, डार, हाथ, दर्द बराबर रहता है। इस विषय पर कई बार इसकी शिकायत की गई, लेकिन इसकी सुध किसी ने नहीं ली है।

## ग्रामीण फ्लोराइड युक्त पानी पीने को विवश

चुकरु पंचायत में इस भीषण गर्मी में भी पानी मुहैया कराने में पंचायत के जनप्रतिनिधि से लेकर लेकर जिला प्रशासन फेल दिख रहा है। यहां पर बनी पानी टंकी इन दिनों खराब होने के कारण एक पीली इमारत के अलावा कुछ नहीं है। हर घर को शुद्ध जल देने को सरकार ने करोड़ों की लागत से टंकी का निर्माण कराया था। इसकी देखरेख करने वाला अब कोई नहीं है। पानी की लाइन बिछाने का काम ठीक तरह से न होने के कारण आज इस चुकरु गांव में लोगों को फ्लोराइड पानी पीने को मजबूर है। यहां पर बिछाए हुए सप्लाई पाइप इस गांव के अवधेश सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया की बखारी पीएचडी से पाइपलाइन लाया गया था इस गांव में लेकिन आज तक पानी पीने को नहीं मिल रहा है। कुछ दिनों तक जो भी पानी की सप्लाई दी गई। उसमें भी कीड़े व कीचड़ की शिकायत आने लगी थी। यह अब पूरी तरह से ठप पड़ी है। यहां पर सरकार की योजना पुरी तरह विफल दिखाई दे रही है। पानी का सप्लाई के लिए बना हुआ। गांव के लिए सप्लाई की गई पाइप भी कई जगह टूट चुकी है। यह स्थिति कमोबेश कई बरसो से दिखाई दे रही है। जिस के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर आज तक दुरुस्त करने की कोशिश नहीं किया गया है। जिससे आज तक स्वच्छ पानी पीने ग्रामीणों को आज तक नसीब नहीं हुआ है। जिस समय गांव के बीच में पाइप लाइन के साथ पानी की टंकी का निर्माण जब हुआ। ऐसा लगा की उस समय जब पानी की टंकी बनी तो लोगों को यह उम्मीद थी कि प्रत्येक घर को स्वच्छ जल आसानी से सुलभ हो पाएगा। लगभग महीनों तक तक पानी की सप्लाई होती रही, लेकिन उसके बाद उस में खराबी आनी शुरू हुई तो वह आज तक बदस्तूर जारी है। पानी की सप्लाई के लिए पाइप कई जगह टूट गई है तो वही मोटर भी खराब हो गई।

## गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत

शहर के लोगों को पीने के पानी देने का सिस्टम पूरी तरह से फेल हो गया है। शहर के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिला रहा। लोगों का सवाल है कि आखिर पानी पिने की आपूर्ति करने की जिम्मेदारी किसकी है। इन वार्ड वाशियो को देखीये कि नगर के वार्डों में पानी की सप्लाई नियमित न होने की वजह से सारे शहर में इस भीषण गर्मी के मौसम में हाहाकार मचा हुआ है लेकिन कोई इन पर ध्यान नहीं दे रहा है।हर साल गर्मियों में जनप्रतिनिधि के साथ साथ विभाग के अधिकारियों ने आश्वस्त किया है,कि जल्द ही इस समस्या का हल किया जाएगा। लोगों का कहना है कि पानी की समस्या से परेशान हैं। अधिकारियों के सामने कई बार अपनी बात रखे चुके मोहल्ले के पढ़े-लिखे लोगों का कहना है कि बच्चे बिना नहाए स्कूल जाने को मजबूर हैं। कपड़े धोने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा, न ही पीने के लिए। महंगाई के दौर में मिनरल वाटर खरीदकर पीना भी आसान बात नहीं है। शहर में पानी के आने का कोई समय नहीं है। कभी तीसरे दिन कभी चौथे दिन कभी पांचवें दिन पानी की सप्लाई आती है।पानी समय पर न आने परिवार के बड़े सदस्य तो बिना नहाए रह जाते हैं। कभी कभी बच्चों को बिना नहलाए ही स्कूल भेजना पड़ता है। कुछ लोगों का कहना है कि साफ पानी नहीं है तो गंदा पानी ही दे दो। बीमार होने पर इलाज करा लेंगे मगर बिना पानी के तो ऐसे ही मर जाएंगे। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, भीषण गर्मी की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो चुका है लेकिन पलामू के लोगों के लिए गर्मी जी का जंजाल बन गई है। लोगों का इस गर्मी से बुरा हाल है और आलम ये है कि इस चिलचिलाती गर्मी में पीने का पानी हल जगह पर परसानी से जुझना पड़ता है।ये हाल किसी ऐसे वैसे इलाके का नहीं है बल्कि शहर का जहां की कई वार्ड गांव और यहां तक कि आदर्श गांव में भी पीने के पानी की भारी किल्लत है। लोगों को इस तपती धूप में प्यास बुझाने के लिए दूरदराज से पानी लाना पड़ रहा है या फिर अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। सरकारी पानी राम भरोसे है और लोग भगवान भरोसे। पीने के पानी के लिए।समस्या का हल आज तक नहीं हो पाया है।

❖ गुड्डू कुमार

# फ्लोराइड युक्त पानी पीने से कई तरह की बीमारी

पलामू में चुकरु गांवों में रहने वाले हजारों लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। ये जानकर भी कि गांव के पानी में घुला फ्लोराइड युक्त पानी का असर सबसे पहले पीने वाले की दातों पर पड़ता है, फिर धीरे-धीरे शरीर को जकड़ना शुरू कर देता है। यह पूरे शरीर को विकलांग बना देता है। चुकरू गांव में अनगिनत लोग हैं जिनकी हालात बद से बदतर है। लेकिन विडंबना इस बात का है कि यह परिस्थिति तब है, जब गांव जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से महज कुछ ही दूरी पर अवस्थित है। इस गांव में प्रवेश करते ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। चारपाई पर लेट कर अपनी मौत का इंतजार करते लोगों की भयावह स्थिति को देख रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस गांव में प्रवेश करते ही आपको चारों तरफ मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। आज स्थिति यह है कि यहां के अधिकांश लोग चलने से लाचार हो चुके हैं।बैठने पर बिना किसी सहारे का खड़ा हो पाना मुश्किल है। गांव का बुजुर्गों उदाहरण इन दिनों चारपाई में ही जीवन गुजार रहे हैं। फ्लोराइडयुक्त पानी का असर सबसे पहले पीने वाले की दातों पर ही पड़ता है, फिर धीरे-धीरे शरीर को जकड़ना शुरू कर देता है। धीरे धीरे पूरे शरीर को



विकलांग बना देता है। लगभग सभी लोगों की हालात बदतर हो चली है। गांव वालों का कहना है कि अगर पानी जलापूर्ति योजना के तहत हमें गांव के बाहर से पेयजल आपूर्ती की व्यवस्था हो जाए तो उनका जीवन बच सकता है। वर्षों पहले चांपा नल में पानी फिल्टर कराने हेतु मशीन लगाया गया था, पर आज हस्त्र ये है कि वह चांपा नल से दूर पड़ा हुआ है बेकार है साथ ही गांव में ग्रामीण जलापूर्ति योजना की शुरूआत की गई थी. मगर वह बेकार साबित हुआ. गांव में रहने वाले ग्रामीण ने बताया कि हमको सबने धोखा दिया है। अगर पानी जलापूर्ति योजना के तहत फिर से हम सभी को मिलना चालू हो जाता है तो वह गांव से बेहतर पानी है उससे स्वास्थ्य ठीक रहता है, मगर क्या करें। विडंबना इस बात का है कि इस गांव में स्वच्छ जल मुहैया कराने के सवाल का जिले के संबंधित किसी के पास कोई जवाब नहीं होता। चांपानलों में पानी फिल्टर कराने के लिए मशीन लगाया गया है। पर आज हस्त्र यह है कि सभी चांपानल पर लगी मशीनें बेकार पड़ी हैं। गावं में ग्रामीण जलापूर्ति योजना की भी शुरूआत की गई थी मगर वह भी पूर्णतया असफल साबित हुआ।

# फ्लोराइड युक्त पानी कहर बरपा रहा

चुकरु गांव में हड्डियों से जुड़ी बीमारी महामारी की तरह फैल चुकी है।इसकी वजह फ्लोराइड युक्त पानी पीने को बताया जा रहा है। इस गांव ज्यादा रोगियों को जोड़ों के दर्द, हड्डी का पतला होना, कमर में दर्द होने जैसे लक्षण हैं। हालत इतनी खराब हो गयी है कि लोग चल भी नहीं पा रहे हैं, क्योंकि उनकी हड्डियां बहुत कमजोर हो चुकी हैं।यही नहीं, फ्लोराइड युक्त



दूषित पानी पीने से बच्चों में जन्मजात विकलांगता देखी जा रही है। कई बच्चों के हाथ और पैर जन्म से ही मुड़े हुए हैं, हड्डियां सीधी नहीं हैं। इस मामले को सुनने वाला कोई नहीं है। यानी पांच से छह गुना ज्यादा फ्लोराइड इस गांव के लिए जानलेवा हो रहा है।कोई चलने में लाचार है तो कोई बैठ जाए तो बिना किसी सहारे का खड़ा नही हो पाता है तो वहीं कोई चारपाई पर बैठकर ही अपने जीवन की शेष अवधि को गुजार रहा है। आज विगत 25 वर्षों से फ्लोराइड युक्त पानी कहर बरपा रहा है। गांव के ही एक महिला पुजा देवी ने बताते हैं कि उनके गांव में पीने का स्त्रोत कुआं भी है। जिसका पानी जहरीला होने के बाद अब इसका भी पानी पिना बन्द कर दिया गया है। चुकरु गांव के चापानलों में मशीन लगा ताकि लोग स्वछ पानी पी सकें।फिर भी इस भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी ठंडा पानी को लेकर है। यहां आरओ लगा है।लेकिन स्वच्छ पानी नहीं मिलता है।एक मात्र आरओ है, जहां पानी भी नसीब नहीं है।अधिकतर ग्रामीण चापाकल से फ्लोराइड पानी पीने की मजबूरी बनी हुई है। कहने को यहां आरओ सिस्टम लगा है। पर स्थिति यह है कि हर घर में फ्लोराइड बाहर से पानी लाकर पीना पड़ता है। यहां तक की पानी का टंकी भी बना। लेकिन बाद के जनप्रतिनिधियों ने इस ओर रख-रखाव पर ध्यान नहीं दिया जिससे वहां पर व्यवस्थाएं चरमरा गयी।बहरहाल नेताओं का आरोप प्रत्यारोप तो कभी खत्म नहीं हो सकता लेकिन जल की आस में जीवन खो रहे चकरू के गांव का दर्द अगर यहां के जनप्रतिनिधि और प्रशासन तक पहुंच जाए तो सैकडों लोगों को मौत के मूंह में जाने से बचाया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिजनों के साथ दिन अच्छा बीतेगी। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**वृष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से सभी कार्य सफल होंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में कठिन परिश्रम से आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में भी सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी और आय के नए स्त्रोत बनेंगे।

**तुला राशि** : आज का सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रुका हुए कार्यों को गति मिलेगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कड़ी मेहनत से काम सफल होंगे।

**धनु राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में आशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति पूर्व की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

**मकर राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन भागदौड़ की अधिकता रहने से अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे। संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

**कुंभ राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कामकाज के उद्देश्य से प्रवास पर जा सकते हैं।

**मीन राशि** : आज का दिन लाभदायी है। कायक्षेत्र में अच्छा माहौल रहेगा और व्यापार-व्यवसाय में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# नये रोगाणुओं से निपटना जरूरी : मनसुख मांडविया



**एजेंसी। हैदराबाद**


केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि नये रोगाणुओं से निपटने के लिए टीकों के विकास की प्रक्रिया को रफ्तार देने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी है और जी20 जैसे समूह सरकारों, अनुसंधान संगठनों, दवा कंपनियों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम कर सकते हैं।

भविष्य में स्वास्थ्य आपात स्थितियों की रोकथाम, तैयारियों और प्रतिक्रिया के लिए आम सहमति बनाना विषय पर आयोजित वैश्विक टीका अनुसंधान सहयोगात्मक चर्चा को संबोधित कर रहे थे।

यह चर्चा फार्मास्युटिकल्स विभाग (रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय) द्वारा भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत आयोजित किया गया था। मांडविया ने कहा, कोविड-19 महामारी ने टीका अनुसंधान और विकास में वैश्विक सहयोग के महत्व को रेखांकित किया है। अब जबकि हम सदियों में एक बार आने वाले ऐसे सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के उपाय तलाश रहे हैं, हम टीकों के विकास में तेजी लाने के लिए अनुसंधान के महत्व को महसूस कर रहे हैं, खासतौर पर नये उभरते रोगाणुओं के संबंध में।

टीका अनुसंधान एवं विकास में भारत के दशकों लंबे योगदान को रेखांकित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टीके के उत्पादन और वितरण में अग्रणी होने के नाते भारत इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अधिक वैश्विक सहयोग कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, प्रभावी टीकों का विकास और उपलब्धता महामारी के प्रभाव को कम करने में मददगार साबित हो सकता है और हमें इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान प्रयासों को प्राथमिकता देनी चाहिए। टीका उत्पादन और वितरण को बढ़ावा देने के भारत के प्रयासों के बारे में बताते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार ने टीका निमार्ताओं को उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया है और नियामक प्रक्रियाओं को भी सुव्यवस्थित बनाया है।

**फोटो ऑफ द डे**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अन्य ब्रिक्स मंत्रियों के साथ दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा से शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में मुलाकात की। *(फोटो: आईएएनएस)*

# लड़की 'मांगलिक' है या नहीं...

## हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस असामान्य आदेश पर शनिवार को रोक लगा दी, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के प्रमुख को यह तय करने को कहा गया था कि कथित बलात्कार पीड़ित लड़की 'मांगलिक' है या नहीं। उच्च न्यायालय ने शादी का झूठा वादा कर लड़की से बलात्कार करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 मई को यह आदेश पारित किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष व्यक्ति के वकील ने तर्क दिया था कि चूंकि लड़की 'मांगलिक' है, इसलिए दोनों के बीच विवाह नहीं हो सकता। शीर्ष अदालत की एक अवकाशकालीन पीठ ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, यह अदालत इस मामले का स्वतः संज्ञान लेती है, जिसे हमारे सामने रखा गया है। पीठ ने मामले पर शनिवार को अदालत के अवकाश के दिन सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह समझ में नहीं आ रहा है कि उच्च न्यायालय ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करते समय यह पता लगाने के लिए दोनों पक्षों को अपनी कुंडली जमा करने के लिए क्यों कहा कि लड़की 'मांगलिक' है या नहीं। उच्च न्यायालय ने 23 मई के अपने आदेश में कहा था, लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के प्रमुख को यह तय करने दें कि लड़की मांगलिक है या नहीं और संबंधित पक्ष आज से 10 दिन के भीतर लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष के समक्ष कुंडली पेश करेंगे। विभागाध्यक्ष (ज्योतिष विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय को निर्देश दिया जाता है कि वह तीन सप्ताह के भीतर इस न्यायालय को सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस मामले को 26 जून, 2023 के लिए सूचीबद्ध किया जाता है।

**राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामला**

# कोर्ट में शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया




**एजेंसी। ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को उस शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया, जिन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़कर बदनाम करने का आरोप लगाया है। भिवंडी की एक अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एल. सी. वाडिकर के समक्ष शिकायतकर्ता एवं आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे का 'एक्जामिनेशन-इन-चीफ' (एक वादी/गवाह से उसके पक्ष के वकील द्वारा पूछताछ) शुरू हुआ। वर्ष 2014 में एक रैली में आरएसएस पर महात्मा गांधी की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ कुंटे ने एक निजी शिकायत दाखिल की थी। शिकायत में दावा किया गया है कि यह बयान झूठा है और इससे आरएसएस की छवि धूमिल हुई है।

# हमें धर्म और संस्कृति को आचरण में लाना जरूरी है : डा. मोहन भागवत

### धर्म नहीं तो सृष्टि नहीं,इसलिए उसे पहचान कर उस पर चलने वाले सुखी रहेंगे

### परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद मुनि के 72वें जन्म दिवस पर देश के संतों ने दिया आशीर्वाद



**एजेंसी। ऋषिकेश**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि 142 करोड़ लोग भारत की रीढ़ की हड्डी के मनके हैं। हमें धर्म और संस्कृति को आचरण में लाना जरूरी है। हमें अपने धर्म को प्रत्यक्ष रूप से आचरण में उतारना होगा। यह बात सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के 72वें जन्म उत्सव के अवसर पर शनिवार को आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में कही। सरसंघचालक डा. भागवत ने कहा कि हमारी संस्कृति श्रेष्ठ संस्कृति है, परन्तु भारतीय संस्कृति को उत्थान के लिये प्रयत्न करना होगा। सनातन धर्म पर हमारी सृष्टि है, धर्म नहीं तो सृष्टि नहीं, इसलिए उसे पहचान कर उस पर चलने वाले सुखी रहेंगे। उनका कहना था कि आज विश्व भर में पर्यावरण पर चर्चा हो रही है। हमें उसके लिये कार्य करना पड़ रहा है। हमारी भूमि में सब कुछ है। 6 हजार वर्षों से हम खेती कर रहे हैं और आज भी कर रहे हैं। जो बातें विज्ञान के लिए उपयोगी हैं, वह हमारे वेदों में उपलब्ध हैं। हमारे पास पहले से ही ज्ञान भी है और विज्ञान भी है। सरसंघचालक डा. भागवत ने कहा कि इसके बावजूद सनातन धर्म अपना काम करता है। सनातन धर्म अपने विधि-विधान के अनुसार अपना कार्य करेगा। उसे पहचानकर हमें उन संस्कारों को स्वीकार कर चलना होगा तो हम सुखी रहेंगे। धर्म को हमारी जरूरत नहीं है, लेकिन हमें धर्म की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वामी चिदानंद मुनि के जन्मदिन पर कहा कि उनको अपना जन्मदिन मनाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन यह हमारी जरूरत है कि वह जो कार्य कर रहे हैं, उसे अपने जीवन में हम लेकर आयें।

उन्होंने कहा कि संतों के आचरण में धर्म रहता है, धर्म सर्वत्र कार्य करता है। इस अवसर पर उन्होंने तुकाराम महाराज के संदेशों को सुनाया। संत एकांत में आत्मसाधना और समाज में लोकसाधना करते हैं। जन्मदिवस के अवसर पर हमारे लिये एक संदेश हैं कि हम अपने स्थान पर रहकर ही कुछ करें। हम दीपक की तरह हैं, जब तक तेल और बाती है तब तक तो कम से कम जलते रहें। हमने जीवन चलाने वालों की चिंता करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धर्मो रक्षति रक्षितः हमें अन्तिम लक्ष्य तक पहुंचना है। यही संकल्प लेकर यहां से जायें।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने जगद्गुरू शंकराचार्य महाराज से लेकर महामंडलेश्वर स्वामी असंगानन्द महाराज की परम्परा को प्रणाम करते हुए सभी संतों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि गंगा के इस पावन तट और हिमालय की पवित्र वादियों से एक आह्वान करने का समय आ गया है। भारत के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत का मान पूरे विश्व में बढ़ा रहे हैं।

# बिहार में कांग्रेस विधायक दल के नेता बने शकील अहमद खान



**एजेंसी। पटना**

बिहार कांग्रेस विधायक दल की शनिवार को हुई बैठक में डॉ शकील अहमद खान को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इससे पहले अजीत शर्मा विधायक दल के नेता थे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई, इसमें सर्वसम्मति से डॉ. खान को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भक्त चरण दास, पूर्व प्रदेश प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा भी उपस्थित रहे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि अजीत शर्मा को मंत्रिमंडल में स्थान मिल सकता है। कांग्रेस मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मंत्रिमंडल विस्तार की लगातार मांग करता रही है। उल्लेखनीय है कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से कांग्रेस में लगातार बदलाव किए जा रहे हैं।

# आईफोन में एक बग है जिससे उसे हैक करना संभव

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

आईफोन के बारे में एप्पल दावा करता है कि उसके साथ यूजर्स को जबरदस्त सिक्योरिटी मिलेगी, जबकि सच्चाई यह है कि आईफोन पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। अब एंटी वायरस बनाने वाली कंपनी कैसपर्सकी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि आईफोन में एक बग है जिसका फायदा उठाकर उसे किसी भी समय हैक किया जा सकता है। कैसपर्सकी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जिन आईफोन में पुराने आईओएस वर्जन हैं उनके आई मैसेज एप में एक बग है। कैसपर्सकी के मुताबिक इस बग की जानकारी उसे वाई-फाई नेटवर्क पर टेस्टिंग के दौरान मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी भी पुराने आईओएस वाले आईफोन को एक आईमैसेज अटैचमेंट के जरिए हैक किया जा सकता है। इस हैकिंग के बाद आईफोन का पूरा कंट्रोल हैकर के पास आ सकता है। आईफोन में मौजूद यह बग आईओएस साइबर अटैक को न्योता देता है। रिपोर्ट के मुताबिक यह आईफोन मैलवेयर उसके कई कर्मचारी के आईफोन में मिला है और इसकी वजह से अन्य आईफोन भी प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में एपल को भी जानकारी दी गई है। एपल के सीईओ टीम कुक ने कहा है कि कुछ समय के लिए इन डिवाइस में आई मैसेज सर्विस को बंद करके संभावित साइबर अटैक को रोका जा सकता है। कैसपर्सकी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आईओएस 15.7 वाले आईफोन भी इस मैलवेयर के निशाने पर हैं यानी आपके पास कोई आईफोन 11, 12,13 है जिसे आपने आईओएस 16 से अपडेट नहीं किया है तो आप हैकर्स के निशाने पर हैं। आईओएस 16 वाले आईफोन फिलहाल सुरक्षित हैं।

**कार्रवाई** फर्जी कंपनियां खोल जीएसटी का दावा कर ठगों ने की अरबों की कमाई

# 8 ठगों ने 2650 फर्जी कंपनी बनाकर बेचा



**आरएनएम। नई दिल्ली**

नोएडा में आठ लोगों ने फर्जी कंपनी खोलकर माल एवं सेवा कर यानी जीएसटी का दावा करके अवैध तरीके से अरबों रुपये की कमाई की। पुलिस ने जब पकड़ा और जांच शुरू की तो पता चला कि ये लोग फर्जी बिल तैयार करके लाखों रुपए की खरीदारी दिखते थे और उस पर जीएसटी का फायदा उठाते थे। यही नहीं, ये लोग कर चोरी करने वाले अन्य गिरोहों के साथ मिल कर उन्हें भी लाभ पहुंचाते थे।

इनकी शातिर गतिविधियों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सरकारी एजेंसियों की आंखों में धूल झोंक कर इन लोगों ने अपना धंधा धड़ल्ले से चलाया और अब तक ये फर्जी तरीके से 2650 कंपनी बना चुके हैं। ये इसी तरह की आठ सौ अन्य कंपनी भी बेचने की फिराक में थे। इस रास्ते से आरोपियों ने हजारों करोड़ रुपए की चोरी की। सरकार कहती है कि उनके तंत्र की चौकसी की वजह से इस तरह की गड़बड़ी करने वालों को मौका नहीं मिल सकता। लेकिन प्रमाण सामने है कि ये आरोपी लंबे समय से साधारण और गरीब लोगों को भी ठगी का निशाना बना कर पैन कार्ड या अन्य पहचान पत्र के जरिए दस्तावेजों में हेराफेरी करके अपना अवैध धंधा चलाते रहे और सरकार की संबंधित निगरानी एजंसियों को इसकी भनक तक नहीं पड़ी। ऐसा नहीं है कि इस तरह का कोई पहला मामला है। जैसे-जैसे इंटरनेट आधारित कामकाज का विस्तार हो रहा है। कुछ लोग या गिरोहों ने इसके कमजोर पहलुओं का फायदा उठा कर आम लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। लोगों के पैन कार्ड, फोन नंबर आदि हासिल कर उसमें हेराफेरी कर उसके जरिए कई तरह के घपले किए जाते हैं। ये ठग लोगों के खाते से पैसे गायब करने, फर्जी कंपनी बना कर बैंक से ऋण लेकर गायब होने जैसी कई ठगी को अंजाम देते हैं। आजकल ज्यादातर कामकाज डिजिटल होते जा रहे हैं, सरकार भी यह दावा करती है कि इसे सुरक्षित बनाया गया है और साइबर गतिविधियां हर समय निगरानी के दायरे में हैं। लेकिन इससे संबंधित गड़बड़ी जांच के दायरे में तभी आती है। जब कोई पीड़ित इससे संबंधित शिकायत दर्ज कराता है। सचाई यह है कि शासन-तंत्र की ओर से हर समय चौकस रहने का दावा करने वाले अधिकारी, एजंसियां या संबंधित महकमे साइबर ठगों को समय पर पकड़ और रोक पाने में अक्सर नाकाम होते हैं।

# मनीष सिसोदिया बीमार पत्नी से आवास पर नहीं मिल सके

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे आप नेता सिसोदिया शनिवार को अपनी बीमार पत्नी से उनके आवास पर नहीं मिल सके। हालत बिगड़ने पर उन्हें एलएनजेपी अस्पताल ले जाना पड़ा। दिल्ली हाईकोर्ट ने सिसोदिया को शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी। सिसोदिया सुबह करीब 10 बजे अपने घर पहुंचे। सिसोदिया ने कोर्ट के निर्देशानुसार मीडिया से बात नहीं की और सीधे आवास के अंदर चले गए। लेकिन, सीमा सिसोदिया को उनके पति मनीष सिसोदिया के आने से पहले ही अस्पताल ले जाया जा चुका था। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में अपने वकील के माध्यम से जमानत के लिए आधार के रूप में अपनी पत्नी की चिकित्सा स्थिति का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत याचिका दायर की थी।




## सीरीज 'सिटाडेल' के आखिरी शेड्यूल के लिए तैयार वरुण धवन




**बॉलीवुड** अभिनेता वरुण धवन सीरीज 'सिटाडेल' के आगामी भारतीय रूपांतरण के आखिरी शेड्यूल के लिए तैयार हैं। वरुण ने इंस्टाग्राम पर एयरपोर्ट से एक तस्वीर साझा की। वह हैट के साथ हल्के भूरे रंग की टी-शर्ट पहने नजर आ रहे हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखाः लास्ट शेड्यूल स्पाईवर्स। यह स्पष्ट नहीं है कि अभिनेता शूटिंग के लिए कहां जा रहे हैं। हालांकि, खबरों की माने तो 'भेड़िया' स्टार सर्बिया की यात्रा पर हैं। सीरीज में सामंथा रुथ प्रभु भी हैं। 'द फैमिली मैन' के निमार्ता राज और डीके द्वारा निर्देशित, 'सिटाडेल' उसी नाम की बड़ी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का भारतीय रूपांतरण है, जिसे मूल रूप से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाया गया है। सीरीज के वैश्विक संस्करण में प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन हैं।

## कंगना रनौत ने एयरपोर्ट लुक्स को कहा 'बाय बाय'



**अभिनेत्री** कंगना रनौत ने एयरपोर्ट लुक्स को अलविदा कह दिया है। कंगना ने एयरपोर्ट लुक्स की अवधारणा को लोकप्रिय बनाने की भी जिम्मेदारी ली। कंगना ने इंस्टाग्राम पर भारत में एयरपोर्ट लुक्स का चलन शुरू करने की जिम्मेदारी ली और अपने कई पुराने फोटो शेयर किए। जिसके कैप्शन में कंगना ने लिखा, मैंने ही इस बेवकूफ एयरपोर्ट लुक्स की शुरूआत की थी और उन्होंने इसके लिए खुद को दोषी ठहराया। उन्होंने फिर खुद को पूंजीवाद का शिकार के रूप में टैग किया। अभिनेत्री ने कहा कि पत्रिका के संपादकों और फैशन इंडस्ट्री के माध्यम से एक पश्चिमी महिला दिखने के लिए ब्रेनवाश किया गया ताकि मैं केवल अंतरराष्ट्रीय डिजाइनरों की जेब भर सकूं।

# टीसीएस अपने कमिटमेंट की बदौलत डिजिटल एग्जाम लेने में रहा है अग्रणी : गोपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में पीजीडीएम (जीएम) की ओर से सीएक्सओ सेशन का आयोजन किया गया। इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज आयोन के मार्केट फंक्शन एंड प्रोडक्ट हेड गोपाल कृष्णा उपस्थित थे। गोपाल कृष्णा ने एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम ) के विद्यार्थियों को शनिवार को संबोधित करते हुए किसी भी कंपनी के कर्मचारियों में लीडरशिप की क्वालिटी व अन्य जरूरी गुणों के बारे में जानकारी दी। कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। इस बदलती दुनिया में किसी भी कंपनी के कर्मचारियों के साथ ही उसके पदाधिकारियों में यह गुण होना जरूरी है कि वे सकारात्मक बदलाव को स्वीकार करें। कृष्णा ने इसे लेकर अपने करियर के कई उदाहरण दिये। पर्सनल व प्रोफेशनल लाइफ को घालमेल नहीं करने की बात कही। कहा कि वैश्विक महामारी कोविड के बाद से कई सेक्टर में तेजी से बदलाव हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हमारी निर्भरता बढ़ी है। इस दिशा में उन्होंने टीसीएस आयोन द्वारा लगातार किये जाने वाले प्रयासों की जानकारी दी। कहा कि आज अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के साथ ही प्रवेश परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में होने लगी है। इस दिशा में टीसीएस आयोन ने उपभोक्ता के प्रति अपने कमिटमेंट के कारण सबसे अव्वल है।उन्होंने रणनीति बनाने के साथ ही उसे समय-समय पर बदलाव करने से संबंधित बातें भी कही। इस दौरान एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों ने उनसे कई सवाल किए, जिसका उन्होंने जवाब दिया।

## ट्रेन हादसे के दोषी अधिकारियों पर केंद्र करे कार्रवाई : राजेश



**रांची।** ओडिशा में बालासोर में तीन ट्रेनों की भीषण टक्कर में यात्रियों की मौत पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है। साथ ही मृतकों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि रेल हादसे में जो भी यात्रियों की मृत्यु हुई है उनके परिवार के साथ पूरा कांग्रेस परिवार संवेदना व्यक्त करता है एवं इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटना न घटे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार इस घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करे और इस घटना की जिम्मेवारी रेल मंत्री स्वयं लें।

# हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह दिल्ली रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह विदेश में आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रांची से शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली से आज रात स्वीट्जरलैंड जायेंगे, जहां वे विश्व हॉकी महासंघ के बैठक में भाग लेंगे। पांच और छह जून दो दिनों तक आयोजित इस बैठक में भाग लेने के साथ ही वह स्वीट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाच से भी मिलेंगे और भारत में हॉकी के विकास पर चर्चा करेंगे। वे स्वीट्जरलैंड से छह मई को जापान जायेंगे और वहां महिला हॉकी जूनियर एशिया कप के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में शामिल भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की भी तीन खिलाड़ी दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भोलानाथ सिंह हॉकी झारखंड के भी अध्यक्ष हैं।

## आरयू कुलपति को विभावी वीसी का प्रभार लेने पर बधाई

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावी), हजारीबाग के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार शुक्रवार को ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण कर लौटने पर शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों व कर्मियों ने उनका स्वागत किया। कुलपति को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी गई। कुलपति ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के साथ ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय का प्रभार भी एक जिम्मेदारी भरा काम है। कृतसंकल्प हूं कि वहां अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को ऊंचाई पर ले जाऊंगा। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में शोध, खेल और नई शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू बनाना पहला लक्ष्य है। सभी कालेजों में शिक्षकों का अनुपात छात्रों की संख्या के अनुसार बनाया जाएगा। इसके लिए राजभवन के दिशानिर्देश पर कार्य करेंगे। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार देवाशीष गोस्?वामी, डीएसडब?ल?यू डॉ सुदेश कुमार साहू, सीसीडीसी डॉ पीके झा, रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री अर्जुन राम, नवीन चंचल सहित अन्य मौजूद थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल चलाना जरूरी : डॉ. ब्रजेश कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व साइकिल दिवस पर शनिवार को साइकिल रैली निकाली। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के लिए साइकिल चलाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि 30 मिनट साइकिल रोज फिट रहने के लिए चलाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रतिदिन साइकिल चलाने की शपथ भी दिलाई। आज की साइकिल रैली आरयूके बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से प्रारंभ होकर, सिदो कान्हो पार्क, प्रेमसंस मोटर्स मोड, कांके रोड में स्थित कृषि निदेशालय, रिलायंस मार्ट, सीएमपीडीआई, गांधी नगर, चांदनी चौक होते हुए पुनः बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में समाप्त हो गई। रैली में शामिल एनएसएस के स्वयंसेवक साइकिल चलाएंगे, पर्यावरण को बचाएंगे, नियमित साइकिल चलाएंगे, हमेशा स्वस्थ रहें, धुंआ रहित सवारी, साइकिल सवारी आदि का नारा लगा रहे थे। रैली में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, जय प्रकाश रजक, दिवाकर आनंद, दीपक साहू, आस्था दीप, सुरभि कुमारी, अजहर, फलक फातिमा, खुशी, नैंसी, आरव, प्रेरणा, शिवम, अनुभा, गुड्डी, सोनम सहित रांची विश्वविद्यालय के 14 महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय विभागों के कुल 122 एनएसएस स्वयंसेवक शामिल हुए थे।

## प्रदेश महिला कांग्रेस ने पहलवान बेटियों के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा

**रांची ।** देश की पहलवान बेटियों के आंदोलन को लेकर प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा प्रेस वार्ता कर केंद्र के मोदी सरकार पर सवालिया निशान खड़ा किया गया । महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीतू देवी ने कहा कि बहुत ही दुख की बात है कि जो महिला पहलवान देश के लिए मेडल लाकर देश का नाम रोशन करती हैं वहीं महिला पहलवान आज सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रही हैं लेकिन मोदी सरकार आरोपी बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। यह बहुत ही दुख की बात है। इस तरह का मामला देश के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही शर्म की बात है। अगर इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो इस तरह के लोगों का मनोबल और बढ़ता जायेगा। केंद्र सरकार जल्द इस पर कार्रवाई नहीं करती है तो तमाम जिलों में महिला कांग्रेस के द्वारा धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत जागरूकता रथ रवाना किया। समाहरणालय परिसर से उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बिजली वितरण निगम की ओर से एक महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि सभी 5 किलो वाट तक इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को वन टाइम सेटेलमेंट के तहत डीले पेमेंट में लाभ दिया जा रहा है। साथ ही ब्याज माफ किया जा रहा है। 30 जून तक यह प्रक्रिया चलेगी। साथ ही पांच किस्तों में बकाया बिल को जमा करने का अवसर भी दिया जा रहा है। इसी को लेकर जागरूकता रथ रवाना किया गया है, जो जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जाकर लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को अवेयर करेगी। उल्लेखनीय है कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली लोड पांच किलो वाट तक का है, जिनका 31 दिसम्बर 2022 तक जो भी बिजली बिल बकाया है। उनका बिल का ब्याज की राशि माफ कर बकाया के भुगतान के लिए पांच किस्त में उपभोक्ता पैसे जमा कर पाएंगे। इस योजना का लाभ 30 जून तक उठाया जा सकता है।

# रांची-हटिया से चलने वाली कई ट्रेनों के रूट में बदलाव, हेल्पलाइन नंबर जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शालीमार चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस की दुर्घटना के कारण रांची-हटिया से चलने वाली कई ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। रांची रेल मंडल ने इस संबंध में शनिवार को सूचना जारी की है। बताया गया है कि खड़गपुर-भद्रक रेलखंड के अंतर्गत ट्रेन संख्या 12841 शालीमार-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस के दुर्घटना के कारण रेलवे बोर्ड ने कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव का निर्णय लिया है। इसमें ट्रेन संख्या 12876 आनंदविहार-पूरी एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग राजाबेड़ा, बोकारो स्टील सिटी, मूरी, चांडिल, सिनी, डांगोवापोसी, जरोली, नयागड़, जखपुरा होकर चलेगी। इसके साथ रेलवे ने अलग-अलग स्टेशनों के लिए हेल्पलाईन नंबर भी जारी किया है। इसमें रांची स्टेशन के लिए 0651 2787260, 0651 2787070 और 9835921950 जारी किया है। हटिया रेलवे स्टेशन के लिए 0651 2600091 0651 2788888 और 9431351063 है।

# झारखंड पुलिस संगठन का महाधिवेशन 15 जून से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आगामी 15 जून से तीन दिवसीय झारखंड पुलिस संगठन का महाधिवेशन प्रस्तावित है। इस महाधिवेशन की विस्तृत जानकारी राजधानी रांची के पुलिस मेंस एसोसिएशन के कार्यालय में दी गई। इस प्रेस वार्ता में पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से संबोधित किया गया। पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि रिम्स के ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय झारखंड पुलिस संगठन का 103 वा स्थापना दिवस मनाया जाना है । इसके साथ सप्तम महाधिवेशन का भी आयोजन होगा जिसमें पुलिस के आला अधिकारियों के साथ पदाधिकारी न भी शामिल होंगे । इस कार्यक्रम के लिए राज्य के मुखिया को भी आमंत्रित किया गया है क्योंकि उनके पहल पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के कई लंबित मांगों को पूरी की गई है । आगामी 15 जून को प्रथम सत्र में सप्तम महा अधिवेशन का शुभारंभ होगा । द्वितीय सत्र में चिंतन एवं मार्गदर्शन सत्र आयोजित होगा , तृतीय सत्र में आमसभा वही 16 जून को सुबह 8:00 बजे मतदान का कार्यक्रम होगा जो शाम तक चलेगा और 17 जून को नए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अजीत सिन्हा ने विनोबा भावे विवि के कुलपति का पदभार संभाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने शनिवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार ग्रहण किया। अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लौटने पर रांची विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी और स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि राजभवन ने हाल ही में डॉ. सिन्हा को रांची विश्वविद्यालय के साथ ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का भी प्रभार सौंपा है। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आरयू के साथ ही विनोबा भावे विश्वविद्यालय का प्रभार भी एक जिम्मेदारी भरा काम है। उन्होंने कहा कि वहां अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को ऊंचाई पर ले जाउंगा। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में शोध, खेल और नयी शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू बनाना मेरा पहला लक्ष्य है। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी जिलों के कॉलेजों में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर हम विशेष ध्यान देंगे। साथ ही सभी कालेजों में शिक्षकों का अनुपात छात्रों की संख्या के अनुसार बनाया जायेगा। इसके लिए हम राजभवन के निर्देश में समुचित कार्य करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव आरयू डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, डॉ. देवाशीष गोस्वामी, डॉ. पी.के.झा, डॉ. सुदेश साहु, डॉ स्मृति सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कार्रवाई**

## जमीन घोटाले में चार्जशीट दायर करने की तैयारी में ईडी

# राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप पर भी केस दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में हुए जमीन घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दायर करेगी, जून महीने के दूसरे सप्ताह में ही जमीन घोटाले मामले में ईडी की तरफ से चार्जशीट दायर कर दी जाएगी, इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कागजी कार्रवाई पूरीः रांची में सेना के जमीन घोटाले में ईडी जून के दूसरे सप्ताह तक चार्जशीट दायर करेगी। ईडी की चार्जशीट में जमीन के कागजातों में हेरफेर के आरोपी अफसर अली, इम्तियाज, तलहा खान, भानू प्रसाद समेत सभी सात आरोपियों के नाम शामिल होंगे, जिन्हें ईडी ने 13 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। इसी केस में ईडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन पर भी चार्जशीट दायर करेगी। अमित अग्रवाल की कंपनी के लिए सेना की जमीन पर हुआ कब्जाः ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि बरियातू स्थित सेना की 4.55 एकड़ जमीन बीएम लक्ष्मण राव के नाम पर थी, राव ने यह जमीन सेना को 417 रुपये मासिक किराए पर स्वतंत्रता के ठीक बाद दे दी थी। लेकिन जालसाजों के गिरोह ने प्रदीप बागची के दादा प्रफुल्ल बागची के नाम पर फर्जी कागजात बनाए, इसके बाद जमीन को अमित अग्रवाल की कंपनी जगतबंधु टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया। ईडी ने जब कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस और बड़गाईं अंचल में सर्वे किया तब यह बात सामने आयी कि वहां ओरिजनल रजिस्टर को फाड़ दिया गया था। वहीं, नए पेपर ओवरराइटिंग कर लगा दिए गए थे। एफएसएल गांधीनगर से रजिस्टर की जांच हुई तो टेंपरिंग और पेपर फाड़े जाने, ओवरराइटिंग की पुष्टि हुई। अमित अग्रवाल की कंपनी को सरकारी दर 20 करोड़ से कम महज सात करोड़ में रजिस्ट्री की गई, लेकिन भुगतान महज 25 लाख ही प्रदीप बागची के खाते में दिखा। इसके बाद ईडी ने अपनी कार्रवाई शुरू की और ताबड़तोड़ छापेमारी की जिसमें जमीन घोटाले से जुड़े कुल 8 लोग गिरफ्तार किए गए जिनमें आईएएस अधिकारी रवि रंजन भी शामिल हैं। सदर थाने में भानु के खिलाफ मामला दर्जः दूसरी तरफ ईडी के द्वारा गिरफ्तार किए गए राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप पर रांची के सदर थाने में भी प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में आरोपी राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद पर नए सिरे से रांची पुलिस ने केस दर्ज किया है। 13 अप्रैल को ईडी की टीम ने जब भानू के निजी आवास पर छापेमारी की थी, तब भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज बरामद किए गए थे।
इस मामले में बड़गाईं सीओ मनोज कुमार के बयान पर भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ केस संख्या 272/23 दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक, भानू के आवास से 11 ट्रंक डीड पाए गए थे, ये सारे डीड भी कार्यालय के थे। सीओ मनोज कुमार ने इस मामले में सदर पुलिस को दिए आवेदन में संगत धाराओं के तहत केस दर्ज करने का आग्रह किया था। सदर थाने में दर्ज केस में भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ धारा 465, 467, 466, 469, 420, 379, 474 आईपीसी के तहत आरोपी बनाया गया है। केस का अनुसंधान एसआई संजय कुमार करेंगे।

## किसानों को दिया गया ऑयस्टर मशरूम के उत्पादन का प्रशिक्षण

**रांची।** कर्रा किसान पाठशाला में किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। ऑयस्टर मशरूम की खेती को लेकर 112 किसानों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। इन किसानों को ऑयस्टर मशरूम के बैग भी उपलब्ध कराए गए। जिला प्रशासन के मुताबिक प्रशिक्षण में कर्रा के कुदा, हसबेड़ा और कोशांबी गांव के किसान शामिल हुए। इसके साथ शनिवार से ऑयस्टर मशरूम की खेती पर किसान पाठशाला पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण के पहले दिन मशरूम की खेती का 20 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें मधुगामा और लोयंकेल के किसान शामिल हुए। गया है। इस दौरान किसानों को कृषि गतिविधियों से जुड़ने के संबंध में जानकारी दी। किसान पाठशाला के भ्रमण के दौरान विभिन्न तकनीकों और आधुनिक खेती की जानकारी दी गई। बताया गया कि इसमें हॉर्टिकल्चर (उद्यान कृषि), फ्लोरीकल्चर (फूलों की बागवानी), मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि और सिंचाई गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को मोरहाबादी की बापू कुटिया से वन भवन सभागार तक वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली के माध्यम से विभाग ने पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया। यह साइकिल रैली एल ख्यांगते, अपर मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार एवं डॉ० संजय श्रीवास्तव, भा०व०से० प्रधान मुख्य वन एवं वन बल प्रमुख झारखण्ड के नेतृत्व में मोरहाबादी मैदान के बापू की कुटिया से लगभग 12 कि०मी० की दूरी तय की। साइकिल रैली रातू रोड, हरमू रोड, बिरसा चौक होते हुए वन भवन परिसर, स्थित सभागार तक गई। इस साइकिल रैली में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थानों के सदस्य, कॉरपोरेट कंपनियों के प्रतिनिधि, वन विभाग के पदाधिकारी/कर्मचारी पुलिस तथा अर्धसैनिक बल के पदाधिकारी एवं जवान के साथ करीब 1500 की संख्या में पुरुष स्त्री विद्यार्थी आदि शामिल हुए। इस रैली की समाप्ति पर पलाश सभागार में प्रतिभागियों को डॉक्टर संजय श्रीवास्तव, भारतीय वन सेवा के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, झारखण्ड के द्वारा एक-एक पौधा उपहार रूप प्रदान किया गया।

## महिला जूनियर हॉकी एशिया कप 2023

# भारत ने उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने जापान में चल रहे महिला जूनियर एशिया कप 2023 में अपने अभियान की जोरदार शुरूआत करते हुए शनिवार को पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 22-0 से हरा दिया। भारत के लिए वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (3, 56), मुमताज खान (6, 44, 47, 60) अनु (13, 29, 30, 38, 43, 51) सुनलिता टोप्पो (17, 17) मंजू चौरसिया (26) दीपिका सोरेंग (18, 25) दीपिका (32, 44, 46, 57)और नीलम (47) ने गोल किये।



भारत ने मैच में आक्रामक शुरूआत की, जिसके कारण भारतीय टीम मैच में शुरूआती बढ़त लेने में सफल रही। वैष्णवी विठ्ठल फाल्के मैच के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को 1.0 की बढ़त दिला दी, जबकि मुमताज खान ने तीन मिनट बाद ही छठें मिनट में मैदानी गोल करके भारतीय टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। मैच के 13वें मिनट में अन्नू ने भारत के लिए एक और गोल किया। पहले क्वार्टर में भारतीय टीम 3.0 से आगे रही। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का दबदबा रहा। दूसरे क्वार्टर में भारत के लिए सुनलिता टोप्पो (17, 17) मंजू चौरसिया (26) दीपिका सोरेंग (18, 25) और अनु (29,30) गोल कर भारत की बढ़त 10.0 कर दी। पहले हॉफ की समाप्ती पर भारतीय टीम 10.0 से आगे रही। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में भी आक्रामक रूख अपनाया और दीपिका (32) अनु (38, 43) मुमताज खान (44) और दीपिका (44) के गोल की बदौलत तीसरे क्वार्टर की समाप्ती पर भारत को 15.0 से आगे कर दिया।

चौथे क्वार्टर में दीपिका (46) मुमताज खान (47, 60) नीलम (47, अन्नू), 51) वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (56) और दीपिका (57)की गोल की बदौलत भारतीय टीम ने 22-0 की बढ़त हासिल की और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अगला पूल मैच 5 जून को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी।

# वर्ल्ड साइकिल डे पर सौ किलोमीटर लंबी साइकिल रैली निकाल दिया गया संदेश

**एजेंसी। बीकानेर**

वर्ल्ड साइकिल डे के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साइकिल धावकों ने लगभग 100 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली निकालकर युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का संदेश दिया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित मैराथन महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के सामने स्थित गुरुदेव साइकिलिंग सेंटर से प्रारंभ हुई। लगभग 70 साइकिल धावकों में टेचरी फांटा तक रैली निकालकर आमजन से मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने का आह्वान किया।



जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी नित्या केण ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 17 प्लस आयु वर्ग का कोई भी युवा प्री-रजिस्ट्रेशन तथा 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति मतदाता सूची में पंजीकरण से वंचित नहीं रहेए इसके मद्देनजर यह अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण दिवसए डॉक्टर डे तथा योगा दिवस के अवसर भी मतदाता जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्वीप प्रकोष्ठ के सह प्रभारी हरि शंकर आचार्य ने वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में बताया और कहा कि युवाए जागरूकता की इस मुहिम में सकारात्मक योगदान दें, जिससे लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इससे पहले नित्या केण ने साइकिल धावकों का परिचय लिया और इनकी उपलब्धि की सराहना की। एकेडमी प्रभारी किशन कुमार पुरोहित ने संस्था की गतिविधियों के बारे में बताया। इस दौरान मानव सारड़ा, श्रीराम, भागीरथ, गणेश बेनीवाल, राधाकिसन, कुशाल, कविता सियाग, पूजा, तरुणा, सुमन, निकिता, रजनी, बसन्ती, परमेश्वरी, कोच श्रवण डूडी, शिवरतन, दिलीप कस्वा तथा स्वीप प्रकोष्ठ के पवन कुमार खत्री मौजूद रहे।

## नडाल ने बार्सिलोना में कराई कूल्हे की सर्जरी : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्पेन के राफेल नडाल की शुक्रवार रात बार्सिलोना में बाएं कूल्हे की आथ्रेस्कोपिक सर्जरी की गई। खबरों के मुताबिक, नडाल के प्रवक्ता बेनिटो पेरेज-बारबाडिलो ने कहा कि तीन डॉक्टर इलाज में लगे हुए थे, जो बार्सिलोना में हो रहा था। पेरेज-बारबाडिलो ने कहा कि उन्होंने नडाल के 37वें जन्मदिन शनिवार को ऑपरेशन के बारे में विवरण साझा करने के लिए तैयार रहने की योजना बनाई है। स्पैनियार्ड ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे दौर में हार में अपने कूल्हे को चोटिल करने के कारण जनवरी से बाहर है। वह 2004 के बाद पहली बार चल रहे फ्रेंच ओपन से चूक गए, जिसे उन्होंने 14 बार जीता है।

# बेन डकेट ने लॉड्र्स पर सर डॉन ब्रैडमैन के 93 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को लॉड्र्स में सबसे तेज 150 रन बनाने के सर डॉन ब्रैडमैन के 93 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। हालांकि डकेट (182) केवल 18 रन से दोहरे शतक से चूक गए। डकेट, घर पर अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे थे, उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 178 गेंदों पर 182 रनों की पारी खेली,जबकि ओली पोप ने 208 गेंदों में 205 रनों की शानदार दोहरी शतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 82.4 ओवरों में 524/4 पर घोषित कर दी और 352 रनों की बढ़त हासिल की। आयरलैंड ने अपनी पहली पारी में 172 रन बनाए थे। डकेट ने लॉड्र्स में टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन बनाने का ब्रैडमैन का रिकॉर्ड तोड़ा, उन्होंने केवल 150 गेंदों पर 150 रन बनाए। ब्रैडमैन ने इससे पहले 1930 में लॉड्र्स में इंग्लैंड के खिलाफ 166 गेंदों में 150 रनों की पारी खेलकर रिकॉर्ड बनाया था। इंग्लैंड के लिए, केविन पीटरसन ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 176 गेंदों पर 150 रन बनाया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज डकेट ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज करते हुए लॉड्र्स टेस्ट में लंच से पहले 100 रन बनाने वाले 1924 के बाद पहले बल्लेबाज बने।



दूसरे दिन की समाप्ति के बाद, डकेट ने स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से कहा, लॉड्र्स में शतक विशेष है। मुझे पता है कि हर कोई लाड्र्स में शतक लगाना चाहता है, यह वास्तव में शानदार है। ओली पोप के साथ बल्लेबाजी करना आसान था, दूसरे छोर पर उन्हें खेलते देखना वास्तव में सुखद था। उन्होंने आगे कहा कि इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन में जगह के लिए चुनौती काफी है और इसके लिए उन्होने काफी संघर्ष किया है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बहुत ही कठिन यात्रा रही है। मैंने केवल विदेश में टेस्ट खेला है, इसलिए यहां क्षेत्ररक्षण करना, माहौल को भांपना और फिर शतक बनाना, एक सपने के जैसा है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं इसे हासिल करने में कामयाब रहा।₹ मैच की बात करें तो इस मैच में आयरलैंड की टीम अपनी पहली पारी में केवल 172 रनों पर सिमट गई। जवाब में इंग्लैंड ने डकेट (182) के शतक और पोप (205) के दोहरे शतक की बदौलत अपनी पहली पारी 82.4 ओवरों में 524/4 पर घोषित कर दी और 352 रनों की बढ़त हासिल की।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई के लिए दो महीने शेष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। बहुप्रतीक्षित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए उलटी गिनती शुरू होते ही उत्साह बढ़ रहा है। टूर्नामेंट के शुरू होने में केवल दो महीने बाकी हैं। एशिया भर के हॉकी के प्रति उत्साही दर्शक इस टूर्नामेंट के आकर्षक मैच, शानदार गोल और जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जो यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट देने का वादा करता है।



विशेष रूप से, यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का सातवां संस्करण होगा और यह 3 अगस्त से 12 अगस्तए 2023 तक चेन्नई, तमिलनाडु में होने वाला है। जिसने आखिरी बार 2007 में एक अंतरराष्ट्रीय हॉकी कार्यक्रम की मेजबानी की थी।

साथ ही, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 भाग लेने वाली टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इससे उन्हें सितंबर में हांगझाऊ एशियाई खेलों की तैयारी में मदद मिलेगी, जहां टीमें स्वर्ण पदक जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी। इस बीच, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने महत्वपूर्ण टूर्नामेंट की तैयारी और उम्मीदों को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

हरमनप्रीत ने कहा, चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए केवल दो महीने बचे हैं और हम अपने देश के लिए प्रदर्शन करने को उत्सुक हैं। हम इस टूर्नामेंट के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं क्योंकि हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश को गौरवान्वित करना है। साथ ही, टीम चेन्नई में खेलने के लिए उत्साहित है क्योंकि हम में से कई के लिए, यह पहली बार होगा जब हम वहां खेलेंगे। भारतीय टीम आखिरी बार 2007 में चेन्नई में खेली थी जब भारत ने एशिया कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया थाए इसलिए, हमें उम्मीद है कि हम चेन्नई में फिर से विजयी हों।

इसके अलावा, टूर्नामेंट टीम के लिए अत्यधिक महत्व रखता है और हमें अपनी प्रगति का आकलन करने और दुर्जेय विरोधियों के खिलाफ अपनी ताकत का परीक्षण करने का अवसर प्रदान करेगा जो एशियाई खेलों से पहले हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा जहां हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है और सीधे पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। हालांकिए वर्तमान में टीम का ध्यान मौजूदा प्रो लीग पर है जहां हम कुछ विश्व स्तरीय टीमों के खिलाफ खेल रहे हैं। इसलिएए यह निश्चित रूप से एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार करने में हमारी मदद करेगा जो विभिन्न संयोजनों का परीक्षण करने और एशियाई खेलों से पहले हमारे एशियाई समकक्षों की विभिन्न खेल शैलियों को जांचने के लिए अच्छा मंच है।

# सिडनी के घरेलू मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहते हैं वॉर्नर

**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के दौरान अपने घरेलू मैदान सिडनी में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 2024 टी20 विश्व कप खेलना चाहते हैं, जो वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना निर्धारित है। हालांकि वॉर्नर के हालिया फॉर्म को देखते हुए पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनका खेलना तय नहीं है।



वार्नर ने कहा, मैं हमेशा से कहते आ रहा हूं कि 2024 टी20 विश्व कप मेरा अंतिम टूर्नामेंट होगा। अगर मैं यहां (डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज) पर रन बनाता हूं तो मैं ऑस्ट्रेलिया में अपना अंतिम टेस्ट खेलना चाहूंगा। मैं वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में निश्चित रूप से नहीं खेलूंगा, लेकिन मैं पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहूंगा। वॉर्नर ने पिछले साल मेलबर्न में बॉक्सिंग डे के दिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट खेला था और दोहरा शतक लगाया था। इस साल मार्च में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा था कि दोहरे शतक के बाद ही वॉर्नर को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेना चाहिए था क्योंकि वह उचित समय था।

यह जनवरी 2020 के बाद उनका पहला शतक था। 2022 से वॉर्नर ने 24 टेस्ट पारियों में सिर्फ दो अर्धशतक और एक शतक लगाया है, जबकि उनकी औसत सिर्फ 26 की है। वॉर्नर ने कहा, मैं अपने हर मैच को आखिरी ही समझकर खेलता हूं। यही मेरा क्रिकेट खेलने का अंदाज है। मुझे टीम का हिस्सा बनना अच्छा लगता है और मैं उसके लिए कड़ी मेहनत करता हूं।

वार्नर ने कहा कि उनका हाथ उसी बाईं कोहनी पर अभ्यास नेट में गेंद लगने के बाद ठीक महसूस कर रहा है जिससे उनका भारत दौरा जल्दी समाप्त हो गया था।

उन्होंने कहा, यह दर्दनाक था, गेंद मुझे उसी बिंदु पर लगी, लेकिन एक अलग कोण से। यह सुन्न हो गया और मुझे इसे बांधना पड़ा, लेकिन यह अब ठीक है - थोड़ा सा दर्द, लेकिन भाग्यशाली हूं कि गेंद थोड़ा ऊपर नहीं लगी।

# अल्कराज ने शापोवालोव को हरा कर चौथे दौर में प्रवेश किया

**एजेंसी। पेरिस**

दुनिया के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज फ्रेंच ओपन में टॉप स्पीड में चल रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार शाम 26वीं वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-1, 6-4, 6-2 से हरा कर चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। क्ले कोर्ट पर अल्कराज की यह सीजन की 23वीं जीत (सिर्फ दो हार) है। चौथे दौर में वो इटली के लोरेंजो मुसेटी से भिड़ेंगे। दोनों में अब तक एक ही भिड़त हुई है, जिसमें मुसेटी ने जीत दर्ज की। अलकराज ने पहले सेट में महज 19 मिनट में 4-0 की बढ़त बना ली। शापोवालोव सिर्फ एक गेम जीत पाए। अल्कराज ने पहला सेट 37 मिनट में 6-1 से जीता। हालांकि दूसरे सेट में शापोवालोव ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और 4-1 की बढ़त बना ली। लेकिन ये लीड थोड़ी देर के लिए ही थी। अल्कराज ने 16-शॉट रैली से ब्रेक प्वांट अर्जित किया। फिर अल्कराज अपने फॉर्म में आ गए और दूसरा सेट 6-4 से जीत लिया। शापोवालोव ने टॉयलेट ब्रेक लिया, लेकिन अल्कराज ने तीसरे सेट में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली और तीसरा गेम 6-2 से जीत लिया। दो घंटे, 10 मिनट के इस मैच में शापोवालोव ने 39 गलतियां कीं। शापोवालोव ने अपनी सर्विस के साथ भी संघर्ष किया। सिर्फ 56 प्रतिशत पहला सर्व सही रहा और उनमें से केवल 51 प्रतिशत जीते। अल्कराज, हमेशा की तरह, शानदार थे, उन्होंने 25 विनर मारे, 14 ड्रॉप शॉट मारे।



## तीरंदाजी में 2 स्वर्ण जीतने वाली प्रगति ने कहा-

# केआईयूजी2022 ने मुस्कुराने की दी वजह

**एजेंसी। लखनऊ**

गुरु काशी यूनिवर्सिटी की तीरंदाज प्रगति ने उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित किए जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में डबल धमाल करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। प्रगति ने पहले कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में सोना जीता और फिर मिक्स्ड टीम इवेंट में भी सोना जीता। प्रगति ने कहा कि उन्होंने खुश रहने के लिए खेलों का रुख किया था और केआईयूजी2022 ने उन्हें खुलकर मुस्कुराने की वजह दे दी। बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी क्रिकेट मैदान पर आयोजित व्यक्तिगत इवेंट में प्रगति ने गोल्ड मेडल के लिए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की मुस्कान किरार को 144-143 से हराया। इसके बाद प्रगति ने मिश्रित टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मैच में सिमरनजीत सिंह के साथ गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी-अमृतसर की सोमांशी मेदतवाल और ऋतिक शर्मा 150-144 से हराया।



पंजाब स्थित गुरु काशी विश्वविद्यालय में बीए प्रोग्राम कोर्स कर रही प्रगति ने पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा लेते हुए डबल धमाल किया। प्रगति ने कहा पापा ने तो सीरियसली आर्चरी ज्वाइन कराई थी लेकिन मुझे चूंकि पढ़ाई से भागना था, लिहाजा मैंने इसमें रुचि दिखाई। पढ़ाई में मेरा मन नहीं लगता था। ऐसा नहीं था कि मैं पढ़ने में अच्छी नहीं हूं लेकिन मुझे पढ़ने की जगह खेलना था। मैं बस यही सोचा करती थी। तब मैंने पापा से कहा कि मुझे कोई स्पोर्ट्स ज्वाइन करा दो तो उन्होंने आर्चरी ज्वाइन करा दी।

प्रगति ने बताया कि उनके पिता दिल्ली के दिलशाद गार्डन में स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। परिवार में कुल चार लोग हैं। माता-पिता के अलावा एक बहन भी है। प्रगति बोलीं,-मेरे परिवार में खेलों में कोई नहीं है। नजफगढ़ के देवांश आर्चरी अकादमी में अभ्यास करती हूं। सुरेंद्र पवार और विकास मेरे कोच हैं। मेरे करियर का सबसे बड़ी पहली सफलता 2021 में थी जब मैं जूनियर नेशनल में चैंपियन बनी थी।

प्रगति ने बताया कि वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भी खेल चुकी हैं। प्रगति ने कहा,-पुणे में मैं खेली थी और चौथे रैंक पर थी। पंचकूला में भी खेली थी लेकिन उसमें परफॉर्मेंस अच्छा नहीं था। जहां तक इंटरनेशनल इवेंट्स की बात है तो मैंने वर्ल्ड कप भी खेला है।

## आईपीएल 2023 | भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर अजिंक्य रहाणे ने कहा

# सपना अभी भी भारत के लिए खेलना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पहले घरेलू क्रिकेट और उसके बाद हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) में प्रभावशाली प्रदर्शन करने के बाद, भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द ओवल में सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं।



आईपीएल 2023 में रहाणे ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए 172.49 के शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 326 रन बनाए। इस प्रक्रिया में, उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 19 गेंदों में अर्धशतक लगाकर सीएसके के किसी भी खिलाड़ी द्वारा दूसरा सबसे तेज अर्धशतक भी लगाया। लेकिन उनके टी20 फॉर्म से परे, यह संभावना है कि रहाणे का अनुभव और मौजूदा फॉर्म श्रेयस अय्यर के चोटिल होने व सूर्यकुमार यादव के विदेश में टेस्ट खेलने के कम अनुभव के कारण उन्हें भारतीय प्लेइंग इलेवन में जगह दिला सकता है। 34 वर्षीय रहाणे ने बीसीसीआई डॉट टीवी से बातचीत में कहा, ह्लआईपीएल से पहले भी, मेरा घरेलू सीजन अच्छा रहा था। बल्लेबाजी के लिहाज से मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा था। लंबे समय के बाद अब टेस्ट क्रिकेट में आ रहा हूं... सबसे पहले, 18-19 महीनों के बाद वापसी करके वास्तव में खुश हूं। यह वास्तव में मेरे लिए कुछ खास है। उन्होंने कहा, ह्लमैं सिर्फ अपनी बल्लेबाजी फॉर्म को जारी रखना चाहता हूं। मैं प्रारूपों के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहता, चाहे टी20 हो या टेस्ट क्रिकेट। जिस तरह से मैं अभी बल्लेबाजी कर रहा हूं, मैं चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहता, जितना अधिक मैं इसे सरल रखूंगा, उतना ही बेहतर होगा, इसलिए मैं इसे सरल रखना चाहता हूं और अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं।

रहाणे, जिन्होंने आखिरी बार जनवरी 2022 में एक टेस्ट खेला था, ने बीसीसीआई द्वारा टीम की घोषणा किए जाने से कुछ दिन पहले आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 29 गेंदों में नाबाद 71 रनों की मैच विनिंग पारी भी खेली थी। रहाणे ने रणजी ट्रॉफी में बल्ले से अच्छा किया, जहां उन्होंने 11 पारियों में 634 रनों के साथ सीजन समाप्त किया, जिसमें दो शतक और 57.63 की औसत थी।

उन्होंने कहा, '18-19 महीने बाद वापसी करना मेरे लिए भावनात्मक क्षण था। जब मुझे बाहर किया गया था तो मेरे परिवार का समर्थन वास्तव में महत्वपूर्ण था। सपना अभी भी भारत के लिए खेलना था। उन्होंने कहा, मैंने अपनी फिटनेस, अपनी बल्लेबाजी पर कड़ी मेहनत की और घरेलू क्रिकेट में वापस चला गया और उसके बाद मेरे खेल की योजना व बल्लेबाजी पर काम किया। मुंबई के लिए एक अच्छा घरेलू सीजन था और जब मुझे फोन आया, तो यह क्षण मेरे लिए बहुत भावुक था।

बता दें कि यह भारत का दूसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल होगा। इससे पहले भारतीय टीम को 2021 में उद्घाटन संस्करण के फाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल 7 जून से द ओवल में शुरू होगा।

